नई दिल्ली
मंगलवार, 11 जून 2024
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष,
पंचमी वर्ष : 28, अंक : 61
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 45
न्यून. 31

हरिभूमि

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

तीसरी बार भारत का प्रधानमंत्री बनने पर नरेंद्र मोदी को पाक पीएम ने दी बधाई

जवाब में 'धन्यवाद' बोले भारतीय प्रधानमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते रविवार को भारत के प्रधानमंत्री के रूप में लगातार तीसरी बार शपथ ली है। इसके ठीक अगले दिन सोमवार को उन्हें पड़ोसी पाकिस्तान की तरफ से बधाई संदेश भेजा गया है। जिसे खुद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की ओर से भेजते हुए लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने की शुभकामनाएं दी गई हैं। यह बधाई संदेश पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने संदेश सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट के जरिए दिया है। जिसका प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जवाब देते हुए धन्यवाद कहा है। यहां बता दें कि बीते चार जून को लोकसभा चुनाव-2024 की मतगणना के साथ आए परिणाम के बाद दुनिया के करीब 100 देशों के नेताओं ने नरेंद्र मोदी व उनकी अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) को मिली जीत के लिए बधाई दी है। शरीफ के अलावा पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ द्वारा भी भारतीय प्रधानमंत्री को उनके तीसरे कार्यकाल के लिए बधाई दी गई है। जिसे लेकर प्रधानमंत्री मोदी ने धन्यवाद कहा।

शपथ ग्रहण में पाक को न्योता नहीं

भारत ने राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए गए राजग सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र के कुल सात देशों (बांग्लादेश, श्रीलंका, मॉरीशस, भूटान, सेशेल्स, मालदीव, नेपाल) के राष्ट्रप्रमुखों को निमंत्रण पत्र भेजा था। लेकिन इसमें पाकिस्तान को शामिल नहीं किया गया था। इसके अलावा राजग सरकार को आम चुनावों में बहुमत मिलने के बाद पाकिस्तान के शीर्ष राजनीतिक नेतृत्व की तरफ से कोई संदेश संचार के किसी भी माध्यम पर नहीं भेजा गया था।

पुलवामा हमले के बाद बिगड़े संबंध

ज्ञात हो कि भारत और पाकिस्तान के द्विपक्षीय संबंध वर्ष 2019 में पुलवामा आतंकी हमले के बाद पटरी से उतर गए थे। जिसे पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने अंजाम दिया था। इसके जवाब में भारत ने बालाकोट एयरस्ट्राइक के जरिए पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों और उनके ठिकानों को नेस्तनाबूद ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही लिया सुबह पहला फैसला, किसानों को 'खटाखट' कर दिया खुश

पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ नए घर बनेंगे, इनमें 'एलपीजी और बिजली' कनेक्शन होंगे

पीएम मोदी ने संदेश देने की कोशिश की है कि उनकी सरकार सबसे पहले किसानों की चिंता करती है

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार 3.0 की पहली कैबिनेट बैठक के दौरान आवास योजना से जुड़ा बड़ा ऐलान किया गया है। पीएम आवास योजना के तहत तीन करोड़ घरों के निर्माण को कैबिनेट ने अपनी मंजूरी दे दी है।

योजना के तहत बने सभी घरों में एलपीजी और बिजली कनेक्शन होंगे। इन घरों का निर्माण ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में होगा। केंद्रीय मंत्रिमंडल ▶▶ शेष पेज 5 पर

बीते 10 वर्षों में 4.21 करोड़ घर बने थे

भारत सरकार ने 2015-16 से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू की है। पीएमएवाई के तहत, पिछले 10 वर्षों में आवास योजनाओं के तहत पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4.21 करोड़ घर पूरे किए गए हैं।



किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी

इससे पहले पीएम मोदी सोमवार सुबह प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंचकर अपना कार्यभार संभाला और अपना पहला आदेश जारी किया। उन्होंने जिस पहली फाइल पर साइन किया, वह किसानों को खुश करने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को सबसे पहले किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त को मंजूरी दी। इससे 9 करोड़ से अधिक किसानों को फायदा होगा और करीब 20000 करोड़ रुपए बांटे जाएंगे। किसान सम्मान निधि के तहत हर किसान को साल में तीन बार दो-दो हजार करोड़ रुपए की किस्त दी जाती है। इस फाइल पर हस्ताक्षर करने के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि हमारी सरकार किसान कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

मोदी मंत्रिमंडल 3.0 : शपथ के दूसरे दिन ही विभागों का हुआ बंटवारा, शाह-गडकरी समेत 6 वरिष्ठ मंत्रियों की जिम्मेदारी में बदलाव नहीं

शिवराज सिंह चौहान को भारी भरकम मंत्रालय दिया गया। उनको कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के साथ पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा भी दिया गया

राजनाथ, शाह, गडकरी, निर्मला, जयशंकर व वैष्णव को 'पुराने' विभाग, शिवराज को कृषि

शपथ ग्रहण के 23:30 घंटे बाद विभागों का बंटवारा हुआ। इससे पहले विभागों का बंटवारा करने में 2019 में 18 घंटे और 2014 में 15.30 घंटे लगे थे।

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के विभागों का बंटवारा सोमवार शाम 6:30 बजे किया गया। अमित शाह को फिर से गृह मंत्री, राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री, नितिन गडकरी को सड़क परिवहन मंत्री बनाया गया है। एस जयशंकर के पास विदेश मंत्रालय ही रहेगा। मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को कृषि एवं किसान कल्याण और पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा विभाग दिया गया है।

नितिन गडकरी के साथ दो राज्य मंत्री रहेंगे। अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा को सड़क मंत्री परिवहन राज्य मंत्री बनाया गया है। शपथ ग्रहण के 23:30 घंटे बाद विभागों का बंटवारा हुआ। ▶▶ शेष पेज 5 पर

1 गृह-रक्षा विदेश मंत्रालय पर भाजपा का दबदबा

अमित शाह, गृहमंत्री

राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री



नितिन गडकरी, सड़क परिवहन

जेपी नड्डा,स्वास्थ्य मंत्री

2 जेपी नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय का जिम्मा

3 अश्वनी वैष्णव को सूचना प्रसारण मंत्रालय भी

शिवराज सिंह चौहान, कृषि

निर्मला सीतारमण, वित्त मंत्री

एस जयशंकर, विदेश मंत्री

किसे क्या मिला?

नाम	मंत्रालय/विभाग
नरेंद्र मोदी	प्रधानमंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग,सभी महत्वपूर्ण नीतिगत मुद्दे, और अन्य सभी विभाग, जो किसी मंत्री को आवंटित नहीं किए गए
कैबिनेट मंत्री	
राजनाथ सिंह	रक्षा मंत्री
अमित शाह	गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री
नितिन गडकरी	सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
जेपी नड्डा	स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री तथा रसायन और उर्वरक मंत्री
शिवराज सिंह चौहान	कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री और ग्रामीण विकास मंत्री
श्रीमती निर्मला सीतारमण	वित्त और कॉर्पोरेट कार्य मंत्री
डॉ. एस. जयशंकर	विदेश मंत्री
मनोहर लाल	आवासन और शहरी कार्य मंत्री तथा ऊर्जा मंत्री
एच. डी. कुमारस्वामी	भारी उद्योग मंत्री और इस्पात मंत्री
पीयूष गोयल	वाणिज्य और उद्योग मंत्री
धर्मेंद्र प्रधान	शिक्षा मंत्री
जीतन राम मांझी	सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री
राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह	पंचायती राज तथा मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री
सर्बानंद सोनोवाल	पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्री
डॉ. वीरेंद्र कुमार	सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री
किंजरापु राममोहन नायडू	नागर विमानन मंत्री
प्रल्हाद जोशी	उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण, नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री

▶▶ शेष पेज 5 पर

मप्र के मंत्रियों को ये विभाग मिले

- *ज्योतिरादित्य सिंधिया, उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास और दूरसंचार*
- *डॉ. वीरेंद्र खटीक, राज्यमंत्री, सामाजिक न्याय*
- *डॉ. एल मुरुगन, राज्यमंत्री, सूचना एवं प्रसारण और संसदीय मामले*
- *दुर्गादास उईके, राज्यमंत्री जनजातीय मामले*
- *सावित्री ठाकुर, राज्यमंत्री, महिला एवं बाल विकास विभाग*

सिंधिया को दूरसंचार दिया, पहले उड्डयन मंत्रालय था

ज्योतिरादित्य सिंधिया को इस बार दूरसंचार मंत्रालय दिया गया है। पहले उनके पास नागरिक उड्डयन मंत्रालय था। धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्री बनाया गया है। यह उनका पुराना विभाग ही है। मनोहर लाल खट्टर को ऊर्जा, शहरी विकास मंत्रालय दिया गया है। चिराग पासवान को खेल मंत्रालय, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। अनुपूर्णा देवी महिला एवं बाल विकास मंत्रालय संभालेंगी। राम ▶▶ शेष पेज 5 पर

रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया था यह शपथ ग्रहण समारोह

समारोह में शामिल राष्ट्राध्यक्षों संग हुई जयशंकर की बैठकें

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने वाले सात पड़ोसी और हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के देशों के राष्ट्राध्यक्षों के साथ सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस.जयशंकर ने द्विपक्षीय बैठकें कीं। इसमें मालदीव के राष्ट्रपति डॉ.मोहम्मद मुइज्जू, बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना, श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे, नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल 'प्रचंड', मॉरीशस के प्रधानमंत्री प्रविंद जुगनाथ, भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग टोबगे और सेशेल्स के उप राष्ट्रपति अहमद अफीफ शामिल हुए। यह जानकारी विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया ▶▶ शेष पेज 5पर

मोदी सरकार 3.0 में जस का तस बरकरार है सीसीएस का पुराना रंगरूप...

राजनाथ, शाह, एस जयशंकर और निर्मला को फिर वही जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाली राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के तीसरे कार्यकाल में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा मामलों की समिति (सीसीएस) से जुड़े हुए चार महत्वपूर्ण मंत्रालयों (रक्षा, विदेश, गृह और वित्त) की स्थिति में कोई बदलाव नहीं आया है। इनमें काबिज भाजपा के चार वरिष्ठ मंत्रियों को लगातार दूसरी बार इन मंत्रालयों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनाथ सिंह को रक्षा, अमित शाह को गृह , निर्मला सीतारमण को वित्त और एस. जयशंकर को विदेश मंत्री बनाया गया है। हालांकि मोदी सरकार के गठन के साथ ही सीसीएस में फेरबदल की संभावना बेहद कम जताई जा रही थी। उधर, ▶▶ शेष पेज 5 पर

वैष्णो देवी, अमरनाथ जैसी पवित्र तीर्थ यात्राओं पर बढ़ा आतंकी हमले का खतरा

रियासी हमले के गुनहगारों को उन्हीं की भाषा में मिलना चाहिए करारा जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के ठीक बीच जम्मू-कश्मीर के रियासी में हुए आतंकी हमले के गुनहगारों को उन्हीं की भाषा में करारा जवाब दिया जाना चाहिए। इसके लिए भारतीय सेना सहित अन्य सुरक्षाबल देश की सीमाओं के भीतर और उसे लांघकर जवाबी कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह से सक्षम और स्वतंत्र हैं। वह इस पूरे मामले का ग्राउंड पर गहन विश्लेषण कर जवाबी कदम उठा सकते हैं। जिससे ना केवल आतंकवादियों को बल्कि उन्हें पालने-पोसने वाले पाकिस्तान की भी अक्ल ठिकाने पर आ जाएगी। लेकिन इस हमले के बाद वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा पर भी हमले का खतरा बढ़ गया है। यह जानकारी रक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों ने रियासी आतंकी हमले के बाद हरिभूमि से बातचीत में दी गई प्रतिक्रिया में दी।

रियासी आतंकवादी हमले के बाद हरिभूमि से बातचीत में दी गई प्रतिक्रिया में बोले रक्षा विशेषज्ञ

आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करेगा भारत

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी मेजर जनरल एसबीएस अस्थाना ने कहा कि मुझे इस बात को लेकर कोई शक नहीं है कि जम्मू-कश्मीर की सुरक्षा में तैनात सेना और अन्य सुरक्षाबलों को रियासी आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को जल्द मुंहतोड़ जवाब देना चाहिए। लेकिन ये भी स्पष्ट है कि यह हमला पूरी तरह से एक सुनियोजित आतंकी हमला था। जिसमें पाकिस्तान और उसकी नापाक सेना का हाथ है। आम चुनाव के बाद देश में नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में ना बुलाए जाने से आगबबूला पाकिस्तान ऐसा कायराना हमला कर अपनी और आतंकियों की मौजूदगी का अहसास कराना चाहता है। जिससे भारत पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और वो पड़ोस में मौजूद आतंकवाद का जड़ से खात्मा करने के लिए उस पर करारी चोट करता रहेगा।

2024 में हुए पांच आतंकी हमले

सूत्रों ने बताया कि वर्ष 2024 के शुरुआती छह महीनों में पांच आतंकी हमलों की घटनाएं हुई हैं। जबकि पिछले साल 2023 में यह आंकड़ा 27 था। जबकि 2022 में आतंकवादी हमले की 105 और 2021 में 120 घटनाएं हो चुकी हैं। इसी तरह से आतंकियों के खिलाफ की गई सुरक्षाबलों की कार्रवाई में 2023 में 76 आतंकी मारे गए, 2022 में 186 और 2021 में 180 आतंकियों को सैन्यबलों ने मौत के घाट उतारा।

वैष्णो देवी, अमरनाथ यात्रा पर बढ़ा खतरा

सेना के सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल संजय कुलकर्णी ने कहा कि देश के पास एक काबिल सेना और सुरक्षाबलों की ऐसी मजबूत फौज है जो किसी भी परिस्थिति का मुकाबला करने के लिए हरदम तैयार है। आमतौर पर यह देखा गया है कि जब भी हमारी तरफ से ये ऐलान किया जाता है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारा अगला कदम क्या होगा? तो उससे संबंधित घटना के कसूरवारों को संभलने का वक्त मिल जाता है। रियासी हमले से ये साफ है कि आतंकियों को स्थानीय स्तर पर भरपूर मदद मिली। उन्होंने कहा कि इस हमले के बाद अब आगामी समय में जम्मू-कश्मीर में होने वाली वैष्णो देवी और अमरनाथ यात्रा भी प्रभावित होगी यानी इन दोनों बहुप्रसिद्ध और प्रचलित यात्राओं पर भी आतंकी हमले का खतरे बढ़ गया है।

13 जुलाई को आएंगे नतीजे

7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई को होंगे उपचुनाव

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देश में 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तारीख का ऐलान कर दिया गया है। 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर 10 जुलाई के दिन मतदान होगा। वहीं 13 जुलाई के दिन नतीजे घोषित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक तमिलनाडु की 1, मध्य प्रदेश की 1, उत्तराखंड की 2, पंजाब की 1, हिमाचल की 3, बिहार की 1, बंगाल की 4 सीटों पर 10 जुलाई के दिन

वोट डाले जाएंगे। इन सीटों पर नोटिफिकेशन 14 जून को जारी होगा। उपचुनाव के नामांकन की आखिरी तारीख 21 जून निर्धारित की गई है। नामांकन की स्क्रूटनी 24 जून को होगी। वहीं नामांकन वापस लेने की आखिरी तारीख 26 जून तय है।

गर्मजोशी के साथ शेख हसीना से मिला गांधी परिवार

राहुल-प्रियंका का हाल पूछा सोनिया को लगाया गले

नई दिल्ली। कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने सोमवार को बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ नई दिल्ली में मुलाकात की। इस मुलाकात में उनके साथ रायबरेली से नवनिर्वाचित सांसद राहुल गांधी और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी भी मौजूद रहे। इस दौरान बांग्लादेश की पीएम सोनिया गांधी से गले ▶▶ शेष पेज 5 पर

तीसरी बार सत्ता में आने के बाद पीएम ने सांसदों को संबोधित किया

मोदी मंत्रिमंडल: आभामंडल सिर्फ पीएम का, टॉप फोर भाजपा से, 100 दिनों की कार्ययोजना के साथ 71 मंत्रियों को मिला 'होमवर्क'

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

मोदी सरकार के सत्ता में आते ही सबसे पहले ये फिक्स किया गया कि मीडिया को कोई भी खबर किसी भी स्तर की लीक न हो। इस बात की ताकीद खुद समय समय पर पीएम मोदी करते रहते हैं। यही वजह थी कि तीसरी बार सत्ता में आने के बाद पीएम ने सांसदों को संबोधित करते हुए मीडिया की खबरों से खबरदार करते हुए सचेत किया था। मोदी सरकार के अंदरखाने की खबरें बाहर आना एक बार फिर कठिन साबित हो रहा है। न समय से पहले सभी मंत्रियों के नाम सामने आ पाए और न ही मंत्रियों के विभागों के बंटवारे की खबर छन कर आई। मोदी मंत्रिमंडल के गठन के बाद आज सोमवार को कामकाज का पहला दिन था। पीएम मोदी ने किसानो के लिए और गरीबों के लिए योजनाओ की शुरुआत से कामकाज की शुरुआत कर साफ संकेत दे दिये। पीएमओ कर्मियों के साथ बैठक कर नरेंद्र मोदी ने सभी का नये सिरे से हौसला बढ़ाया। फिर कैबिनेट की लंबी बैठक।

यानी कामकाज का पहला दिन खुद पीएम मोदी ने बेहद बिजी रख कर सहयोगियों को मेहनत से काम करने का संकेत दिया। पीएम मोदी ने पहली कैबिनेट की बैठक अपने आवास पर बुलाई। सभी मंत्रियों के हाथों में मंत्रालय का ब्यौरा था। उसी के साथ सात पेज में सौ दिनों के कामकाज का लिखित रोड मैप सौंपा गया। तभी संबंधित मंत्रियों को पता चला कि उन्हें कौन सा मंत्रालय मिल रहा है। विस्तार से पीएम ने सभी कैबिनेट मंत्रियों को कामकाज शुरू करने का मंत्र दिया। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि किसी भी गठबंधन दल के नेताओं के बीच मंत्रालय को लेकर न तो कोई असमंजस की स्थिति थी, न ही कोई कंफ्यूजन ▶▶ शेष पेज 5 पर

अश्वनी को मिला रेल एवं सूचना प्रसारण

हरियाणा के सीएम मनोहर लाल, मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, बिहार के पूर्व सीएम जीतन राम मांझी, असम के पूर्व सीएम सर्वानंद सोनोवाल मोदी मंत्रिमंडल का हिस्सा हैं। चारों पूर्व सीएम को बेहद महत्वपूर्ण मंत्रालय का कार्यभार दिया गया है। राजग गठबंधन दल के नेताओं में से केवल जदयू की ओर से रेल मंत्रालय मांगा गया था, मगर रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव बने रहेंगे। अश्वनी वैष्णव रेल के साथ सूचना एवं प्रसारण भी संभालेंगे। इलेक्ट्रॉनिक मंत्रालय भी वैष्णव के साथ रखा गया है। जदयू के राजीव रंजन सिंह ललन को पशुपालन और मछलीपालन विभाग दिया गया है। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर से तोखन साहू को आवास राज्य मंत्री बनाया गया है।

रूम पार्टनर के ऊपर वारदात का शक, तलाश जारी

गांधी नगरः युवक की घर के अंदर हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

शाहदरा जिले के गांधी नगर इलाके में घर के अंदर एक युवक की हत्या कर दी गई। मृतक का नाम रब्बानी (25) बताया गया है। वह पेशे से दर्जी था। शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वारदात के बाद से उसका रूम पार्टनर फरार है। उस पर हत्या का शक जताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस संदिग्ध की तलाश में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक रविवार शाम लगभग साढ़े चार बजे गली नंबर सात ओल्ड सीलमपुर निवासी रमजान ने पुलिस स्टेशन पहुंच सूचना दी कि उसके रूममेट व दोस्त रब्बानी को उसके परिचित व अन्य रुममेट शाहिद ने मार दिया है। यह पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की लाश को पंचनामा कर पीएम के लिये भेजा गया। रब्बानी का गला काटा गया था। जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि रब्बानी मूलरुप से पश्चिम बंगाल का रहने वाला था। इसके कमरे में कुल सात लड़के रहते थे, जिनमें चार करीब चार दिन पहले ही कमरा छोड़कर चले गए थे। ये सभी गांधी नगर मार्किट में टेलर और हेल्पर के तौर पर काम करते हैं। घटनास्थल पर क्राइम और एफएसएल की टीम को भी बुलाकर जांच करवाई गई। पुलिस को इस केस में अब संदिग्ध आरोपी शाहिद की तलाश है। पुलिस को यह भी पता चला कि रब्बानी का करीब एक सप्ताह पहले रुम को छोड़कर जा चुके युवकों से झगड़ा भी हुआ था। घर के अंदर सारा सामान जस का तस मिला है, इसलिए पुलिस को वारदात के पीछे रंजिश का शक है।

पत्नी को भगाने वाले की हत्या के लिए बनाया था काना गैंग, दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

पत्नी की बेवफाई से आहत एक आपराधिक प्रवृत्ति के शख्स ने अपना गैंग खड़ा कर लिया। वह पत्नी के प्रेमी जोकि बिश्नोई गैंग का बदमाश था कि हत्या करना चाहता था। आजकल वह पत्नी को सबक सिखाने के इरादे से उसके प्रेमी की हत्या की प्लानिंग कर रहा था। क्राइम ब्रांच की पकड़ में आये बदमाश का नाम आकाश उर्फ काना है।

डीसीपी राकेश पावरिया के अनुसार एसीपी नरेश सोलंकी व इंस्पेक्टर विजय पाल दहिया की टीम ने आरोपी को जैतपुर, कालंदीकुंज रोड से पकड़ा। उस वक्त वह चोरी की बाइक से किसी वारदात को अंजाम देने के लिए जा रहा था। इसके पास से एक पिस्टल, पांच कारतूस बरामद हुये। बाइक अमर कॉलोनी इलाके से चुरायी गई थी। आरोपी ने पूछताछ में बताया कि वह एक केस में जेल गया था। वापस आया तो पता चला कि पत्नी लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़े शाहरुख के गुर्गे रंजन के साथ रह रही है। इस बात से वह काफी आहत था। इसके बाद उसने काना गिरोह का गठन किया। पिछले साल 31 अगस्त की देर रात उसने रंजन के घर के दरवाजे पर पेट्रोल डाल आग लगा दी थी। घर में मौजूद रंजन घटना में गंभीर रुप से घायल हो गया था। पुलिस ने मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा दर्ज किया था। जांच के दौरान पता चला मुख्य आरोपी आकाश एक गिरोह बना लूटपाट और जबरन वसूली करता है। आरोपी आकाश कई मामलों में शामिल रहा है, जिसमें सरिता विहार में डकैती-हत्या का मामला भी शामिल है।

वेलकमः डीडीए फ्लैट में आग लगने से महिला का दम घुटा, मौत

नई दिल्ली। दिल्ली के वेलकम इलाके में दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के फ्लैट में सोमवार को आग लगने से 40 वर्षीय महिला की दम घुटने से मौत हो गई। यह जानकारी अग्निशमन विभाग के अधिकारियों ने दी। दिल्ली अग्निशमन सेवा के प्रमुख अतुल गर्ग ने बताया कि हमें अपराह्न 3.15 बजे दो मंजिला एक मकान में आग लगने की सूचना मिली। दो दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, जिन्हें आग बुझाने में दो घंटे लगे। गर्ग ने बताया कि शाम पांच बजे के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। गर्ग ने बताया कि एयर कंडीशनर और बिजली के मीटर में आग लग गई थी। उन्होंने बताया कि तलाशी अभियान के दौरान एक महिला धुएं के कारण बेहोश पाई गई। अधिकारी ने बताया कि एक सीएटीएस एम्बुलेंस की नर्सिंग असिस्टेंट ने उसे मृत घोषित कर दिया। गर्ग ने बताया कि पीड़ित की पहचान भावना के रूप में हुई है।

सुप्रीम कोर्ट से मिली राहत

आप के कार्यालय को खाली करने की समय सीमा बढ़ाई

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (आप) को राजधानी के राउज एवेन्यू में स्थित पार्टी कार्यालय को खाली करने के लिए दी गई समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। शीर्ष अदालत ने चार मार्च को पार्टी को 15 जून तक अपना कार्यालय खाली करने का निर्देश दिया था क्योंकि अदालत ने पाया था कि यह भूखंड न्यायिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के लिए दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया गया था।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने आप और अन्य की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी की दलीलों पर गौर किया और समय सीमा 10 अगस्त तक बढ़ा दी। पीठ ने कहा कि यह अंतिम मौका है और पार्टी को 10 अगस्त तक या उससे पहले राउज एवेन्यू स्थित इमारत संख्या 206 का कब्जा सौंपना होगा। राजधानी में जिला न्यायपालिका के लिए बुनियादी ढांचा तैयार करने के लिए 2020 में हाईकोर्ट को परिसर आवंटित किया गया था। शुरुआत में सिंघवी ने पीठ से आग्रह किया कि समय-सीमा बढ़ाई जाए। इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय की सहायता के लिए न्यायमित्र नियुक्त वकील के. परमेश्वर ने कहा कि न्यायिक अधिकारियों के लिए 90 अदालत कक्षों की कमी है। उन्होंने कहा कि हम (हाईकोर्ट) बहुत खराब स्थिति में हैं और अब हमें नवनियुक्त न्यायिक अधिकारियों के लिए परिसर किराए पर लेना पड़ सकता है। परमेश्वर ने कहा कि आप मध्य दिल्ली में कोई स्थान चाहती है लेकिन उन्हें राष्ट्रीय राजधानी में किसी अन्य स्थान पर भूमि की पेशकश की जा रही है। पीठ ने आदेश, विचाराधीन परिसर को 15 जून, 2024 तक खाली किया जाना था। परिसर 2020 में पहले ही दिल्ली हाईकोर्ट को आवंटित किया जा चुका है।

चोरी के समय बदमाशों के साथ चलती थी नकली पुलिस, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭नई दिल्ली

उत्तरी जिले की सब्जी मंडी पुलिस ने चोरों के एक ऐसे गिरोह का पर्दाफाश किया जो वारदात के वक्त नकली पुलिस को साथ लेकर चलते थे। नकली पुलिस बाकायदा लाल बत्ती लगी एक गाड़ी और पुलिस की वर्दी में होते थे। यह इसलिये ताकि अगर कोई साथी पकड़ा जाए तो वे मौके पर पहुंचकर उसे छुड़ा सकें। इनके पास से दिल्ली पुलिस की वर्दी, सायरन और बत्ती लगी एक ब्रेजा कार बरामद हुई है। आरोपी दिल्ली, राजस्थान व यूपी में दर्ज चोरी व सेंधमारी के सैकड़ों मामलों में शामिल पाये गए हैं।

उत्तरी जिले के एडिशनल डीसीपी सुधांशु वर्मा ने बताया कि 7 मई को पंजाबी बस्ती में घर का ताला तोड़ तीन लाख की चोरी के सम्बंध में सब्जी मंडी थाने को ऑनलाइन शिकायत मिली थी। स्थानीय थानाध्यक्ष राम मनोहर की टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे चैक किए, जिनमें एक फुटेज में संदिग्धों को स्कूटी पर देखा गया। यह स्कूटी शाहदरा थाने से चुरायी गई थी। एक अन्य फुटेज में बदमाशों के साथ एक ब्रेजा कार को भी देखा गया। यह कार मंडोली के पते पर रजिस्ट्रर्ड मिली। पता चला कि इसका मालिक जाहिद कई साल से कहीं ओर रह रहा है। जाहिद का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड मिला। जाहिद के बारे में जानकारी जुटाई गई और उसे नरेला से पकड़ लिया गया। बाद में उसके घोघा गांव स्थित घर से इसका साथी आजाद भी पकड़ा गया।

चोरी की घड़ियां और पुलिस की वर्दी बरामद

इनकी निशानदेही पर सेंधमारी के लिए इस्तेमाल होने वाले कई उपकरण, चोरी की घड़ियां और पुलिस की वर्दी बरामद हुई। पूछताछ में तीसरे साथी अभिषेक का पता चला जोकि हाल ही में यूपी पुलिस ने आर्म्स एक्ट केस में अरेस्ट किया था। प्रोडक्शन वारंट पर लाकर उससे पूछताछ की गई। इससे चोरी की रकम से खरीदी गई एक बाइक भी बरामद की गई। तीनों आरोपी मूलरूप से हापुड़, यूपी के रहने वाले हैं। आरोपी जाहिद आजाद का रिश्तेदार है। चोरी करने से पहले सभी अलग-अलग इलाकों से स्कूटी चुराते थे। जाहिद उनके साथ अपनी कार में चलता था, जिसमें पुलिस का सायरन लगा होता था। कार के डैशबोर्ड पर बीकन लाइट लगी होती थी, ताकि अगर आजाद और अभिषेक को लोग पकड़ लें तो वह तुरंत पुलिस बनकर मौके पर पहुंच उन्हें छुड़ा सकें। इस काम के लिए उन्होंने दिल्ली पुलिस के इंस्पेक्टर की वर्दी का भी इंतजाम कर रखा था। यह गिरोह ज्यादातर तीसरी चौथी मंजिल की इमारत में बंद फ्लैट को निशाना बनाते थे। जाहिद अली पांच, आजाद 71 और अभिषेक पर 13 केस दर्ज मिले हैं। इन आरोपियों के पकड़े जाने पर चोरी के 12 मामले सुलझाने का दावा किया गया है।

टेलीग्राम पर लड़की बन ट्रैप में फंसाकर हड़पी मोटी रकम

नई दिल्ली। शाहदरा पुलिस ने एक ऐसे जालसाज को अरेस्ट किया है, जो टेलीग्राम पर लड़की बनकर लोगों से चैटिंग कर कर उन्हें जाल में फंसाता और फिर मोटी रकम ऐंठ लेता। जालसाज दीपक सैनी के पास से मोबाइल, एटीएम कार्ड और बैंक की पासबुक बरामद हुई हैं। डीसीपी सुरेन्द्र चौधरी के अनुसार साइबर थाने में चीटिंग का एक केस दर्ज किया गया था, जिसमें पीड़ति ने बताया कि उसे टेलीग्राम पर श्रुति शर्मा नाम से चैटिंग और ऑनलाइन सेवाओं के संबंध में मैसेज मिला। उसके साथ चैटिंग होने लगी तो उन्हें भावनात्मक रुप से अपने जाल में फंसा महिला ने 12.7 लाख रुपए ले लिये। जांच के दौरान पुलिस ने बैंक लेनदेन का विश्लेषण किया और ठग के मोबाइल को सर्विलांस पर लिया। पता चला कि आरोपी कोई युवती नहीं बल्कि एक युवक है। इसके बाद आरोपी की पहचान कर उसे पकड़ लिया गया। दीपक सैनी ने पूछताछ में बताया कि वह फार्मा कंपनियों में काम करता था। करीब दो साल पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी। बेरोजगार होने के कारण वह घर पर ही रहकर अपनी पत्नी के वेतन से जीविका चला रहा था। वह एडल्ट चैटिंग और जुए का भी आदी है। ड्रीम 11 और पैरी-मैच पर सट्टा लगाता था। इस साल मार्च के महीने में उसने श्रुति शर्मा के नाम से प्रोफाइल बना पीड़ति को टेलीग्राम पर संदेश भेजा। लड़की समझ पीड़ित उसके साथ चैट करने लगा। 33 साल का आरोपी मूलरुप से जिला मंडी, हिमाचल प्रदेश का रहने वाला है।

गुमशुदा की तलाश

पारस

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक पुरूष (फोटो में दिखाया गया है) जिसका **नामः पारस पुत्रः** धर्मराज **निवासीः** मकान नंबर 1568, दूसरा तल, चर्च रोड, कश्मीरी गेट, दिल्ली **उम्रः** 25 वर्ष, जो कि अपने घर से **31.05.2024** प्रातः 07.00 बजे से लापता होने की सूचना मिली है। **डीडी नं. 116ए दिनांकः 07.06.2024 पुलिस स्टेशन, कश्मीरी गेट, दिल्ली** में पंजीकृत किया गया।

शारीरिक विवरण इस प्रकार हैः– **रंगः** सावंला, **कदः** 5'5" **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** पतला, **पहनावाः** नीले व सफेद रंग का टी–शर्ट के साथ नीले रंग की जीन्स एवं हवाई चप्पल पहनी है।

स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लापता लड़के के बारे में कुछ मालूम नहीं हो पाया है। अगर किसी को भी इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

फोन नंः **011-23962210, 9910450819 & 8750870123** **थाना प्रभारी,**
वेबसाईटः **http://cbi.nic.in** **पुलिस स्टेशन**
DP/7167/N/2024 **कश्मीरी गेट, दिल्ली**

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा यू/एस 82 (2) (ii) CrPC देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **फैज़ान अहमद (कर्मचारी) अर्थ इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड निवासी 26, पहली मंजिल, पूसा रोड, करोल बाग (मेट्रो स्टेशन के सामने)** अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **फैज़ान अहमद** मिल नहीं रहा है और **मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि फैज़ान अहमद** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए **अपने आप को छिपा रहा है),** इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **CT Case No: 526760/16, थाना करोल बाग** के अभियुक्त **फैज़ान अहमद** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **19.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री शिप्रा धनाकर
एलडी एमएम-01, कमरा नंबर-180,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली
DP/6631/CD/2024

चोरी व झपटे गए मोबाइल बिहार के रास्ते भेजे जा रहे नेपाल, चार गिरफ्तार

नई दिल्ली। चोरी और छीने गए मोबाइल बिहार के रास्ते नेपाल भेजने वाले एक सिंडीकेट का पर्दाफाश मध्य जिले की पुलिस ने किया है। इस रैकेट से जुड़े चार लोगों को अरेस्ट किया गया है। इनमें दंपति भी शामिल है। इनके पास से 226 महंगे मोबाइल फोन, 140 एडप्टर, 90 यूएसबी केबल व एक स्विफ्ट कार बरामद हुई है। गैंग का मुख्य आरोपी अर्जुन है, जो पहले भी 14 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। अब तक की जांच में पुलिस ने 53 मामले सुलझाने का दावा किया है। सेंट्रल डीसीपी एम हर्षवर्धन के अनुसार स्पेशल स्टाफ की टीम को अर्जुन की गतिविधियों के बारे में सूचना मिली थी। पता चला कि वह कमला मार्किट एरिया में ग्रे कलर की स्विफ्ट कार से आएगा। पुलिस ने अजमेरी गेट रेड लाइट कमला मार्केट के पास ट्रैप लगाया। कार को रोक पुलिस ने अर्जुन और उसकी पत्नी रुक्सार को पकड़ा। अर्जुन के पास से एक पिस्टल और सात राउंड मिले। कार की डिक्की से चोरी के मोबाइल फोन मिले। 26 साल का अर्जुन लक्ष्मणपुरी चौक, पहाड़गंज का रहने वाला है। उसने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ बिहार के मधुबनी से होकर गुजरने वाले रास्ते से नेपाल में चोरी के मोबाइल फोन की तस्करी करते हैं। चोरी, डकैती और स्नैचिंग करने वाले अपराधियों से संपर्क कर वह उनसे चार से पांच हजार रुपए में महंगे मोबाइल फोन खरीदते थे। बाद में उन्हीं फोन को सहयोगियों के माध्यम से नेपाल में 10 से 15 हजार में बेच देते थे। वह पत्नी और दोस्त हिमांशु के साथ मोबाइल बेचने के लिए नेपाल भी जाते हैं।

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक	बाढ़ तैयारी, बाढ़ पम्प के प्रचालन व रखरखाव हेतु अकुशल, अर्द्धकुशल, कुशल मैनपावर का प्रावधान।	10.06.2024 18.06.2024		https://etenders.hry.nic.in	8901388296 rohtakxenmech@yahoo.com
2	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक	भिवानी सब ब्रांच के आरडी 12830 पर वी.आर. ब्रिज का पुनर्निर्माण + 6 कार्य।	बंद होने की तिथि 18.06.2024	164.06 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812111077 xenwsdnrtk@gmail.com
3	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार	एचएसडीआर और एफसीबी की 55वीं बैठक के एजेंडा मद सं. 4 के तहत वर्ष 2024-2025 हेतु बीडब्ल्यूएस सर्कल फतेहाबाद में बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल हिसार में पुराने वीटी पम्प्स बीडब्ल्यूएस यांत्रिकी उपमंडल हिसार को बदलने में स्थाई पम्प हाउस आरडी 62000 सातरोड बीएलडी ब्रांच में 20 सीएस. और 10 सीएस. के वीटी पम्प्स और उनकी सहायक एक्सेसरीज की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु आकलन + 7 अन्य कार्य।	10.06.2024 01.07.2024	1104.65 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com
4	स्वास्थ्य विभाग हरियाणा पंचकूला	हानिकारक कीट और रोडन्ट सेवाओं की आउटसोर्सिंग।	10.06.2024 20.06.2024	ईएमडी 1 लाख	https://etenders.hry.nic.in	0172-2562199 gh6pkl@gmail.com
5	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	5 साल की पूर्ण प्रणाली की वारंटी सहित हरियाणा राज्य में सोलर वाटर पम्पिंग सिस्टम्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन।	08.06.2024 08.07.2024		https://etenders.hry.nic.in	0172-2570121 supplies@hry.nic.in
6	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	ज्योतिसर 66.70160.40 ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में शमशान घाट की तरफ मुंडा खेड़ा रोड से गुरमुक डेरी और आशा रानी के मकान तक फिरनी का निर्माण + 4 कार्य।	08.06.2024 22.06.2024	150.23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
7	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा नारनौल	सिंचाई सुविधाओं के प्रावधान और ग्राउंड वाटर टेबल की रिचार्जिंग हेतु नीमवाली तालाब कुलताजपुर को भरने के लिए गांव कुलताजपुर की मौजूदा पाइप लाइन से प्रैशराइज्ड पाइप लाइन का विस्तार और हस्सनपुर डिस्टी. के कि.मी. 8.280/आर से प्राचीन तालाब थाना को भरने के लिए प्रैशराइज्ड पाइप लाइन बिछाना (नांगला चौधरी निर्वाचन क्षेत्र) (अटल भू-जल योजना के तहत) + 5 कार्य।	बंद होने की तिथि 14.06.2024	133.64 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01282-251214 xen-wsnrl.irr@gov.in
8	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिला (आईडी : 3071) में जीए रोड से सोहना अभयपुर, लोहटकी, खेरला, दमदमा से रिथोज कि.मी. 0.00 से 13.62 पर हार्ड शोल्डरिंग का प्रावधान (सी.एम. घोषणा कोड 25675)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	1001.57 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
9	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिले में गुरुग्राम अलवर रोड से हरियाहेड़ा वाया रामस्वरूप की समाधि कि.मी. 0.00 से 2.59 तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 10287) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	108.34 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
10	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिले में जी.ए. रोड से बालूदा खरुदा रोड तक रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3083) (एम.सी. सोहना के तहत रीच आरडी 0 से 1900) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	142.49 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
11	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिले में खटरिका से बाईखेड़ा वाया कुलियाका रोड पर रिटेनिंग वॉल का निर्माण (रोड आईडी 3103)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	115.11 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
12	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिले में निमोत घंघोला रोड से जुलाका बिलाका रोड के मजबूतीकरण का प्रावधान (रोड आईडी 3098) (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	38.12 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
13	लोनिवि भ व प गुरुग्राम	गुरुग्राम जिले में सोहना ढाणी से मोहम्मदपुर गुज्जर तक कि.मी. 0.00 से 3.27 रोड पर मजबूतीकरण के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत (कार्य कार्यक्रम 2023-2024)।	बंद होने की तिथि 21.06.2024	43.27 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in
14	पंचायती राज झज्जर	67.16 - गांव डाबोदा खुर्द, ब्लॉक बहादुरगढ़ में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण + 2 कार्य।	07.06.2024 13.06.2024	164.57 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
15	पंचायती राज झज्जर	42.86 -गांव लुहारी ब्लॉक माछरौली में राजकीय आयुर्वेदिक डिस्पेंसरी बिल्डिंग का निर्माण + 1 कार्य।	07.06.2024 13.06.2024	70.02 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
16	पंचायती राज झज्जर	54.77 -गांव बहु, ब्लॉक मातनहेल में आईपीबी फिरनी का निर्माण + 5 कार्य।	07.06.2024 13.06.2024	155.62 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
17	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा कैथल	आरडी 221700 पर पुण्डरी माइनर क्रॉसिंग बीएमएल - एचबी - बीबी - एमपीएलसी के वाटरकोर्स की मरम्मत हेतु आकलन।	बंद होने की तिथि 13.06.2024	6.38 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8053519393 xen-sswati3ktl.irr@gov.in
18	पंचायती राज करनाल	गांव बस्सी असंध में मिया जाट के मकान से जगबीर सिंह जाट के मकान तक आईएलपीबी फिरनी का निर्माण + 9 कार्य।	05.06.2024 20.06.2024	252.19 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
19	पंचायती राज करनाल	गांव उनिसपुर ब्लॉक नीलोखेड़ी में अम्बेडकर भवन में आईएलपीबी के निर्माण हेतु आकलन + 1 कार्य।	06.06.2024 20.06.2024	28.55 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
20	पंचायती राज करनाल	गांव अमुपुर ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में एससी शमशान घाट में हैंड पम्प की स्थापना और शैड, चारदिवारी, रास्ता का निर्माण और शिव मूर्ति के निकट शमशान घाट में हैंड पम्प की स्थापना और चारदिवारी और रास्ता का निर्माण, गुगामडी के निकट शमशान घाट में हैंड पम्प की स्थापना, सामान्य शमशान घाट में हैंड पम्प की स्थापना और रास्ता का निर्माण + 14 कार्य।	06.06.2024 20.06.2024	232.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
21	पंचायती राज करनाल	गांव डाबरी ब्लॉक चिराव, जिला करनाल में मेन रोड से गुलाब सिंह तक, करण सिंह पुत्र मनी राम के मकान से हरि सिंह के मकान, मेन रोड से सुरेश मेहला, मेन रोड से हरि सिंह तक, कृष्ण सिंह के मकान से सुभाष के मकान तक, मेन रोड से पावर हाउस की चारदिवारी तक, करण सिंह के मकान से पाल चौपाल तक और राम किशन चौकीदार के मकान, जोगिन्दर और बिन्दर से पावर हाउस की चारदिवारी तक, आईएलपीबी गली का निर्माण।	07.06.2024 21.06.2024	21.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in
22	पंचायती राज हिसार	ढाणी पीरावाली हांसी1, पार्क का निर्माण + 4 कार्य।	07.06.2024 27.06.2024	120.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
23	पंचायती राज हिसार	सोरखी हांसी 1 जी.टी. रोड से अजीत पुत्र भरत सिंह के मकान तक गली का निर्माण (एमपीएलएडीएस) + 13 कार्य।	07.06.2024 27.06.2024	212.48 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
24	पंचायती राज हिसार	गांवों (चुली बागरियां, डारोली, ढाणी सिसवाल, कब्रेल, कब्रेल, मोडा खेड़ा) ब्लॉक आदमपुर (एचजीवीवाई) में शिवधाम विकास कार्य + 12 कार्य।	07.06.2024 27.06.2024	244.58 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in
25	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	डीग 1988543 स्कीम - वीएएनजीवाई, गांव डीग ब्लॉक शाहाबाद में ब्राह्मण धर्मशाला में हॉल और पेवर ब्लॉक का निर्माण + 17 कार्य।	08.06.2024 26.06.2024	124.80 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
26	पंचायती राज कुरुक्षेत्र	बरना 499946.22 गांव बरना, ब्लॉक थानेसर, जिला कुरुक्षेत्र में अम्बेडकर भवन को पूरा करना + 17 कार्य।	08.06.2024 15.06.2024	142.16 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in
27	पंचायती राज मोरनी पंचकूला	मटौर - गांव चांदी का बास जीपी मटौर, ब्लॉक मोरनी में पुलिया का निर्माण + 3 कार्य।	06.06.2024 12.06.2024	21.90 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416055244 dharambirsai@gmail.com
28	पंचायती राज पिंजौर पंचकूला	कंडीयाला - गांव नागल बग्गा जी.पी. कंडीयाला, ब्लॉक पिंजौर (पीकेएल) में आंगनवाड़ी की मरम्मत + 7 कार्य।	07.06.2024 13.06.2024	29.64 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com
29	पंचायती राज रेवाड़ी	गांव पुंशिका, ब्लॉक खोल, जिला रेवाड़ी में गांव पुंशिका से बधराना तक 80 मिमी आईपीबी लिंक रास्ता का निर्माण (खेत खलियान स्कीम के तहत) 2023 + 10 कार्य।	07.06.2024 14.06.2024	610.14 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416421261 prexeeng.rwr@hry.nic.in
30	पंचायती राज झज्जर	गांवों माजरा दुबलधन सिवाना, चिमनी, माजरा भिमान, बरहाना जी, ब्लॉक बेरी में फिरनी पर स्ट्रीट लाइट की स्थापना + 6 कार्य।	08.06.2024 14.06.2024	310.86 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416721433 prexeeng.jjr@hry.nic.in
31	पंचायती राज गोहाना सोनीपत	गांव लाठ में बड़ी चौपाल में हॉल का निर्माण + 12 कार्य।	07.06.2024 19.06.2024	106.42 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416051838 jitendersingh838@gmail.com
32	महानिदेशक आपूर्ति एवं निपटान हरियाणा	हरियाणा के विभिन्न गांवो में 1207 ई-लाइब्रेरियों की स्थापना हेतु सामग्रियों / उपकरणों की खरीद के लिए दो वर्षीय दर अनुबंध।	11.06.2024 11.07.2024		https://etenders.hry.nic.in	0172-2570121 supplies@hry.nic.in
33	वन विभाग हरियाणा सोनीपत	क्लोनल सफेदों की खरीद + 1 अन्य कार्य।	08.06.2024 14.06.2024	25.29 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1302988833 dfosonipat@yahoo.co.in
34	वन विभाग हरियाणा सोनीपत	सोनीपत ब्लॉक में नर्सरियों समेत वानिकी कार्य + 12 अन्य कार्य।	07.06.2024 14.06.2024	309.95 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1302988833 dfosonipat@yahoo.co.in

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2025/680/26587/I/88/7 दि. 10.06.24

खबर संक्षेप

वजीराबाद जल संयंत्र में घटा 20 एमजीडी जल और बिगड़ सकते है दिल्ली के हालात

नई दिल्ली। दिल्ली में जल संकट कम होने की बजाए बढ़ने लगा है। हालात यह है कि दिल्ली के सभी जल शोधन संयंत्रों में बीते तीन दिनों पूर्व की तुलना में सोमवार को कच्चे जल के शोधन में करीब 20 एमजीडी से ज्यादा की कमी हो चुकी है। इस गंभीर होते जा रहे मुददे पर दिल्ली की जल मंत्री आतिशी व स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज जल संकट को लेकर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से भी मिले है, और मामला कोर्ट में भी चल रहा है। भारी मात्रा में जल शोधन में कमी आने को लेकर दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) के समर एक्शन प्लान के एक आला अधिकारी ने माना कि करीब 20 एमजीडी से ज्यादा की कमी हो चुकी है। अधिकारी ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि रविवार 9 मई को जल शोधन 998 एमजीडी था, जो सोमवार को 22.59 एमजीडी गिरावट के साथ 978 रह गया है। इससे पहले जबकि 7 मई को 1002.89 एमजीडी, 6 मई को 1002.67 एमजीडी, 2 मई को 998.91 एमजीडी दर्ज हुआ था। जबकि इससे पूर्व यह आंकड़ा 980 एमजीडी व इससे ऊपर नीचे भी दर्ज हो रहा था। अधिकारी ने बताया कि हालांकि सभी संयंत्रों की तय क्षमता 956 एमजीडी के करीब ही है। इस लिहाज से सभी संयंत्र अपनी तय क्षमता से अधिक शोधन करते रहे है।

देवेंद्र यादव ने की जिला अध्यक्षों व अन्य से मुलाकात

नई दिल्ली। लोकसभा चुनावों में हार मिलने के बाद प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र यादव एक बार फिर कार्यकर्ताओं को लोगों के बीच जाकर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करना शुरू कर दिया है। सोमवार को यादव ने प्रदेश कार्यालय राजीव भवन पहुंचकर जिला अध्यक्षों, कार्यकर्ताओं व अन्य लोगों से मिलकर संगठन सहित कई मुद्दों पर चर्चा की। देवेंद्र ने जिला अध्यक्षों से चर्चा के दौरान लोकसभा चुनाव में किए गए कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि अब पुन लोगों के बीच जाकर कार्य करना शुरू करें। संगठन को मजबूत करने के लिए भी चर्चा हुई। जिला अध्यक्षों से चर्चा के दौरान यादव ने कहा कि बेशक हम चुनाव हारे हों लेकिन हिम्मत नहीं हारते। इसलिए आने वाले विधानसभा चुनावों को लेकर हमें अभी से लोगों के बीच जाकर सरकारों की विफलताओं को उजागर करना है। जानकारी अनुसार यादव ने प्रदेश से लेकर ब्लाक व बूथ संगठन तक को लेकर चर्चा हुई। दिल्ली में अब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है ऐसे में कांग्रेस अब केजरीवाल सरकार को भी घेरेगी। कांग्रेस का अगला लक्ष्य अब दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रदेश संगठन अपनी तैयारी करेगा।

आप विधायकों ने कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा मुख्यालय, हरियाणा भवन, मंडी हाउस और कनॉट प्लेस समेत कई जगहों पर प्रदर्शन कर की नारेबाजी

आप ने दिल्ली में पेयजल संकट को लेकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

हरियाणा पर यमुना नदी का दिल्ली के हिस्से का पानी नहीं छोड़ने का आरोप लगाते हुए आम आदमी पार्टी (आप) ने सोमवार को यहां हरियाणा भवन पर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी विधायक कुलदीप कुमार समेत आप के सैंकड़ों कार्यकर्ताओं ने हरियाणा की भाजपा सरकार के विरुद्ध हरियाणा भवन के अलावा भाजपा मुख्यालय, मंडी हाउस और कनॉट प्लेस समेत अन्य जगहो पर प्रदर्शन किया और भाजपा की केंद्र और हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी देने की मांग की।

इस दौरान विधायकों और कार्यकर्ताओं ने 'भाजपा वालों, दिल्ली का पानी मत रोको' के पोस्टर्स हाथ लेकर जमकर नारेबाजी की और भाजपा की हरियाणा सरकार को दिल्ली के हक का पानी तत्काल छोड़ने की मांग की। आम आदमी पार्टी के दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधायक कुलदीप कुमार ने कहा कि इस समय दिल्ली में पानी की बहुत बड़ी समस्या है। इसके लिए हम हिमाचल और हरियाणा की सरकार से मांग कर रहे थे और उपराज्यपाल से भी कह रहे थे कि वो दिल्ली के पानी को सुनिश्चित करें। हम सुप्रीम कोर्ट भी गए, लेकिन कोर्ट के आदेश के बावजूद हरियाणा सरकार हिमाचल से आने वाले 137 क्यूसेक पानी को नहीं छोड़ रही है। इसके अलावा अन्य नहरों से दिल्ली में आने वाले 200 क्यूसेक पानी को हरियाणा सरकार ने रोक दिया है। ये लोग दिल्ली के लोगों को प्यासा मारना चाहते हैं और दिल्ली से बदला लेना चाहते हैं।

'जब तक दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं मिलेगा तब तक रहेंगे सड़कों पर'

आप विधायक शिव चरण सिंह गोयल ने कहा कि 45 डिग्री तापमान में हम सड़क पर बैठकर भाजपा की हरियाणा और केंद्र सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि वो दिल्ली के हिस्से का पानी न रोकें। दिल्ली में भाजपा के सांसद भी रहते हैं और पूरा मंत्रालय भी यहां रहता है। इन सबको पानी चाहिए। इसलिए दिल्ली के हिस्से का 20 फीसद पानी न रोका जाए। जब तक दिल्ली के हक का पूरा पानी नहीं मिलेगा, हम सड़कों पर रहेंगे। इसके लिए हमें जो भी करना पड़ेगा हम करेंगे और अपने हिस्से का पानी लेकर रहेंगे। दिल्ली देश की राजधानी है। यहां देशभर से लोग आते हैं। अगर हम दिल्ली को ही पानी नहीं दे सकते तो देश में क्या करेंगे? आम आदमी पार्टी दिल्ली के हित के लिए लड़ती रहेगी।

केजरीवाल की छवि खराब करने के लिए हरियाणा सरकार ने रोका पानी : सारिका

आप की दिल्ली महिला विंग की अध्यक्ष सारिका चौधरी ने कहा चुनाव से तीन दिन पहले हरियाणा सरकार से दिल्ली का पानी रोक दिया, ताकि दिल्लीवासी अरविंद केजरीवाल को वोट न करें और उनकी छवि खराब हो। अब सुप्रीम कोर्ट ने भी आदेश दे दिया है, लेकिन हरियाणा सरकार दिल्ली के लोगों को बिल्कुल पानी नहीं दे रही है। इस समय पूरी दिल्ली में त्राहि-त्राहि मची है। लोगों के घरों में पीने के लिए पानी नहीं है। हम हरियाणा सरकार से विनती करते हैं कि वो राजनीति करना बंद करें। दिल्ली जनता इस समय पानी के लिए तरस रही है, उसपर रहम करें और उन्हें पानी दें।

हरियाणा सरकार ने दुर्भावना में आकर रोक दिया दिल्ली का पानी : विनय

आप विधायक विनय मिश्रा ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा के लोगों को उनके आतिथ्य सत्कार के लिए जाना जाता है। हरियाणा के लोग सबको पानी पिलाते हैं, लेकिन हरियाणा की भाजपा सरकार ने दुर्भावना में आकर दिल्ली का पानी रोक दिया है। दिल्ली में बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, बंगाल, ओडिशा समेत देशभर से लोग आकर रहते हैं। दिल्ली पूरे देश का प्रतिनिधित्व कर रहा है और उसे ही हरियाणा सरकार पानी नहीं दे रही है। जबकि सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली को 137 क्यूसेक पानी देने का आदेश दिया है। हरियाणा दिल्ली का पानी रोक कर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का अवहेलना कर रहा है।

बदले की राजनीति के तहत हरियाणा सरकार रोक रही है पानी : सोमदत्त

कनॉट प्लेस में विरोध प्रदर्शन में शामिल आप विधायक सोमदत्त शर्मा हरियाणा की भाजपा सरकार बदले की राजनीति के तहत दिल्ली के लोगों के हक का पानी रोक कर बैठी है। दिल्ली में पानी को लेकर चारों तरफ त्राहि-त्राहि मची है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद हरियाणा सरकार दिल्ली के नागरिकों को पानी नहीं दे रही है। दिल्ली की जनता पानी को लेकर परेशान है और गलियों से लेकर सड़कों पर प्रदर्शन हो रहे हैं। हमारी मांग है कि भाजपा और मोदी सरकार दिल्ली के लोगों का जायज हक दे और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की पालना की जाए।

एलजी ने मंत्रियों को दी व्यर्थ के आरोप-प्रत्यारोप से बचने की सलाह, कहा लीकेज व आपूर्ति तंत्र करें सही

नई दिल्ली। उपराज्यपाल वी.के. सक्सेना ने सोमवार को जल संकट पर मिलने पहुंचे केजरीवाल सरकार के दो मंत्रियों आतिशी व सौरभ भारद्वाज को सलाह दी है कि वह व्यर्थ के आरोप-प्रत्यारोप से बचे और लीकेज व आपूर्ति तंत्र को सही करें। हालांकि एलजी ने दोनों मंत्रियों को भरोसा भी दिया कि इस मुद्दे पर यथा संभव जो होगा वह किया जाएगा। एलजी की मंत्रियों के साथ बैठक में दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार व दिल्ली जल बोर्ड के सीईओ भी मौजूद रहे। सूत्रों के अनुसार बैठक में एलजी व दोनों मंत्रियों के सामने लाया गया कि ऊपरी यमुना नदी बोर्ड (यूवाईआरबी) के अधिकारियों के एक दल ने दिल्ली और हरियाणा सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते कल यानी 9 जून 2024 शाम को दिल्ली में मुनक नहर में हुई जलापूर्ति का निरीक्षण किया था। इस दल ने पाया कि हरियाणा से नहर में हुई जलापूर्ति पर्याप्त है। हरियाणा ने मुनक नहर में 2289 क्यूसेक पानी छोड़ा था, और खासतौर पर काकोरी में, जहां से पानी सीधे दिल्ली पहुंचता है। हरियाणा द्वारा छोड़ा गया यह पानी राजधानी के लिए तय कोटा 1050 क्यूसेक पानी की तुलना में 1161.084 क्यूसेक अतिरिक्त पानी है जो छोड़ा गया था। हालांकि, दिल्ली के बवाना में मुनक नहर को 960.78 क्यूसेक पानी ही मिल सका। इस दौरान करीब 200 क्यूसेक पानी, जो कि दिल्ली के लिए छोड़े गए कुल पानी का 18 प्रतिशत है, इस तारीख तक बर्बाद हो गया। सूत्रों ने बताया कि एलजी ने कहा कि स्वीकृत मानदंडों के अनुसार बर्बाद हुआ पानी 5 प्रतिशत से कम होना चाहिए। पानी की इस तरह से हुई बर्बादी के मुद्दे को उठाते हुए बैठक में कहा गया कि लगभग 25 प्रतिशत पेयजल की बर्बादी को कम करने के लिए दिल्ली उप-शाखा द्वारा तुरंत कार्रवाई की आवश्यकता है। दिल्ली के 9 में से 7 जल शोधन संयंत्रों (डब्ल्यूटीपी) में हरियाणा से मिलने वाले पानी के लिए मुनक नहर एक मुख्य स्रोत है।

'मुनक नहर का रखरखाव न होने के कारण भारी मात्रा में चोरी होता है पानी'

सूत्रों की माने तो एलजी ने बैठक में मंत्रियों से कहा कि दिल्ली में मुनक नहर का रखरखाव न होने के कारण, भारी मात्रा में पानी चोरी और बर्बाद हो जाता है। ऐसा नहर की मरम्मत न होने के कारण होने वाली लीकेज और टैंकरों द्वारा चोरी के कारण होता है। ऐसा निरीक्षण के दौरान भी अनाधिकृत रूप से टैंकरों को पानी उठाते हुए देखा जा चुका है। बैठक में उपराज्यपाल ने मंत्रियों के साथ वे तस्वीरें भी साझा कीं जिनमें दिल्ली में मुनक नहर के किनारे टैंकरों की कतार लगी हुई थी और वे अवैध रूप से पानी ले जा रहे थे। हालांकि, यह भी बताया गया कि गर्मी की वर्तमान स्थिति के दौरान, मुनक में मई के दौरान औसतन 948 क्यूसेक और जून में अब तक औसतन 870 एमजीडी पानी प्राप्त हुआ है। बैठक में यह भी सामने आया कि अभी तक इस बात का भी कोई प्रमाण नहीं है कि हिमाचल प्रदेश ने वास्तव में 137 क्यूसेक पानी अतिरिक्त रूप से पानी को यमुना में छोड़ रहा है। उपराज्यपाल ने मंत्री से इस संबंध में हिमाचल प्रदेश सरकार के साथ मामला उठाने को भी कहा है। यह बताया गया कि 1 से 8 जून के दौरान भी दिल्ली में एक को छोड़कर सभी डब्ल्यूटीपी अपनी क्षमता से अधिक काम कर रहे थे। एकमात्र वजीराबाद डब्ल्यूटीपी अपनी क्षमता से कम काम कर रहा था और 8 जून को इसने 131 एमजीडी की क्षमता के मुकाबले 119.5 एमजीडी पानी का उत्पादन किया था।

जल संकट का समाधान करने की जगह झूठे प्रचार में लगी है केजरीवाल सरकार : सचदेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के जल संकट का समाधान करने की जगह अरविंद केजरीवाल सरकार जल संकट पर झूठे प्रचार में लगी है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने सोमवार को दिल्ली के जल संकट मामले पर केजरीवाल सरकार को घेरते हुए यह आरोप लगाए। उन्होंने कहा है कि खेदपूर्ण है कि केजरीवाल सरकार के झूठे कुप्रचार का परिणाम है कि दिल्ली सरकार को जल संकट से जुड़े मामले में समय पर उचित एफिडेविट एवं अन्य कागज ना दाखिल करने और भ्रम फैलाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय से फटकार लगी है। सचदेवा ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को फटकार लगाते

हुए कहा है कि आप जल्द सुनवाई के लिए दबाव बनाते हैं पर समय पर कागज जमा नहीं कराते जो साफ करता है कि आप न्यायालय को गुमराह करना चाहते हैं।

मुनक नहर ही नहीं अन्य स्त्रोत्रों से भी दिल्ली को मिल रहा है पानी

सचदेवा ने कहा कि रविवार को हमने 1 जून से 8 जून तक का जल बोर्ड का डाटा जारी करके साफ किया था कि हरियाणा रोजाना दिल्ली को तय मात्रा में जल उपलब्ध करा रहा और सोमवार को उपराज्यपाल एवं दिल्ली सरकार की बैठक के बाद यह और स्पष्ट हो गया है कि हरियाणा केवल मुनक नहर ही नहीं अन्य सभी स्त्रोत्रों से भी दिल्ली को हरियाणा से उसकी तय मात्रा से अधिक जल मिल रहा है। उन्होंने कहा कि रविवार को हरियाणा एवं दिल्ली के संयुक्त निरीक्षण के बाद यह और स्पष्ट हो गया है कि हरियाणा केवल मुनक नहर ही अन्य सभी स्त्रोत्रों से भी दिल्ली को हरियाणा से उसकी तय मात्रा से अधिक जल मिल रहा है। रविवार, 9 जून को ही जब अधिकारियों के साथ जल मंत्री ने मुनक नहर का निरीक्षण किया तो उसमे भी हरियाणा से पूरा जल मिल रहा है पर टैंकर माफिया द्वारा जल चोरी का मामला पकड़ा गया।

उपराज्यपाल कार्यालय की प्रेस विज्ञप्ति भ्रामक, बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग को सार्वजनिक करें एलजी : भारद्वाज

नई दिल्ली। दिल्ली के शहरी विकास मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को आरोप लगाया कि दिल्ली में जल स्थिति पर हुई बैठक के बाद उपराज्यपाल कार्यालय द्वारा जारी प्रेस बयान भ्रामक है और उन्होंने मांग की कि बैठक का वीडियो सार्वजनिक किया जाना चाहिए। प्रैसवार्ता में भारद्वाज ने कहा कि यह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि बैठक के दौरान हुई चर्चा को प्रेस वक्तव्य में गलत और झूठे तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। प्रेस वक्तव्य काफी भ्रामक है और तथ्यों को गलत रोशनी में पेश करता है। उन्होंने दावा किया कि बैठक की कार्यवाही तीन वीडियो कैमरों से रिकॉर्ड की गई। मंत्री ने कहा कि आपने बैठक की वीडियो रिकॉर्डिंग की है। कृपया इसे सार्वजनिक करें। दिल्ली और देश के लोगों को चर्चा देखने दें। कृपया वीडियो सार्वजनिक करें। उन्होंने कहा कि लोगों को देखने दीजिए कि मंत्रियों और उपराज्यपाल के बीच क्या चर्चा होती है। वह इसे सार्वजनिक नहीं कर सकते क्योंकि इससे लोगों को उनकी असलियत पता चल जाएगी। इससे साबित होता है कि उपराज्यपाल और उनका कार्यालय भ्रामक प्रेस विज्ञप्तियां जारी करते हैं जो एक आपराधिक कृत्य है। सौरभ ने कहा कि अगर एलजी ने बैठक का वीडियो सार्वजनिक कर दिया तो वह और भाजपा दोनों की पोल खुल जाएगी। भारद्वाज ने यह भी आरोप लगाया कि जब वह और आतिशी बैठक के लिए उपराज्यपाल सचिवालय पहुंचे तो सुरक्षाकर्मियों ने उनसे उनके फोन बाहर रखने को कहा और जब हमने सवाल किया तो पुलिसकर्मियों के बीच चर्चा हुई और उन्होंने हमें बैठक में अपने फोन ले जाने की अनुमति दे दी। जब हमने उपराज्यपाल से इस मामले पर बात की तो उन्होंने माफी मांगी और कहा कि कुछ गलतफहमी हो गई होगी। बैठक के बाद आतिशी ने कहा कि उपराज्यपाल ने उन्हें आश्वासन दिया कि वह हरियाणा सरकार से बात करेंगे ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से का 1,050 क्यूसेक पानी मुनक नहर में छोड़ा जाए। उपराज्यपाल कार्यालय ने एक बयान में कहा कि सक्सेना ने मंत्रियों को आश्वासन दिया कि वह आपूर्ति का मामला हरियाणा सरकार के समक्ष उठाएंगे और उनसे मानवीय आधार पर अतिरिक्त पानी देने का अनुरोध करेंगे। सक्सेना ने मंत्रियों को आरोप-प्रत्यारोप से बचने और पानी की बर्बादी रोकने की सलाह भी दी।

पारा पहुंचा 46 डिग्री पार, पूरे सप्ताह लू की मार!

नई दिल्ली। दिल्ली में सोमवार को सूरज के कड़े तेवरों ने बता दिया कि एक बार फिर राजधानी में झुलसाने वाले दूसरे दौर की शुरुआत हो गई है। नरेला में तापमान सबसे ज्यादा 46.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जबकि नजफगढ़ में 46.3 डिग्री सेल्सियस, स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में 46.3 डिग्री सेल्सियस, पीतमपुरा में 45.7 डिग्री सेल्सियस, पूसा में 45.5 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज हुआ है। जबकि दिल्ली का औसत तापमान 43.3 डिग्री सेल्सियस रहा जो इस मौसम के सामान्य से 3 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। ऐसे में अनुमान है कि इस पूरे सप्ताह दिल्ली वालों को भीषण गर्मी और झुलसाने वाले लू की मार सहनी पड़ सकती है। प्रादेशिक मौसम विज्ञान केंद्र दिल्ली (आईएमडी) के अनुसार दिल्ली में कई जगह पारा 46 डिग्री सेल्सियस से अधिक दर्ज हुआ है। जबकि दिल्ली में अधिकतम तापमान 43.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के औसत से 3 डिग्री ज्यादा है। जबकि न्यूनतम तापमान 28.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के औसत से 1 डिग्री ज्यादा है।

मानसून के दौरान जलभराव की समस्या दूर करने के लिए लगाए गए स्थायी और अस्थाई पंप

नई दिल्ली। आने वाले मानसून को ध्यान में रखते हुए दिल्ली के शहरी विकास विभाग तथा सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सोमवार को दिल्ली सचिवालय में एक बैठक की। इस बैठक में अधिकारियों ने बताया कि आने वाले मानसून के दौरान होने वाली जल भराव की समस्या के निदान के लिए स्थायी और अस्थाई पंप लगा दिए हैं। बैठक के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी और सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अपने-अपने मंत्रालयों के अधिकारियों को निर्देश जारी किए कि दिल्ली की 70 विधानसभा में जहां-जहां पर भी उनके द्वारा स्थायी और अस्थायी पंप लगाए गए हैं, उन पंप की लोकेशन की एक सूची

और उन पंप को संचालित करने वाले अधिकारियों के नाम और फोन नंबर की एक सूची तैयार कर, स्थानीय विधायक को मुहैया कराई जाए, ताकि मानसून के समय में यदि कहीं पर भी जल भराव की स्थिति पैदा होती है, तो स्थानीय विधायक संबंधित अधिकारी से बातचीत कर उस समस्या का तुरंत प्रभाव से निवारण करवा सके और जनता को राहत प्रदान की जा सके।बैठक में दिल्ली नगर निगम, सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग, डीडीए, कैंटोनमेंट बोर्ड, एनडीएमसी और पीडब्ल्यूडी विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए वहीं बैठक में लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी भी शामिल हुई।

- आने वाले मानसून को लेकर दिल्ली सचिवालय में बैठक का आयोजन, मंत्री सौरभ भारद्वाज तथा पीडब्ल्यूडी मंत्री अतिशी रहीं मौजूद

भलस्वा डेयरी कॉलोनी में एमसीडी ने हटाया अतिक्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के पशु चिकित्सा विभाग, इंजीनियरिंग विभाग और जनरल ब्रांच के अधिकारियों ने सिविल लाईन जोन के भलस्वा डेयरी कॉलोनी में पुलिस की मदद से अवैध अतिक्रमण को हटाया। दिल्ली नगर निगम प्रशासन ने सोमवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यहां कुछ लोगों ने अपने डेयरी प्लॉट्स के साथ अवैध शेड बनाकर उनमें जानवरों को पाला हुआ था। इस अभियान के दौरान दस अवैध शेड और अस्थायी अतिक्रमण को ढहा दिया गया। यह अभियान सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने और रास्ते को साफ सुथरा करने के लिए चलाया गया। अवैध निर्माणों को हटाने के अलावा, पुलिस को एक पत्र भेजा गया है। इस पत्र में पुलिस से कहा गया है कि वे सरकारी जमीन पर होने वाले किसी भी अवैध निर्माण पर ध्यान दें और कानून के अनुसार कार्रवाई करें। निगम के अधिकारियों ने बताया कि आगे भी इस प्रकार की कार्यवाही अतिक्रमण के खिलाफ की जायेगी और यह सुनिश्चित किया जाएगा कि सरकारी जमीन पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न हो।



एमसीडी ने 23 बार पुलिस से मांगी मदद

दिल्ली नगर निगम के नरेला जोन के अंतर्गत बवाना वार्ड के पार्क में अवैध अतिक्रमण को लेकर सेव इंडिया फाउंडेशन ने शिकायत की। जिसके बाद निगम के उधान विभाग ने शिकायतकर्ता को जवाब देते हुए कहा कि बवाना, वार्ड संख्या-30 स्थित सी-ब्लाक पार्क में हुए अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए थाने में 23 बार पत्रों के माध्यम से पुलिस बल की मांग की है लेकिन पुलिस बल ना मिलने के कारण अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया।

नीट-यूजी परीक्षा में अनियमितता की जांच सीबीआई से कराने की मांग

नीट-यूजी परीक्षा-2024 में की गई गड़बड़ियों के खिलाफ एबीवीपी का एनटीए मुख्यालय पर प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने सोमवार को एनटीए द्वारा आयोजित नीट - यूजी परीक्षा - 2024 के जारी किए गए परिणामों में आई व्यापक स्तर पर गड़बड़ी के खिलाफ़ दिल्ली के ओखला स्थित एनटीए के मुख्यालय पर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने इस



मामले की सीबीआई जांच कराने की मांग की है साथ ही एनटीए की सभी परीक्षाओं को पारदर्शी करने की मांग के लिए विभिन्न आवश्यक कदम उठाने की बात कही है।

एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल और दिल्ली के प्रांत मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि पिछले कुछ समय से गड़बड़ियों को देखते हुए यह प्रतीत होता है कि एनटीए एक भ्रष्ट संस्था हो चुकी है। इस संस्था द्वारा आयोजित हो रही लगभग हर एक परीक्षा में कोई न कोई गड़बड़ी सामने निकलकर आ रही है। अभी हाल ही में नीट- यूजी के जारी हुए परिणामों में प्रथम स्थान पर 67 छात्रों का आना तथा उसमें भी 7 छात्रों का एक ही केंद्र होना मात्र संयोग नहीं हो सकता। यह दिखाता है कि यह संस्था भ्रष्टाचार में लिप्त होकर काम कर रही है। हम प्रशासन से इसकी सीबीआई जांच की मांग रखते हैं तथा आगे ऐसी स्थिति पैदा न हो इसकी स्पष्टता तथा सुनिश्चितता करने के लिए बिंदुवार अन्य मांगे भी हमने प्रशासन से की हैं।

ग्रामीणों ने सांसद योगेंद्र चंदोलिया से की मुलाकात

नई दिल्ली। उत्तर पश्चिमी संसदीय क्षेत्र से नवनिर्वाचित सांसद योगेन्द्र चंदोलिया से नरेला विधानसभा के अंतर्गत आने वाले सिंघू गांव के गणमान्य व्यक्तियों ने उनके निवास स्थान करोल बाग पर सोमवार को मुलाकात की। इस दौरान ग्रामीणों ने सांसद का अभिनंदन करते हुए उन्हें बधाई और शुभकामनाएं दी। ग्रामीणों में शामिल राजेंद्र, वजीर, धर्मसिंह आदि ने सांसद को गांव की समस्याएं जैसे एनएच 44 पर फुट ओवर ब्रिज निर्माण, पार्क को विकसित करना, सामुदायिक भवन को सौंपना, दिल्ली जल बोर्ड सीवरेज लाइन के अधूरे कार्य को जल्द पूरा कराना, प्रवेश मार्ग पर जलभराव, फिरनी मार्ग को बेहतर बनाने संबंधी सुझाव दिए।

खबर संक्षेप

जिलाधिकारी ने क्रमवार सुनी जन शिकायतें

गाजियाबाद। डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने कलेक्ट्रेट स्थित अपने कार्यालय पर जन सुनवाई की । उन्होंने अधिकारियों को शिकायतों के त्वरित समाधान, निस्तारण के लिए आदेशित किया। कहा कि शिकायतकर्ताओं को निस्तारण के लिए अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। इसलिए शिकायत का गुणवत्तापूर्ण, समयान्तराल निस्तारण किया जाए।

मृतक के आश्रितों को 20 लाख की मदद का भरोसा

गाज़ियाबाद। मंडोला में हाईटेंशन लाइन के तार की चपेट में आए किसान के परिजनों से सांसद अतुल

गर्ग और विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने मुलाकात की। दोनों ने सीएम को पत्र लिखकर 20 लाख आर्थिक मदद दिए जाने की मांग की है। वहीं, विद्युत निगम 5 लाख रुपए की मदद देने की बात कह रहा है। शनिवार को खेत से घर लौट रहे किसान देवेंद्र उर्फ पान्नू की हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर मौत हो गई थी।

सिखों के धर्मगुरु अर्जुन देव का शहीदी दिवस मनाया

गुरुग्राम। भाजपा के वरिष्ठ नेता मुकेश शर्मा पहलवान ने गुरुद्वारे में मत्था टेक कर लंगर सेवा की। वे

सिखों के 5वें धर्म गुरु व न्याय के रक्षक गुरु अर्जुन देव के शहीदी दिवस आशीर्वाद लिया। शर्मा ने कहा कि गुरु अर्जुन देव संत शिरोमणि, व सर्वधर्म सद्भाव के प्रबल समर्थक थे। उनका मानवीय मूल्यों के प्रति समर्पण, सहृदयता, कर्तव्यनिष्ठा हमारे लिए आदर्श है।

एटीएम बूथ से डेबिट कार्ड बदलते धरा

गुरुग्राम। आईएमटी मानेसर एरिया में उपभोक्ता को झांसे में लेकर डेबिट कार्ड बदलते युवक को

पुलिस ने काबू कर लिया। आरोपी एटीएम बूथ पर रुपए निकालने पहुंचे व्यक्ति का डेबिट कार्ड बदलकर भाग रहा था। पुलिस ने आरोपी पर केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। कुलराज शर्मा ने कहा कि वह दोस्त रंजीत के साथ एक्सिस बैंक के एटीएम बूथ पर रुपए निकालने गया था। तब घटना हुई।

देसी कट्टे सहित आरोपी को किया गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-56 की टीम ने अवैध हथियार सहित आरोपी को गिरफ्तार

किया है। आरोपी राहुल गांव सगापुर जिला मथुरा का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा ने समयपुर चुंगी राजीव कॉलोनी से काबू किया है। आरोपी की तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा मिला है। अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी गिरफ्तार

फरीदाबाद। अपराध शाखा सेक्टर-48 की टीम ने देसी कट्टा व जिंदा रोंद सहित आरोपी को

गिरफ्तार किया है। आरोपी सैफ उर्फ छोटे बिल्ला कॉलोनी गांव धौज का रहने वाला है। आरोपी को अपराध शाखा ने गांव धौज फतेहपुर तगा रोड से काबू किया है। तलाशी लेने पर आरोपी से देसी कट्टा व जिंदा रोंद मिला। अवैध हथियार रखने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया है।

अब परिवार के पहचान पत्र से लेकर जमीन की रजिस्ट्री तक एक छत के नीचे लोगों को मिलेगी सभी तरह की सुविधा

जिला व उपमंडल पर सुबह 9 से 11 बजे तक लगाए जाएंगे समाधान शिविर

उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 10 जून से ही समाधान शिविरों की शुरुआत कर दी गई है। समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर प्रात: 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

जन समस्याओं की सुनवाई करते हुए उन्हें तुरंत दूर करने के लिए समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि 10 जून से ही समाधान शिविरों की शुरुआत हो चुकी है। समाधान शिविर प्रत्येक कार्य दिवस पर सुबह 9 बजे से 11 बजे तक जिला मुख्यालय तथा उपमंडल स्तर पर आयोजित किए जाएंगे।

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार जन कल्याण के साथ जन समस्याओं के समाधान को समर्पित है। लोगों की हर प्रकार की समस्याओं के तुरंत समाधान के लिए समाधान शिविरों के आयोजन की अनूठी शुरुआत की गई है। आम

जनमानस को इसका पूर्ण लाभ उठाना चाहिए। प्रशासन आगे बढ़कर लोगों की समस्याओं की सुनवाई करते हुए उनका समाधान करवाएगा। इसके लिए अधिकारियों-कर्मचारियों को विशेष निर्देश दिए गए हैं। समाधान शिविर में आने वाला कोई भी व्यक्ति निराश नहीं लौटेगा।

उपायुक्त के अनुसार समाधान शिविर के माध्यम से लोगों की प्रमुख समस्याओं का निपटारा किया जाएगा। इनमें मुख्य रूप से प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, जमीन का पंजीकरण, लोकल बॉडी का नो ड्यूज सर्टिफिकेट, म्युनिसिपल कमेटी से नक्शा अनुमोदन, बिजली, सिंचाई, सार्वजनिक स्वास्थ्य, समाज कल्याण पेंशन तथा अपराध की शिकायतें और राशन कार्ड को शामिल किया गया है। इनसे संबंधित हर प्रकार की शिकायतों के समाधान के लिए कोई भी शिविर में आकर संपर्क कर सकते हैं।

डीसी ने प्राथमिकता के आधार पर शिकायत निपटाने के निर्देश दिए

उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि संबंधित विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों के साथ एसडीएम भी समाधान शिविरों में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करवाएंगे। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी लोगों के लिए उपलब्ध रहेंगे ताकि आमजन को किसी भी प्रकार की समस्याएं पेश न आएं। यदि कोई समस्या आती है तो तुरंत उसका समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर लघु सचिवालय के मूतल पर प्रवेश द्वार के निकट ही समाधान शिविर में स्टाफ की उपलब्धता रहेगी, जहां पर शिकायतें लेकर उन्हें संबंधित विभाग को प्रेषित कर समाधान सुनिश्चित करेंगे। उपमंडल स्तर पर बड़खल और बल्लभगढ़ में भी यह व्यवस्था अलग से कायम रहेगी।

बैठक में निगमायुक्त बांगड़ ने अधिकारियों को दिए निर्देश

बरसात से पूर्व ड्रेनेज व सीवरेज सफाई सहित जलनिकासी के लिए करवाए जाएं पुख्ता प्रबंध

निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात कर उनसे नियमित संपर्क बनाए रखें, ताकि सही प्रकार से समस्या का समाधान किया जा सके।

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे बरसात आने से पूर्व ड्रेनेज व सीवरेज सफाई सहित जलनिकासी के अन्य सभी पुख्ता प्रबंध सुनिश्चित करें, ताकि जलभराव की समस्या न हो।

निगमायुक्त ने यह निर्देश कार्यालय में अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकारी अभियंता अपनी टीम, मैनपावर व मशीनरी के साथ क्षेत्र में समस्या से निपटने के लिए मुस्तैद रहें। साथ ही आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियों से मुलाकात करके उनसे नियमित संपर्क बनाए रखें, ताकि सही प्रकार से समस्या का समाधान किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी पंप, मशीनरी को आरडब्ल्यूए प्रतिनिधियों व गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी में चलाकर देखें, ताकि बरसात आने पर किसी भी प्रकार की परेशानी सामने ना आए। उन्होंने बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने तथा बाधित होने की स्थिति में जेनसेट की व्यवस्था रखने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए। निगमायुक्त ने स्पष्ट किया कि हमारा मुख्य उद्देश्य जलनिकासी की व्यवस्था करना है तथा अगर किसी भी अधिकारी की इसमें कोताही मिलती है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई भी की जाएगी।

खास बातें

- बिजली आपूर्ति बाधित होने पर जेनसेट की व्यवस्था रखने को कहा
- वाट्सएप या अन्य माध्यम से आने वाले संदेशों को गंभीरता से लें

ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह, संयुक्त आयुक्त डा. नरेश कुमार व प्रदीप कुमार, डीआरओ विजय यादव, चीफ इंजीनियर विशाल बंसल व मनोज यादव, एसई विकास मलिक सहित सभी कार्यकारी अभियंता व सहायक अभियंता उपस्थित थे।

अधिकारियों को मोबाइल बंद न रखने के निर्देश

निगमायुक्त ने कहा कि कोई भी अधिकारी अपना मोबाइल नंबर बंद न रखे तथा अगर किसी कारणवश आमजन का फोन नहीं उठा पाएं, तो बाद में उससे जरूर संपर्क करें। इसी प्रकार वाट्सएप या अन्य माध्यम से आने वाले संदेशों पर भी रिप्लाई अवश्य करें। निगमायुक्त ने कार्यकारी अभियंता (बागवानी) से कहा कि वे मानसून के दौरान पौधरोपण का शेड्यूल तैयार करें। इसके साथ ही सभी कार्यकारी अभियंता मिशन मोड में विकास कार्यों के टेंडर व वर्क अलॉटमैंट संबंधी प्रक्रियाएं पूरी करवाएं।

पानी छिड़काव करने से नागरिकों को भीषण गर्मी से मिल रही राहत

निगम की तरफ से एंटी स्मॉगगन व टैंकरों से छिड़का जा रहा है पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

शहर में पड़ रही भीषण गर्मी से नागरिकों को राहत दिलाने के लिए नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रतिदिन विभिन्न सड़कों व भीड़भाड़ वाले स्थानों पर एंटी स्मॉगगन तथा टैंकरों के माध्यम से सीवरेज ट्रीटमैंट प्लांट से शोधित पानी का लगातार छिड़काव किया जा रहा है।

पिछले काफी दिनों से लगातार किए जा रहे इस छिड़काव कार्य से नागरिकों को भीषण गर्मी से राहत मिलने के साथ ही बढ़ते तापमान को कम करने में मदद मिल रही है। शहर के नागरिक विशेषकर सड़कों से पैदल गुजरने वाले तथा स्ट्रीट वेंडर्स

व वाहन चालक नगर निगम गुरुग्राम की इस पहल की प्रशंसा कर रहे हैं। सोहना चौक पर एक राहगीर ने बताया कि पानी के छिड़काव के चलते कुछ हद तक तापमान सही हो रहा है, जिससे पैदल चलने वालों व वाहन चालकों को राहत मिली है।

प्रदूषण को भी कम करने में भी मददगार

नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त डॉ. नरहरि सिंह बांगड़ के अनुसार भीषण गर्मी में बढ़ते तापमान को नियंत्रित करने के लिए निगम द्वारा सड़कों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में लगातार पानी का छिड़काव किया जा रहा है। एंटी स्मॉग गन व टैंकरों के माध्यम से किए जाने वाले इस छिड़काव से आसपास का क्षेत्र ठंडा रहता है, जिससे तापमान में गिरावट आती है। इसके साथ ही पर्यावरण प्रदूषण को भी कम करने में यह सहायक है। उन्होंने नागरिकों से गर्मी के मौसम में हीट वेव से अपना बचाव करने का आह्वान किया। साथ ही शीतल पेय पदार्थों व पानी का अधिक से अधिक उपयोग करने पर बल दिया।

नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में कमी न हो

अतिरिक्त उपायुक्त ने परिवार पहचान पत्र केंद्र का किया औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने सोमवार को स्थानीय सेक्टर-12, लघु सचिवालय परिसर में स्थित परिवार पहचान पत्र केंद्र के माध्यम से नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं का फीडबैक लेने के लिए परिवार पहचान पत्र केंद्र का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि परिवार पहचान पत्र केंद्र के माध्यम से नागरिकों को मिलने वाली सुविधाओं में किसी प्रकार की कमी नहीं होनी चाहिए।

अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने बताया कि सरकार का उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति व समाज में अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ पहुंचना है। अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने वहां पर तैनात कर्मचारियों को निर्देश दिए कि परिवार पहचान पत्र केंद्र में विभिन्न कार्यों के लिए आने वाले नागरिकों को किसी भी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। साथ ही सभी कर्मचारी से नागरिकों के साथ उचित व्यवहार बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कर्मचारियों द्वारा नागरिकों को निर्धारित समयावधि में सेवाएं उपलब्ध करवाने के आदेश दिए। कर्मचारी के खिलाफ कोई शिकायत मिलती है तो उस पर नियमानुसार कार्रवाई होगी।

पहचान पत्र में त्रुटि का करें निवारण

इस दौरान अतिरिक्त उपायुक्त आनंद शर्मा ने परिवार पहचान पत्र केंद्र में आने वाले नागरिकों से सुविधाओं के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने परिवार पहचान पत्र केंद्र में आए लोगों को आश्वासन दिया कि उनकी आवश्यकताओं और समस्याओं को ध्यान में रखते हुए, हर प्रकार से उनकी संभव सहायता प्रदान की जाएगी और पहचान पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटि है तो उनका जल्द से जल्द निवारण किया जाएगा।

हुक्के में प्रयोग वाली सामग्री बरामद

अवैध हुक्काबार पर छापा दो को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

थाना कौशाम्बी पुलिस ने सोमवार को अवैध रूप से चलाई जा रही हुक्काबार पर छापा मारा। पुलिस ने छापेमारी के दौरान अवैध रूप से संचालित हुक्का बार चलाने वाले 2 लोगों को गिरफ्तार किया है और उनके कब्जे से 7 हुक्का, 5 हुक्का की प्लेट, 7 हुक्का की पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू से भरी हुई 2 चिलम, 5 रबड़ की चिलम व हुक्के में प्रयोग होने वाली सामग्री तंबाकू आदि बरामद ।

एसीपी ने बताया कि थाना कौशाम्बी पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना प्राप्त हुई कि एंजल मेगा मॉल स्थित द ब्लू कैफे एवं लिकर हाउस के अंदर अवैध हुक्का चल रहा है । तत्काल थाना कौशांबी पुलिस ने छापा मारा और वहां से सतीश निवासी गांव मईवू चन्द कस्बा अल्हापुर थाना अल्हापुर , गौरी शंकर शर्मा निवासी ब्राह्मण मोहल्ला मुख्य ग्राम लालपुरा को गिरफ्तार किया। वहां से

छापेमारी के दौरान कब्जे से 7 हुक्का, 5 हुक्का की प्लेट, 7 हुक्का की पाइप, फ्लेवर्ड तंबाकू से भरी हुई 2 चिलम, 5 रबड़ की चिलम व हुक्के में प्रयोग होने वाली सामग्री तंबाकू आदि बरामद हुआ है ।

भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा का परिवार मिलन

गुरुग्राम। भारत विकास परिषद महाराणा प्रताप शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह व परिवार मिलन कार्यक्रम का किया गया। आयोजन साउथ सिटी के एक होटल में हुआ। जिसमें 110 से भी ज़्यादा परिवारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि के रूप में राज कुमार अग्रवाल क्षेत्रीय महासचिव भारत विकास परिषद व विशिष्ट अतिथि भानी राम मंगला , समाज सेवी व पूर्व चेयरमैन गो सेवा आयोग रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रांतीय अध्यक्ष अनिल बंसल ने की। क्षेत्रीय महासचिव राज कुमार अग्रवाल ने पूरे देश में भारत विकास परिषद द्वारा किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा पूरे देश में 55 बड़े सेवा केन्द्र चलाए जा रहे हैं। जिसमे गुरुग्राम का विवेकानंद आरोग्य केन्द्र भी प्रमुख है। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पधारे भानीराम मंगला ने आरोग्य केन्द्र के विस्तार के किए 5 लाख रुपए दान किया। कहा विवेकानंद आरोग्य केंद्र लोगों के लिए वरदान साबित हो रहा है। डॉ के के खुराना को नवगठित टीम में अध्यक्ष, संदीप गुप्ता को सचिव, मयंक गोयल को कोषाध्यक्ष, रेखा तिवारी को उपाध्यक्ष संस्कार, आरके गर्ग, अर्शा गुप्ता को संयुक्त सचिव का कार्यभार दिया गया।

गुमशुदा लड़के की तलाश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि यह लड़का (फोटो में प्रदर्शित) जिसका **नाम:** विकास कुमार **पुत्र:** श्री लालमन, **निवासी:** मकान नंबर बी–1, ए/11, क्राउन होण्डा, मोहन को–ऑपरेटिव, बदरपुर, नई दिल्ली, **उम्र:** 22 साल, **कद:** 5 फुट 2 इंच, **रंग:** गोरा, **चेहरा:** अण्डाकार, **शरीर:** पतला, **पहनावा:** काले रंग की पैन्ट व शर्ट एवं पैरों में चप्पल पहने हुए है, दिनांक 22.05.2024 को समय करीब 07.00 बजे शाम को अपने घर थाना अन्तर्गत बदरपुर, नई दिल्ली से लापता हो गया है।

इस संदर्भ में **DD No. 33A Dated 23.05.2024** थाना बदरपुर, नई दिल्ली में दर्ज किया गया है।

पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी अब तक इस लापता लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग नहीं मिल पाया है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लड़के के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

थाना प्रभारी
थाना– बदरपुर, नई दिल्ली
फोन: 011-29894753, 8750870933

ईमेल : cic@cbi.gov.in
वेबसाइट : http://cbi.nic.in
दूरभाष : 011-24368638, 9667341024

DP/6316/SE/2024

अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

धारा 82 Cr. P. C. देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **जफर खान पुत्र तोसिफ,** निवासी मकान नं. 05, गली नंबर 14, न्यू गोविंदपुरा, चंदर नगर, जगतपुरी, दिल्ली, ने **FIR. No. 418/22 U/s 3/4/5/55 G.Act.,** के अंतर्गत थाना: **जगतपुरी,** दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **जफर खान** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **जफर खान** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR. No. 418/22 U/s 3/4/5/55 G.Act.,** थाना: **जगतपुरी,** दिल्ली के उक्त अभियुक्त **जफर खान** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **10.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
आयुषी सक्सेना, Ld. MM-05
कमरा नंबर 48, कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली

DP/7184/SHD/2024

एक सप्ताह में शिफ्टिंग का काम शुरू नहीं हुआ तो होगा बड़ा आंदोलन

हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हो रही मौतों से गुस्साए नागरिकों ने एसई कार्यालय का किया घेराव

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

सेक्टर-3 में हाईटेंशन बिजली लाइन की चपेट में आने से बीते करीब 7 सालों में एक दर्जन निर्दोष नागरिकों की मौत हो चुकी है। रविवार को मकान नंबर 503 में एक मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। भाटिया कालोनी बल्लभगढ़ में रहने वाला सिंटू नामक यह मजदूर एम्स के ट्रामा सेंटर में जिंदगी और मौत से जूझ रहा है। जुलाई 2022 में भी चार मजदूर हाईटेंशन लाइन की चपेट में आए थे। जिसमें तीन मौत के मुंह में चले गए थे। सेक्टर-3 के नागरिकों ने रेजिडेंट वेलफेयर फेडरेशन के प्रधान सुभाष लांबा

व सचिव रतनलाल राणा के नेतृत्व में एचवीपीएन के एसई के सेक्टर-18 के कार्यालय का घेराव किया और इन हादसों व मौतों के जिम्मेदार सरकार व निगम के खिलाफ जमकर प्रदर्शन किया। नागरिकों का आक्रोश तब ओर बढ़ गया जब उनका मालूम हुआ की एसई अतुल अग्रवाल ऑफिस में मौजूद नहीं है।

लाइन शिफ्ट का मिला था आश्वासन

नागरिकों का कहना था कि 5 फरवरी को एसई ने शीघ्र लाइन शिफ्ट करवाने का आश्वासन दिया था। उसके बाद एसई ने फेडरेशन के प्रधान व सचिव के फोन उठाने ही बंद कर दिए। प्रदर्शन के दौरान एक्सईएन दीपक गर्ग मौके पर पहुंचे और उन्होंने स्थिति को बड़ी मुश्किल से संभाला। क्योंकि बड़ी संख्या में प्रदर्शन में शामिल महिलाएं काफी गुस्से में थी। क्योंकि उनके मकानों का कई लाख रुपए के उपकरण जल कर राख हो गए हैं।

हरियाणा सरकार निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर परिषद पलवल	वार्ड नं. 5 में प्रकाश जोगी से चरण पंडित और योगेश पंडित से बबली तक रोड और ड्रेन का निर्माण + 22 कार्य।	07.06.2024 14.06.2024	389.80 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9416410674 secymc.pawal@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद विज्ञा. सं.-13/2025/40/26573/I/88/7 दि. 10.06.24

उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खुली ई–निविदा सूचना

उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली (भारत के राष्ट्रपति की ओर से) द्वारा मुहरबंद निम्नलिखित कार्य हेतु एक पैकेट खुली ई–निविदा आमंत्रित की जाती है।

कार्य का नाम व स्थान	उप मुख्य अभियंता/टी.एम.सी./ला., उत्तर रेलवे, स्टेट एन्ट्री रोड, नई दिल्ली के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन ट्रैक मशीन अनुरक्षण डिपो तुगलकाबाद, कुरुक्षेत्र, लखनऊ, भटिंडा और मुरादाबाद एवं कार्यस्थल पर ट्रैक मशीन खराबी के दौरान क्रिम्पड फिटिंग हाइड्रॉलिक होज की सप्लाई और फिक्सिंग (इच्छित लम्बाई में)।
सामान्य कार्य की प्रकृति	ट्रैक मशीनों के लिए क्रिम्ड फिटेड हाइड्रोलिक होसेस की आपूर्ति और फिक्सिंग या ट्रैक मशीनों के **आई.ओ.एच./पी.ओ.एच./ट्रैक मशीन की प्रमुख मरम्मत** का कार्य।
कार्य समाप्त अवधि	02 वर्ष
अनुमानित लागत	₹83.79 लाख केवल
धरोहर राशि (ऑनलाइन जमा)	₹1,67,600/-
निविदा पत्र का मूल्य (ऑनलाइन जमा)	₹ शून्य
निविदा जमा करने वा खुलने की तिथि व समय	निविदा प्रपत्र दिनांक **11.06.2024** से **02.07.2024** तक सायंकाल 15:00 बजे तक रेल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध रहेगा। निविदा **02.07.2024** को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद खुलेगी।
निविदा सूचना व निविदा प्रपत्र का पूर्ण विवरण	इस निविदा की सूचना उत्तर रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा प्रपत्र बिडिंग के लिए **IREPS (www.ireps.gov.in)** पर दिनांक **18.06.2024** से दिनांक **02.07.2024** तक उपलब्ध रहेगा। निविदा से संबंधित सभी नियम व शर्त निविदा प्रपत्र में दी गई हैं। निविदा सूचना का विवरण इस कार्यालय के सूचना पटल पर भी देख सकते हैं।

पत्र सं.: 1–डब्ल्यू–उ.मु. अभि.–टी.एम.सी.–ला.–एच.एच.–04–24–25
दिनांक: 10.06.2024 1730/2024
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

खबर संक्षेप

कल्पना सोरेन ने विधायक के तौर पर शपथ ली

रांची। जेल में बंद झारखंड के पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने सोमवार को

गांडेय विधानसभा सीट से विधायक के तौर पर शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्र नाथ महतो ने उन्हें शपथ दिलाई। इस दौरान सीएम चंपई सोरेन और झारखंड मुक्ति मोर्चा के अन्य नेता मौजूद थे। कल्पना ने भाजपा के दिलीप कुमार वर्मा के खिलाफ 27,149 मतों के अंतर से जीत दर्ज की है।

मंत्री पद से आलमगीर आलम ने दिया इस्तीफा

रांची। टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में बंद आलमगीर आलम ने ग्रामीण विकास मंत्री पद और सीएम

चंपई सोरेन की कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया है। बता दें आलम टेंडर कमीशन घोटाले में जेल में बंद हैं। राज्य सरकार ने शुक्रवार को आधिकारिक अधिसूचना जारी कर आलम को आवंटित किए गए सभी संसदीय कार्य, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य विभाग तथा पंचायती राज विभागों को वापस ले लिया था।

हाईवा की टक्कर से दो की मौत, दो जख्मी

सुपौल। बिहार के सुपौल में एक सड़क हादसे में दो युवकों की मौत हो गई। जिले के त्रिवेणीगंज थाना क्षेत्र एनएच 327ई पर बघला पुल के धर्मकांटा के पास रविवार की रात एक बजे तेज रफ्तार कार ने सड़क किनारे खड़े हाईवा ट्रक को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। कार में चार युवक सवार थे जिनमें से दो युवकों की मौत हो गई वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। रात्रि गश्ती पुलिस सभी घायलों को इलाज के लिए सरकारी अस्पताल त्रिवेणीगंज लेकर पहुंची। जहां प्राथमिक उपचार किया गया।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने बैठक में दिए निर्देश

नए माफिया और पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर करें प्रभावी कानूनी कार्रवाई, महिलाओं-बच्चों की सुरक्षा प्रणाली को बनाएं और अधिक सुदृढ़

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव-2024 खत्म होते ही यूपी पुलिस एक बार फिर अपराधियों पर पूरी तरह नकेल कसने में जुट गई है। डीजीपी प्रशांत कुमार ने नए माफिया तथा पेशेवर अपराधियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध योजनाबद्ध तरीके से प्रभावी कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। उन्होंने पूर्व में पंजीकृत माफिया गैंग के सभी सदस्यों के विरुद्ध सफल अभियोजन, संपत्ति जब्तीकरण और अन्य विधिक कार्रवाई करने का भी निर्देश दिया। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए उन्होंने कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण व यातायात प्रबंधन की समीक्षा बैठक की। उन्होंने नियमित पुलिसिंग के कार्यों जैसे विवेचना, अपराध अपराध नियंत्रण, अभियोजन, जन सुनवाई, बीट पुलिसिंग प्रणाली, ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन त्रिनेत्र और मिशन शक्ति और अधिक ध्यान देने पर जोर दिया।

खास बातें

- ऑपरेशन त्रिनेत्र और मिशन शक्ति पर ध्यान दें
- त्रिनेत्र एप में अधिक से अधिक अपराधियों का डेटा जमा करें
- महिलाओं और बच्चों से संबंधित अपराधों को गंभीरता से लें

त्रिनेत्र एप 2.0 का उपयोग करें

डीजीपी ने कहा कि यूपी एसटीएफ द्वारा विकसित त्रिनेत्र एप 2.0 लागू हो चुका है। जनपदीय पुलिस के सभी अधिकारी टूल्स की जानकारी रखें तथा उसका जरूरत के अनुसार उपयोग करें। साथ ही त्रिनेत्र टूल्स पर समय-समय पर डेटा अपलोड करें। यह एप फेस रिकॉग्निशन तकनीक तथा वॉयस रिकॉग्निशन तकनीक से युक्त है, अतः इसमें अधिक से अधिक गिरफ्तार अपराधियों, संदिग्ध व्यक्तियों का आडियो वीडियो व फोटो अपलोड किया जाए।

एक जुलाई से लागू होने जा रहे नए कानूनों पर दें प्रशिक्षण

डीजीपी ने कहा कि पहली जुलाई से लागू होने वाली नई भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम को लागू करने के लिए प्रशिक्षण, आवश्यक उपकरणों की खरीदारी तथा व्यापक प्रचार-प्रसार पर ध्यान दिया जाए। महिलाओं और बच्चों से संबंधी अपराधों को अत्यधिक गंभीरता से लेते हुए संलिप्त अभियुक्तों के विरुद्ध त्वरित कानूनी कार्रवाई की जाए। महिला सुरक्षा के लिए महिला बीट व महिला हेल्प डेस्क के कार्यों की समीक्षा कर पुलिस बीट प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए।

लोकसभा चुनाव नतीजों के बाद लगातार एक्शन मोड में सीएम योगी

मंत्रिपरिषद की बैठक आज, योजनाओं को जमीन पर उतारने की कवायद शुरू

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव-2024 में भाजपा को उम्मीदों से कम सीटें मिलने के बाद यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ लगातार एक्शन मोड में हैं। उन्होंने मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। इसके पहले 8 जून को बुलाई मंत्रिपरिषद की बैठक में सीएम योगी ने विभिन्न विभागों के मंत्रियों को कामकाज में तेजी लाने और योजनाओं को जमीन पर उतारने का निर्देश दिया था।

बता दें, सीएम योगी आदित्यनाथ रविवार को मोदी 3.0 सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए दिल्ली में थे। सोमवार की सुबह उन्होंने दिल्ली में केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह और नितिन गडकरी से मुलाकात की। उन्होंने पार्टी के शीर्ष नेताओं को जीत और मंत्री बनने की बधाई देते हुए अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की। दिल्ली से लौटते ही सीएम योगी एक बार फिर यूपी सरकार के कामकाज की समीक्षा करेंगे।

> लोकसभा चुनाव के अनापेक्षित नतीजे सामने आने के बाद से सीएम योगी लगातार एक्शन मोड में हैं। उन्होंने मंगलवार को कैबिनेट मीटिंग बुलाई है। इसके पहले उन्होंने 8 जून को बैठक की थी।

खास बातें

- जनता के बीच संवाद, समन्वय, संवेदनशीलता की नीति अपनाएं
- जनता की समस्याओं का समाधान करें
- मंत्री क्षेत्र, प्रभार वाले जिलों और विभागों पर ध्यान केंद्रित करें

वीआईपी कल्चर से दूर रहें

सीएम योगी ने मंत्रियों से कहा था कि वे वीआईपी कल्चर छोड़कर जनता के बीच जाएं। मंत्री हों या अन्य जनप्रतिनिधि, सभी को वीआईपी कल्चर से परहेज करना होगा। हमारी कोई भी गतिविधि ऐसी न हो, जो वीआईपी संस्कृति को प्रदर्शित करती हो, इसके लिए सभी को सतर्क और सावधान रहना होगा।

आतंकी घटना पर दुख जताया

सोशल मीडिया प्लेटफार्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में सीएम योगी ने लिखा कि जम्मू कश्मीर में तीर्थ यात्रियों की बस पर हुआ कायराना हमला अत्यंत दुःखद है। मेरी ओर से दिवंगत पुण्यात्माओं को विनम्र श्रद्धांजलि! मेरी संवेदनाएं शोक संतप्त परिजनों के साथ हैं। प्रभु श्री राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान और सभी घायलों को शीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें। उन्होंने यूपी के अपर मुख्य सचिव गृह और पुलिस महानिदेशक को भी निर्देश दिए।

जनता के बीच रहें

सीएम योगी ने मंत्रियों को यूपी में जल्द संभावित विधानसभा उपचुनावों के लिए जुटने का एजेंडा सौंपा। उन्होंने कहा कि जनता के बीच रहें। पूरा फोकस अपने क्षेत्र, प्रभार वाले जिले और विभाग पर करें। नसीहत दी कि अनावश्यक बयानबाजी से बचें। मोबाइल पर बात करने में बेहद सावधानी बरतें। जनता के बीच संवाद, समन्वय और संवेदशीलता की नीति अपनाते हुए उनकी समस्याओं के समाधान की जरूरत है।

स्कूल, कॉलेज बनवा सकेंगे यूपी के लोग

यूपी सरकार शहरों में लोगों को अपने हिसाब से विकास कराने की सुविधा दे दी है। स्कूल, कॉलेज में कक्षाओं का निर्माण, स्मार्ट क्लास, सामुदायिक भवन, विवाह के लिए मैरेज हॉल व स्किल सेंटर का निर्माण कराना है तो कोई भी करवा सकता है। नगर विकास विभाग ने इसके लिए उत्तर प्रदेश मातृभूमि अर्पण योजना की शुरुआत की है। अपने हिसाब से काम कराने वाले को 60 फीसदी रकम देनी होगी। शेष 40 फीसदी नगर विकास विभाग देगा। प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने सोमवार को इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया है। ऐसे विकास होने वाले स्थानों पर राज्य सरकार द्वारा निर्धारित आकार व प्रकार का शिलापट्ट लगाया जाएगा और संबंधित व्यक्ति या संस्था का नाम उस पर लिखाया जाएगा।

लोकसभा चुनाव में हार की वजह ढूंढ रहीं मायावती

सेक्टर प्रभारियों से 20 जून तक हार के कारणों की मांगी रिपोर्ट

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लोकसभा चुनाव में हुई हार बसपा प्रमुख मायावती पचा नहीं पा रही हैं। अब वे हार की वजह ढूंढ रहीं हैं। मायावती ने बसपा संगठन में बड़ा बदलाव किया है। उन्होंने यूपी को छह सेक्टरों में बांट दिया है। बसपा सुप्रीमो मायावती ने नवगठित सेक्टर प्रभारियों से 20 जून तक हार के कारणों की पूरी रिपोर्ट मांगी है। सेक्टर प्रभारियों को यह बताना होगा कि इसमें कितने डमी उम्मीदवार थे और कितनों के चयन में लापरवाही बरती गई है। मायावती के निर्देश पर प्रयागराज मंडल में बड़ी कार्रवाई करते हुए पूर्व मंडलीय प्रभारी अशोक गौतम समेत दो को पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पार्टी की मजबूती को लेकर मायावती के फिर से सक्रिय होने के साथ ही आकाश आनंद को लेकर भी चर्चा तेज हो गई है।

सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठकें शुरू

सेक्टर प्रभारियों की बैठक शुरू हो गई है। बसपा सुप्रीमो नवगठित सेक्टर प्रभारियों के साथ बैठक कर रहीं हैं। पार्टी मुख्यालय पर रविवार को अलीगढ़, आगरा, कानपुर व प्रयागराज मंडल के बने सेक्टर की बैठक हुई थी। बसपा सुप्रीमो ने पहले सेक्टर प्रभारियों के साथ सामूहिक बैठक की, इसके बाद मंडलीय प्रभारियों के साथ अलग-अलग बैठक कर फीड बैक लिया। सूत्रों का कहना है कि इन चारों मंडल में आने वाले लोकसभा सीटों पर उम्मीदवारों के चयन और हार के कारणों के बारे में जानकारी ली। मायावती ने बैठक में सेक्टर प्रभारियों से पूछा कि हार की मुख्य वजह क्या रही? अपना ही वोट हमें पूरी तरह से क्यूं नहीं मिल पाया। चुनाव में जिलाध्यक्षों ने कितनी मेहनत की।

राष्ट्रीय पदाधिकारियों की होगी बैठक

बसपा सुप्रीमो ने सभी सेक्टर प्रभारियों से 20 जून तक विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। इसके बाद राष्ट्रीय स्तर पर लखनऊ में पदाधिकारियों की बैठक होगी। रिपोर्ट के आधार पर ही जिलाध्यक्षों व मंडल प्रभारियों पर कार्रवाई की जाएगी। बताया जा रहा है कि कई जिलाध्यक्षों को हटाया जाएगा और उनके स्थान पर अनुभवी के साथ ही मेहनती युवाओं को मौका दिया जाएगा। बसपा सुप्रीमो ने बैठक में संगठन बनाने का भी निर्देश दिया है। बसपा सुप्रीमो के निर्देश पर मुख्य जोन प्रभारी राजू गौतम ने प्रयागराज के पूर्व मंडलीय प्रभारी अशोक कुमार गौतम और लोकसभा प्रत्याशी शुभ नारायण गौतम को अनुशासनहीनता के आरोप में पार्टी से निष्कासित कर दिया है।

पेज एक का शेष

पीएम आवास योजना...

की सोमवार हुई बैठक में पीएम आवास के तहत घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता उपलब्ध कराने का निर्णय लिया गया है। इससे पात्र परिवारों की संख्या में वृद्धि से उत्पन्न आवास की जरूरतों को पूरा किया जा सकेगा। प्रधानमंत्री के आवास पर हो रही इस बैठक में अमित शाह, राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान और एचडी कुमारस्वामी समेत सभी केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मौजूद रहे।

पुलवामा हमले...

कर दिया था। इसके बाद भारत द्वारा पांच अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने, राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में बांटने और धारा-370 को समाप्त करने के बाद दोनों देशों के संबंध और अधिक तल्ख हो गए थे। भारत, पाकिस्तान के साथ सामान्य संबंध बनाने का इच्छुक है। लेकिन इसके लिए पाक को आतंकवाद मुक्त माहौल बनाना पड़ेगा और उससे जुड़ी हुई तमाम गतिविधियों से दूरी बनानी पड़ेगी।

राजनाथ, शाह, गडकरी, निर्मला,...

इससे पहले विभागों का बंटवारा करने में 2019 में 18 घंटे और 2014 में 15.30 घंटे लगे थे। रविवार को मोदी के साथ 71 मंत्रियों ने शपथ ली। इनमें 30 कैबिनेट मंत्री और 5 स्वतंत्र प्रभार मंत्री और 36 राज्य मंत्री हैं। सोमवार को हुई मोदी कैबिनेट की पहली बैठक के बाद भाजपा ने गृह मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, विदेश मंत्रालय अपने पास रखे हैं। मंत्रिमंडल में शामिल किए गए नए मंत्री शाम करीब पांच बजे प्रधानमंत्री के 7, लोक कल्याण मार्ग स्थित आवास पर मोदी 3.0 कैबिनेट की पहली बैठक में पहुंचे।

सिंधिया को दूरसंचार...

मोहन नायडू को उड्डयन मंत्रालय, पीयूष गोयल को वाणिज्य मंत्रालय, प्रह्लाद जोशी को उपभोक्ता मामले का मंत्रालय, गजेंद्र सिंह सेखावत को संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय व अर्जुनराम मेघवाल को कानून मंत्री बनाया गया है। मेघवाल के पास भी पहले कानून मंत्रालय ही थी।

किसे क्या मिला?...

जुएल ओराम: जनजातीय कार्य मंत्री
गिरिराज सिंह: वस्त्र मंत्री
अश्विनी वैष्णव: रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण मंत्री तथा आईटी
ज्योतिरादित्य सिंधिया: संचार मंत्री तथा पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री
भूपेंद्र यादव: पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री
गजेंद्र सिंह शेखावत : संस्कृति मंत्री तथा पर्यटन मंत्री
श्रीमती अन्नपूर्णा देवी: महिला एवं बाल विकास मंत्री
किरेन रिजिजू: संसदीय कार्य मंत्री तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्री
हरदीप सिंह पुरी: पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री
डॉ. मनसुख मांडविया: श्रम एवं रोजगार मंत्री तथा युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्री
जी. किशन रेड्डी: कोयला मंत्री तथा खान मंत्री
चिराग पासवान: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री
सी. आर. पाटिल, जल शक्ति मंत्री

राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)

राव इंद्रजीत सिंह: सांख्यिकी, संस्कृति मंत्रालय के राज्य मंत्री
डॉ. जितेंद्र सिंह: विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, पृथ्वी विज्ञा, लोक शिकायत एवं पेंशन परमाणु ऊर्जा विभाग, अंतरिक्ष विभाग में राज्य मंत्री
अर्जुन राम मेघवाल: विधि एवं न्याय और संसदीय कार्य
जाधव प्रतापराव गणपतराव: आयुष मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण
जयंत चौधरी: कौशल विकास और उद्यमिता और शिक्षा मंत्रालय

राज्य मंत्री

जितिन प्रसाद: वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय और आईटी
श्रीपाद येसो नाईक: विद्युत और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा
पंकज चौधरी: वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री
कृष्ण पाल, सहकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री
रामदास अठावले: सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री।
रामनाथ ठाकुर: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री।
नित्यानन्द राय: गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री।
श्रीमती अनुप्रिया पटेल: स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और रसायन एवं उर्वरक
वी. सोमन्ना: जल शक्ति मंत्रालय और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
डॉ. चंद्रशेखर पेम्मासानी: ग्रामीण विकास मंत्रालय और संचार मंत्रालय
प्रो. एसपी सिंह बघेल: मत्स्य पालन, पशुपालन-डेयरी और पंचायती राज
सुश्री शोभा करंदलाजे: सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम और श्रम एवं रोजगार
कीर्तिवर्धन सिंह: पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन और विदेश मंत्रालय
बी.एल. वर्मा: उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण और सामाजिक न्याय
शान्तनु ठाकुर: पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
सुरेश गोपी: पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय और पर्यटन
डॉ. एल. मुरुगन: सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और संसदीय कार्य
अजय टम्टा: सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
बंदी संजय कुमार: गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री
कमलेश पासवान: ग्रामीण विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री।
भागीरथ चौधरी: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री।
सतीश चंद्र दुबे: कोयला और खान मंत्रालय में राज्य मंत्री।
संजय सेठ: रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री।
रवनीत सिंह: खाद्य प्रसंस्करण उद्योग और रेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
दुर्गादास उइके: जनजातीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
श्रीमती खडसे रक्षा निखिल: युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय में राज्य मंत्री।
सुकांता मजूमदार: शिक्षा और उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास
श्रीमती सावित्री ठाकुर: महिला एवं बाल विकास मंत्रालय में राज्य मंत्री।
तोखन साहू: आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री।
राज भूषण चौधरी: जल शक्ति मंत्रालय में राज्य मंत्री।
भूपति राजू श्रीनिवास वर्मा: भारी उद्योग और इस्पात मंत्रालय में राज्य मंत्री।
हर्ष मल्होत्रा: कॉर्पोरेट कार्य और सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय में राज्य मंत्री।
श्रीमती निमुबेन जयंतीभाई बांभणिया: उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्यमंत्री।
मुरलीधर मोहोल: सहकारिता मंत्रालय और नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री।
जॉर्ज कुरियन: अल्पसंख्यक कार्य और मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्रालय में राज्य मंत्री।
पबित्रा मार्गेरिटा: विदेश मंत्रालय और वस्त्र मंत्रालय में राज्य मंत्री।

समारोह में शामिल...

मंच 'एक्स' पर कुछ पोस्ट में दी। उधर, जानकारों का मानना है कि विदेश मंत्री की इन द्विपक्षीय बैठकों के जरिए भारत के इन सातों पड़ोसी देशों के साथ द्विपक्षीय संबंधों को मजबूती मिलेगी।

निकटता से काम करेंगे भारत-मालदीव: उन्होंने बताया कि नई दिल्ली में मालदीव के राष्ट्रपति डॉ.मोहम्मद मुइज्जू के साथ मुलाकात कर बेहद खुशी हुई। भारत और मालदीव बेहद निकटता और गहनता से काम करने की उम्मीद करते हैं। एस.जयशंकर मोदी कैबिनेट में लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री का पद संभाल रहे हैं। भारत ने रविवार को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किए गए शपथ ग्रहण समारोह में शिरकत करने के लिए अपने सात पड़ोसी और आईओआर के देशों के राष्ट्रप्रमुखों को न्योता भेजा था। सभी ने भारत के निमंत्रण को सहर्ष स्वीकार कर लिया था।

तल्ख रहे हैं भारत-मालदीव संबंध: गौरतलब है कि पिछले साल 17 नवंबर को द्वीपीय देश मालदीव की कमान संभालने के बाद राष्ट्रपति मुइज्जू का यह पहला भारत दौरा है। दोनों देशों के संबंधों में उस समय अच्छी-खासी तल्खी आ गई थी। जब मालदीव के राष्ट्रपति ने कार्यभार संभालने के कुछ घंटे बाद ही अपने देश से भारतीय सेना की टुकड़ी को हटाने का निर्देश दे दिया था और उसे स्थानीयों के साथ बदल दिया था। डॉ.मुइज्जू को चीन का समर्थक माना जाता है। पिछले साल कार्यभार संभालने के बाद उन्होंने सबसे पहले तुर्किए और चीन की ही राजकीय यात्रा की थी। अन्य राष्ट्राध्यक्षों के साथ हुई बैठकें: मालदीव के बाद विदेश मंत्री ने बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ द्विपक्षीय बैठक की। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश की प्रधानमंत्री से मुलाकात से गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। दोनों देशों की मित्रता लगातार आगे बढ़ रही है। इसके बाद श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के साथ हुई मुलाकात का एक्स पर जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि श्रीलंकाई राष्ट्रपति द्वारा आज सुबह मुझसे मिलने की सराहना करता हूं। हम भारत-श्रीलंका संबंधों की तीव्र प्रगति को पहचान के साथ रेखांकित करते हैं। इसके अलावा भूटान के प्रधानमंत्री से मुलाकात पर जयशंकर ने कहा कि उसमें दोनों देशों की अनोखी और बहुपक्षीय मित्रता पर चर्चा की गई। मॉरीशस के प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक पर भारत के विदेश मंत्री ने कहा कि यह दोनों देशों के बीच बने हुए विशेष संबंध यानी विश्वास को प्रदर्शित करती है। नेपाल के प्रधानमंत्री के साथ हुई बैठक पर विदेश मंत्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि नेपाल पीएम पुष्प कमल दहल प्रचंड से मुलाकात कर बहुत प्रसन्नता हुई। उनके साथ बातचीत के दौरान बढ़ते हुए भारत और नेपाल सहयोग से जुड़े हुए कई तथ्यों पर विचार विमर्श किया गया।

राजनाथ, शाह...

जानकारों का मानना है इन चारों मंत्रालयों को भाजपा अपने तीसरे कार्यकाल में भी अपने पास ही रखना चाहती थी। क्योंकि इनका सीधा संबंध देश की आंतरिक व बाहरी सुरक्षा, विदेश, वित्त मामलों से होता है। इसके अलावा चारों मंत्रियों के पूर्व कार्यकाल में उक्त विभागों में किए गए गैर विवादित और बेहतरीन काम भी उनकी पुनर्नियुक्ति के बड़े कारण के रूप में उभरी है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि 2019 से 2024 तक सफल कार्यकाल के बाद प्रधानमंत्री की सलाह पर राष्ट्रपति ने लगातार दूसरी बार राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। राजनाथ, लखनऊ से सांसद बने हैं। पहली बार उन्होंने 1 जून 2019 में रक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली थी। वह भाजपा के ना केवल वरिष्ठ नेता हैं। बल्कि उन्होंने केंद्र और उत्तर प्रदेश सरकार में भी कई महत्वपूर्ण राजनीतिक और प्रशासनिक पदों पर कार्य किया है। उनका विवाह सावित्री सिंह के साथ हुआ है और परिवार में उनके दो बेटे हैं। राजनाथ सिंह के अलावा संजय सेठ को रक्षा राज्य मंत्री बनाया गया है। वह झारखंड के रांची से लगातार दूसरी बार सांसद बने हैं। राजनाथ सिंह की तरह ही दूसरी बार विदेश मंत्री बनाए गए एस.जयशंकर अपने पूर्व कार्यकाल में मोदी सरकार के बेहद चर्चित मंत्रियों में शुमार रहे हैं। उन्होंने रूस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास संघर्ष समेत कई वैश्विक मामलों में बेहद मजबूती के साथ भारत का पक्ष रखा है। एस.जयशंकर एक पूर्व भारतीय राजनयिक रहे हैं और विदेश नीति से जुड़े मामलों की उन्हें अच्छी खासी समझ है। विदेश सेवा से सेवानिवृत्ति के बाद उन्होंने टाटा समूह के साथ भी कार्य किया। लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें बुलाया और देश के विदेश मंत्री की अहम जिम्मेदारी सौंपी थी। अब लगातार दूसरी बार उन्हें मोदी सरकार में विदेश मंत्री बनाया गया है।

मोदी कैबिनेट में अमित शाह को एक बार फिर गृह और सहकारिता मंत्री बनाया गया है। पिछली मोदी सरकार में भी अमित शाह को गृह और सहकारिता मंत्री बनाया गया था। पिछले कार्यकाल में बतौर गृह मंत्री अमित शाह ने जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को निरस्त करने का बड़ा काम किया था। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को गति देने के साथ भारत को 5 ट्रिलियन इकोनॉमी बनाने की जिम्मेदारी निर्मला सीतारमण को सौंपी है। निर्मला सीतारमण को फिर से वित्त मंत्रालय का जिम्मेदारी सौंपा गया है। अगले महीने संसद के मानसून सत्र में एनडीए सरकार का जब पहला बजट पेश किया जाएगा तो ये लगातार सातवां मौका होगा जब निर्मला सीतारमण बजट पेश करेंगी।

राहुल-प्रियंका का...

लगकर मिलीं। इसके साथ ही उन्होंने राहुल गांधी और प्रियंका गांधी को भी गले लगाया। शेख हसीना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए शनिवार को दिल्ली पहुंचीं थीं।

मोदी मंत्रिमंडल...

था। गठबंधन दल के नेताओं को कम से कम पता था कि उनके दल से बन रहे मंत्रियों को कौन सा विभाग मिलने वाला है। पीएम मोदी के नेतृत्व को साथी दलों ने मन से स्वीकार किया, यही वजह रही कि मंत्रालय आवंटन के लिए किसी तरह का दबाव पीएम पर था, ऐसा दिखा नहीं। सबसे महत्वपूर्ण माने जाने वाले कैबिनेट कमेटी ऑफ सेकुरिटी की बैठकों में पीएम के साथ केवल भाजपा के ही वरिष्ठ मंत्री बैठेंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण। धर्मेंद्र प्रधान को शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी फिर से दी गई है। मोदी सरकार में पहली बार चार पूर्व मुख्यमंत्रियों का अनुभव का लाभ मिलने जा रहा है।

यूपी में तीन दर्दनाक हादसे

सड़क पर टक्कर और नदी में डूबे लोग, सभी में 4-4 लोगों की मौत

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

यूपी में तीन दर्दनाक हादसे ऐसे हुए हैं जिनमें चार-चार लोगों की मौत हो गई है। गाजीपुर में बरेसर थाना क्षेत्र के मुस्सेपुर गांव के पास पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर सोमवार की भोर में श्रद्धालुओं से भरी बस खड़े ट्रेलर में टकरा गई। चालक को झपकी आने से यह हादसा हुआ। बस चालक समेत चार लोगों की मौत हो गई। वहीं दो दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए।

एक अन्य हादसे में लखीमपुर खीरी जिले में सोमवार को घाघरा नदी में नहाते समय एक ही परिवार के चार सदस्यों की डूबने से मौत हो गई। पुलिस उपायुक्त प्रदीप ने बताया कि सुबह पढ़वा थाना क्षेत्र में तेलियर गांव के एक ही परिवार के पांच सदस्य घाघरा नदी में नहाने गए थे। इस दौरान वे गहरे पानी में चले

जाने के कारण डूब गए। इस घटना में सुशीला (52), सत्यम (24), उर्वशी (17) और कान्हा (10) की मौत हो गई। नैनी नामक महिला को नदी से निकाल लिया गया और उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

तीसरा हादसा गजरौला मार्ग पर कोतवाली क्षेत्र के मनोटा पुल के नजदीक रविवार रात करीब 10:30 बजे हुआ। तेज गति आर्टिगा और बोलेरो कार की आमने-सामने से भिड़ंत हो गई। इस दौरान पीछे से आई स्विफ्ट कार भी टकरा गई। तीन कारों की भिड़ंत में एक यूट्यूबर सहित उसके तीन दोस्तों की दर्दनाक मौत हो गई। जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

सुरक्षा बलों के हाथ लगा हथियारों का

नक्सल डंप से बड़ी मात्रा में कारतूस विस्फोटक, मोर्टार, मोबाइल बरामद

एजेंसी ▶▶ चाईबासा

पश्चिमी सिंहभूम जिला के टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम रेगड़ाहातु एवं तुम्बाहाका के समीप जंगली, पहाड़ी क्षेत्र सेकरपी में सुरक्षा बलों ने नक्सलियों के डंप से बड़ी मात्रा में हथियार बरामद करने में सफलता पाई है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष शेखर ने कहा कि चाईबासा पुलिस, कोबरा, झारखंड जगुआर व सीआरपीएफ के विभिन्न बटालियनों के द्वारा एक संयुक्त अभियान गोईलकेरा थानान्तर्गत ग्राम

कुईड़ा, छोटा कुईड़ा, मारादिरी, मेरालगड़ा, हाथीबुरू, तिलायबेड़ा बोयपाईससांग, कटम्बा, बायहातु, बोरोय, लेमसाडीह के सीमावर्ती क्षेत्र तथा टोन्टो थानान्तर्गत ग्राम हुसिपी, राजाबासा, तुम्बाहाका, रेगड़ा, पाटातोरब, गोबुरू, लुईया के सीमावर्ती क्षेत्र में निरंतर चलाया जा रहा है।

नक्सली डंप कैंप से बरामद सामग्री

एसपी ने बताया कि नक्सली डंप से 7.62 एमएम एलएमजी एक, 7.62 एमएम एलएमजी बट और बैरल एक, 303 बोर राइफल एक, 7.62 एमएम एसएलआर एक 2 इंच मोर्टार एक, रिवाल्वर एक, 0.22 देशी रायफल 4, वोल्ट एक्शन बैरल काकिंग हैडल एक, देशी रायफल एक, देशी डबल बैरल राइफल एक, .303 बोर राइफल बट एक, 9 एमएम पिस्टल एक, जिंदा कारतूस 435, देशी पिस्टल मैगजीन दो, मैगजीन पाउच एक, मोबाइल फोन 9, नक्सल साहित्य 5 समेत अन्य दैनिक उपयोग के सामान बरामद किया गया है।

छत्तीसगढ़, दिल्ली, हरियाणा और मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

haribhoomi.com

नई दिल्ली, मंगलवार
11 जून 2024

हरिभूमि

सहेली

6

फादर्स-डे, 16 जून
स्पेशल

कई रूप तुम्हारे बाबुल प्यारे

आवरण कथा / वंदना जोशी

पिता के लिए बेटी बहुत दुलारी होती है, उसे यूं ही नहीं 'पापा की परी' कहा जाता। बेटी का भी अपने पापा से बेहद जुड़ाव और प्यार होता है। उसे लगता है, पापा हैं तो उसकी हर ख्वाहिश पूरी होगी, सपने पूरे होंगे। पापा भी अनेक रूपों में उसकी खुशी पूरी करने में कोई कसर नहीं छोड़ते। एक पिता यानी बाबुल के वो रूप, जो बेटी के साथ छाया बनकर रहते हैं।

बेटी के लिए उसके पिता अर्थात बाबुल के कई रूप होते हैं। देखा जाए तो किसी भी बेटी के लिए उसका बाबुल उस वटवृक्ष की तरह है, जिसकी शीतल छांव न केवल अपनी बिटिया को दुनियाभर के संघर्षों, विपत्तियों की तपती धूप से बचाती है, उसे निश्चिंत और निर्भीक होकर जीने का साहस भी देती है। देखा जाता है कि ज्यादातर बेटियां अपने पिता के ज्यादा नजदीक होती हैं। ऐसे में पिता अकसर बेटियों की परवरिश को लेकर बहुत चिंतित रहते हैं, उन्हें खुशहाल जिंदगी देने का हर संभव प्रयास करते हैं। यह हर पिता का सपना होता है, बेटियां मजबूत और आत्मनिर्भर बनें। इस सपने को पूरा करने के लिए या अपने सभी दायित्वों को बेहतर ढंग से निभाने के लिए पिता नए-नए रूपों में दिखाई देते हैं।

करते हैं मोटिवेट

यह सही है कि अधिकांश पिता इतने ज्यादा व्यस्त रहते हैं कि वे अपने बच्चों के साथ कम ही समय बिता पाते हैं। इससे उनके और बच्चों के बीच एक दूरी बन जाती है, लेकिन इधर कुछ वर्षों में उन्होंने इस बात को महसूस किया है, ये दूरियां मिटाई हैं। आज के पिता अपने बच्चों, विशेषकर अपनी बेटियों, से कनेक्ट रहने की पूरी कोशिश में रहते हैं। वे बेटियों के साथ ज्यादा से ज्यादा समय बिताकर उन्हें बेहतर तरीके से जानने-समझने की कोशिश करते हैं। वे बेटियों को यह शिक्षा भी देते हैं कि आज के प्रतियोगी दौर में जीवन में कैसे चला जाए कि सफलताएं मिलें। इससे बेटियां मोटिवेट होती हैं, सफलता की नई-नई ऊंचाइयां छूती हैं।

बनते हैं सुरक्षा कवच

जिस तरह सीप का सख्त आवरण अपने अंदर मौजूद मोती की सुरक्षा करता है, उसी तरह पिता भी अपनी बेटी के लिए सुरक्षा कवच बनते हैं। आज के पिता अपनी बेटियों को ना केवल इस कुटिल जमाने का सामना करने के लिए उसके इर्द-गिर्द अदृश्य रूप में मौजूद रहते हैं, बल्कि वे उन्हें इस लायक भी बनाते हैं कि वे खुद होशियारी और बहादुरी से हर विकट स्थिति का सामना करें। बेटियां शारीरिक रूप से मजबूत भी रहें, इसके लिए आज के पिता सचेत रहते हैं। वे अपनी बेटियों को बचपन से ही स्पोर्ट और फिटनेस के प्रति रुचि जगाते हैं। वे बेटियों को उनके पसंदीदा खेल को खेलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। साथ ही उन्हें हर रोज व्यायाम और सुरक्षात्मक खेल, जैसे- जुडो-कराटे सिखाते हैं। यह आज के पिता के बदले रूप का ही परिणाम है, जो हमारी बेटियां खेल के विश्व मंच पर बेहतरीन प्रदर्शन कर अपना और अपने देश का नाम रोशन कर रही हैं।

रखते हैं पूरा ध्यान

वह पिता ही होते हैं, जो अपनी बेटियों का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। नए दौर के पिता न केवल बेटियों की देखभाल करते हैं बल्कि उन्हें खुद की देखभाल करना भी सिखाते हैं, जिससे उनकी दुलारी बेटी को छोटे-छोटे कामों के लिए दूसरों पर निर्भर ना रहना पड़े। आज जब अधिकांश बेटियों को घर और शहर से बाहर जॉब करने जाना पड़ता है, तब उन्हें अपने पिता की यह सीख बहुत काम आती है, वे अपना ख्याल खुद रखने में सक्षम रहती हैं।

बेटियों के आधार स्तंभ

समय के साथ-साथ समाज में पिता की भूमिका और उनका स्वरूप भी बहुत बदला है। पहले अधिकांश पिता अपनी बेटियों पर कम ही विश्वास करते थे। लेकिन इस नए दौर में बेटी और पिता के बीच विश्वास गहरा हुआ है। अब पिता अपनी बेटियों की कॉलेज या वर्क प्लेस की गतिविधियों पर रोक-टोक नहीं लगाते, एक भरोसा रखते हैं। इससे बेटियों के व्यक्तित्व का विकास सही ढंग से होता है। वे उस मुकाम पर आती हैं, जो उन्हें एक पहचान देता है, सशक्त बनाता है। पिता को यकीन है कि उनकी लाडली ऐसा कोई काम नहीं करेगी, जिससे उनके परिवार की साख गिरे। पिता के इस भरोसे से बेटियों का आत्मविश्वास बढ़ता है, उनकी क्षमताएं बढ़ती हैं। इस तरह आज के पिता बेटी के करियर निर्माण का आधार स्तंभ बन रहे हैं। बेटियां भी कामयाबी की नई उड़ानें भर रही हैं।

वे हैं बेटियों के स्वप्न-द्रष्टा

हर पिता का सपना होता है कि उनकी बेटी समाज-देश में अपना नाम रोशन करे। यह तभी संभव है, जब बेटी बड़ा सपना देखे और उसे पूरा करने का प्रयास करे। इस नए दौर में पिताओं ने यह गुर जान लिया है कि उनकी बेटी कैसे बड़े सपने देखे और उसे पूरा करने की राह पर आए। वे बेटियों की राह में बाधक नहीं बनते हैं बल्कि सही मायने में उनके स्वप्न-द्रष्टा हैं, जो अपनी बेटी को बचपन से ही बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। इन सपनों को पूरा करने में हर मदद को तैयार रहते हैं। इससे बेटियों का मनोबल बढ़ता है। उन्हें अपनी योग्यता का अहसास होता है और वो खुद को किसी से कम नहीं आंकती हैं। इससे उनमें प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता बढ़ती है, वे मुकाबला करते हुए ऊंचे मुकाम पर पहुंचने के लिए अपने आपको सक्षम पाती हैं।

बनते हैं मार्गदर्शक

आज के पिता बेटियों के अच्छे मार्गदर्शक भी हैं। पिता वह पहला शख्स होता है, जो अपनी बेटी के साथ संवाद स्थापित कर उसके भविष्य निर्माण में मार्गदर्शक बनता है। आज पिता के उस रूप के दर्शन होने लगे हैं, जो अपनी बेटियों पर अपनी इच्छाएं नहीं थोपता बल्कि उन्हें उनकी इच्छा और रुचि के अनुसार आगे बढ़ने के निर्णय लेने के लिए जरूरी कौशल भी सिखाता है। आज का पिता जानता है कि बेटी को आत्मनिर्भर बनाने के लिए उनमें निर्णय लेने की क्षमता को विकसित करना जरूरी है। वह परिवार का मुखिया होने के बावजूद निर्णयकर्ता की भूमिका नहीं निभाता, वह बेटियों के निर्णयों को नजरअंदाज करने की गलती न करते हुए उसके छोटे-छोटे फैसलों को सराहते हुए एक अच्छे, सच्चे मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है।

नया दौर / रेखा शाह आरबी

अमूल्य है पिता का प्यार

जमाना बदला तो नए दौर के पिताओं ने भी अपनी कठोर छवि तोड़ी। कभी परिवार में छुप-छुप करके अपने बच्चों से प्यार करने वाले पिता अब बच्चों के प्रति अपने प्रेम को छुपाते नहीं हैं, खुलकर प्रकट करते हैं। आज के पिता अपने बच्चे के फ्रेंड हैं। उनके साथ अब खुशी-खुशी पार्टी करते हैं, वीकेंड मनाते हैं। वे अपने बच्चों से सभी प्रॉब्लम्स पर बात करते हैं, उनको सॉल्यूशन सुझाते हैं।

पालन-पोषण में निभाते हैं अपनी भागीदारी: आज के पिता बच्चों के पालन-पोषण में बराबर की भागीदारी निभाते हैं। बच्चे के जन्म से पहले और जन्म के बाद भी उतना ही स्ट्रेस उठाते हैं, जितना मां उठाती है। वे बच्चों की नैपी बदलने से लेकर उसकी दूध की बॉटल तक तैयार करते हैं। जरूरत पड़ने पर रात-रात भर जगते हैं। इस तरह नए जमाने के पिताओं ने बच्चों के पालन-पोषण में अपनी जिम्मेदारियों को विस्तार दिया है। वे इसे खुशी-खुशी निभा रहे हैं।

पिता का महत्व: हम दुनिया में चाहे जितना भी नाम कमा लें, लेकिन हमारी पहली पहचान हमारे पिता के नाम से ही होती है। बच्चों के लिए पिता ईश्वर की एक बेशकीमती सौगात हैं। जब कोई किसी से प्रेम करता है तो उसमें उसका कुछ ना कुछ स्वार्थ छिपा होता है, लेकिन पिता अपने बच्चों से निःस्वार्थ प्रेम करते हैं। वे अपने बच्चों के लिए एक वटवृक्ष की तरह होते हैं। पिता दुनिया जहान की सारी धूप, बारिश, आंधी, तूफान अपने ऊपर झेल जाते हैं, अपने बच्चों तक कभी कोई भी मुसीबत नहीं आने देते। एक पिता का होना, बच्चों को बहुत सारी मुश्किलों से बचा लेना है।

त्याग की मूर्ति: मां के लिए यह खूब कहा जाता है कि वे त्याग की प्रतिमूर्ति होती हैं। वह अपने बच्चे के लिए अपना सब कुछ न्योछावर कर देती है। पिता भी अपने बच्चे के लिए कम त्याग नहीं करते हैं। वे खुद जीवन भर तकलीफ उठाते हुए अपने बच्चों की हर ख्वाहिश पूरी करते हैं। एकमात्र पिता ही इस दुनिया का वह इंसान है, जो अपने बच्चों के सपनों के लिए अपने सपनों को मार देता है। अपनी संतान के लिए वह अपनी हार भी खुशी-खुशी स्वीकार कर लेता है। वह सदा अपनी संतान का भला करता रहता है।

पिता में भी होती है ममता: अपनी संतान के प्रति ममता सिर्फ मां में ही नहीं होती, पिता में भी होती है। मां के अंदर यदि अपने बच्चों के लिए प्रेम का सागर बहता है तो पिता के अंदर भी अपने बच्चों के लिए एक मीठा सोता होता है। बच्चों के लिए पिता का प्यार अथाह होता है। वे अपना खून-पसीना बहाकर अपने बच्चे के चेहरे की मुस्कान देखकर खिल उठते हैं। उन्हें लगता है कि दुनिया की सबसे बड़ी नियामत मिल गई है। निश्चित ही पिता का प्यार अमूल्य होता है।

हेल्थ केयर

डॉ. रवींद्र गुप्ता
एचओडी-इंटरनल मेडिसिन
सी. के. बिड़ला हॉस्पिटल, गुरुग्राम

बढ़ती उम्र में भी आपके पापा हेल्दी रहें, उन्हें कोई हेल्थ प्रॉब्लम ना हो, इसके लिए आपको ही ध्यान रखना होगा। इसके लिए आप उनके यहां बताए जा रहे टेस्ट जरूर करवाएं।

पापा की सेहत का ऐसे रखें खयाल

बढ़ती उम्र के साथ हर किसी को सेहत संबंधी कई समस्याएं परेशान करने लगती हैं। मां की तरह ही परिवार का ध्यान रखने वाले पिता भी आमतौर पर अपनी सेहत को लेकर लापरवाह हो जाते हैं। ऐसे में आपका यह फर्ज बनता है कि आप बढ़ती उम्र में पापा की सेहत संबंधी जरूरतों का पूरा ध्यान रखें। इसके लिए जो जरूरी टेस्ट हैं, कराएं।

ब्लड शुगर टेस्ट: आजकल डायबिटीज की समस्या तेजी से बढ़ रही है। इसलिए अगर आपके पापा में कोई लक्षण नजर न आएं तो भी उनके ब्लड शुगर लेबल की जांच फास्टिंग पीपी और HbA1c की जांच जरूर करवानी चाहिए। अगर खाली पेट ग्लूकोज का लेवल 125 से अधिक आता है तो यह डायबिटीज का संकेत है। ऐसा होने पर पापा के खान-पान में परहेज के साथ डॉक्टर के दिए सभी निर्देशों का पालन करें।

ब्लड काउंट: बढ़ती उम्र में पापाजी के ब्लड काउंट टेस्ट को करवाना भी जरूरी है। इस जांच में रेड और व्हाइट ब्लड सेल्स के साथ प्लेटलेट्स की संख्या का भी पता लगाया जाता है। इससे यह भी मालूम चलता है कि ब्लड में कोई इंफेक्शन तो नहीं है।

ब्लड प्रेशर: 50-55 की उम्र के बाद ब्लड प्रेशर बढ़ने की आशंका भी रहती है, इसलिए नियमित रूप से पापा का बीपी टेस्ट कराना भी जरूरी है। आमतौर पर 80/120 को सामान्य ब्लडप्रेशर माना जाता है। जांच में ब्लड प्रेशर इससे अधिक हो तो पापा की डाइट में नमक का सेवन सीमित मात्रा में करवाएं।

कोलेस्ट्रॉल स्क्रीनिंग टेस्ट: खान-पान संबंधी अनियमितता और लापरवाही के कारण ब्लड में कोलेस्ट्रॉल का लेवल बढ़ जाता है, इसलिए अपने पापा का यह चेकअप भी जरूर करवाएं क्योंकि इसकी वजह से ही हृदय रोग का खतरा बढ़ सकता है। अगर कोलेस्ट्रॉल का लेवल अधिक हो तो डॉक्टर की सलाह पर पापा को दवाओं का सेवन शुरू करवा दें। साथ ही उनकी डाइट में घी, तेल, मक्खन, मैदा कम से कम दें।

डेंटल चेकअप: जो लोग सिगरेट पीते हैं या पान, मसाले का सेवन करते हैं, उनमें माउथ अल्सर या ओरल कैंसर होने का रिस्क अधिक रहता है। इसके अलावा ओल्ड एज में दांत कमजोर भी होने लगते हैं। इसलिए दांतों का रेग्युलर चेकअप भी करवाती रहें।

आई चेकअप: उम्र बढ़ने के साथ नजर कमजोर होने लगती है। इसलिए पापा के आंखों की जांच भी बहुत जरूरी है। आंखों की जांच से कैटरेक्ट और ग्लूकोमा जैसी बीमारियों का भी समय रहते पता लग जाएगा। कई बार डायबिटीज की वजह से भी आंखों की दृष्टि प्रभावित होती है, आई चेकअप से इसे भी नियंत्रित किया जा सकता है।

पीएसए टेस्ट: इसे प्रोस्टेट स्पेसिफिक एंटीजन टेस्ट कहा जाता है। उम्र बढ़ने के साथ पुरुषों के प्रोस्टेट ग्लैंड का आकार बढ़ने की वजह से शरीर के इस हिस्से में कैंसर होने की आशंका बढ़ जाती है। इसका पता लगाने के लिए साल में एक बार पापा का पीएसए टेस्ट जरूर करवाना चाहिए।

अगर आप रेग्युलरली अपने पापा के यहां बताए गए टेस्ट करवाती हैं तो वे कई गंभीर बीमारियों से बचे रहेंगे।

प्रस्तुति:विनीता

सलाह / सरस्वती रमेश

वृद्धावस्था में शारीरिक-मानसिक कमजोरी आने ही लगती है। ऐसे में जीवनसाथी भी बिछड़ जाए तो सफर और कठिन हो जाता है। अगर आपके पिता को भी ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है तो आपको उन्हें भावनात्मक संबल देना चाहिए।

जब अकेले रह जाएं पिता उन्हें दें भावनात्मक संबल

जब तक बच्चे अपने पैरों पर खड़े नहीं हो जाते, स्वावलंबी नहीं बन जाते, पिता उनको अपनी छत्रछाया में रखते हैं। वे अपने जीवन का सबसे कीमती समय, बच्चों की बेहतर परवरिश और उनकी जिम्मेदारियों का बोझ अपने कंधों पर उठाने में बिता देते हैं। अपने बच्चों को किसी मुसीबत के समय अकेले नहीं छोड़ते, हर स्थिति में उनका साथ निभाते हैं, उनका संबल बनते हैं। लेकिन कई बार दुर्भाग्यवश ऐसी स्थितियां सामने आती हैं, जब जीवन की सांध्य बेला में पिता को एकाकी जीने के लिए विवश होना पड़ता है। ऐसा अकसर तब होता है, जब उनके जीवन यात्रा में साथ चलने वाली उनकी हमसफर उनका साथ छोड़ जाती हैं। बच्चे अपनी-अपनी जिंदगी में व्यस्त हो जाते हैं। बेटियां ब्याह कर अपने जीवनसाथी के घर चली जाती हैं। तब एक खालीपन पिता को चारों ओर से घेर लेता है। आजीविका कमाने के लिए जीवन भर व्यस्त रहने वाले पिता अचानक से इतने खाली हो जाते हैं कि एकाकीपन और अवसाद की भावना से भर उठते हैं। तब जीवन जीने के लिए उन्हें कोई सहारा नहीं दिखता। खालीपन के अंधेरे में कोई रोशनी उन्हें नजर नहीं आती। वे अलग-थलग अकेले रह जाते हैं। खुद को लाचार ही नहीं निरर्थक समझने लगते हैं।

निभाएं संतान का दायित्व : अगर आपके पिता भी अकेलेपन की कुछ इसी तरह की स्थितियों का सामना कर रहे हैं, आप उनकी अकेली संतान हैं या आपके भाई-भाभी अपनी नौकरी की वजह से पिता के साथ नहीं रह पा रहे हैं तो आपको उनकी देख-भाल के लिए आगे कदम बढ़ाना होगा। ऐसे में ना केवल पिता के स्वास्थ्य का पूरा ध्यान रखें, उनको भावनात्मक सहारा भी दें। जिस तरह बचपन में आपके निराश होने पर पिता आपको हौसला देते थे, कभी उदास या मायूस नहीं होने देते थे, अब उनको ऐसा अहसास दिलाने की बारी आपकी है। यकीन मानिए, अकेलेपन का सामना कर रहे पापा जब अपनी परी का स्नेह भरा संबल पाएंगे तो उनमें एक नई ऊर्जा का संचार होगा। उनके भीतर से एकाकीपन के बादल छंट जाएंगे। नई उमंग के साथ वे जीना सीख जाएंगे।

समझें उनकी भावनाएं : यह सच है कि बुढ़ापे में कुछ ना कमा या कर पाने का बोध, पिता को अपनी नजरों में खुद की कीमत कम कर देता है। ऐसे में अगर आप उनकी भावनाओं को नहीं समझेंगी तो उनकी मदद पूरी तरह नहीं कर पाएंगी। यह मान लेना कि अब पापा घूमना-फिरना नहीं चाहते होंगे, बस आस-पास के पार्क तक टहलना ही उनके लिए काफी है, दो वक्त के खाने और दवा के अलावा उनकी कोई जरूरत नहीं, ऐसी सोच गलत है। सिर्फ टाइम से खाना और दवा देना ही उनकी केयर में शामिल नहीं होता, जब संभव हो उनके साथ कुछ वक्त बिताकर, उनसे बातें कर, उनकी भावनाओं को समझकर, उनकी इच्छाओं को पूरा कर आप उन्हें भरपूर खुशी दे सकती हैं। इससे उन्हें अकेलेपन का अहसास नहीं होगा।

कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा

शुभांगी अत्रे, टीवी कलाकार

मेरे जीवन को संवारने में मेरे पापा की सबसे बड़ी भूमिका रही है। बहुत से भारतीय परिवारों में बेटों की चाहत और उन्हें महत्व देने की सोच देखी जाती है। पढ़ाई से लेकर उनके शौक पूरा करने और तमाम अन्य मामलों में लड़कों को प्राथमिकता दी जाती है। लेकिन हम तीन बहनें हैं, पापा ने कभी हमें बेटों से कम नहीं समझा, हमें मजबूत बनाया। आज भी जब मैं किसी मुश्किल में फंसती हूं, लगता है कि क्या करूं, तो पापा यही कहते हैं कि तुम सब कुछ कर सकती हो। मेरा हौसला बढ़ाते हैं। लेकिन जब जरूरत होती है, वह मेरी मुश्किलों के सामने मजबूत ढाल की तरह खड़े भी रहते हैं। वे समय-समय पर हमारे मार्गदर्शक बनकर दिशा-निर्देश देते रहते हैं। पापा मेरी सबसे बड़ी ताकत हैं। मेरे पापा मेरे सुपर हीरो हैं। स्कूल, कॉलेज से लेकर करियर बनाने तक उन्होंने सब कुछ प्यार से संभाला है। मेरी हर छोटी-बड़ी सफलता का श्रेय पापा को जाता है।

अभिव्यक्ति

मेरा हौसला मेरे पापा

विभिन्न क्षेत्रों से जुड़ी कुछ जानी-मानी हस्तियां सहेली को बता रही हैं, पिता उनके लिए कितना मायने रखते हैं, वे जीवन की डगर में कैसे संबल बने, पथ-प्रदर्शक बने?

मेरी हर सफलता में उनका योगदान है

हिमा दास, एथलीट

पापा मेरे मेरे मार्गदर्शक हैं। उन्होंने मुझे हमेशा सिखाया कि कड़ी मेहनत और ईमानदारी से सब कुछ हासिल किया जा सकता है। हर सपना पूरा किया जा सकता है। वे मेरे पहले हीरो भी हैं और हमेशा रहेंगे। उनके बिना करियर के इस मुकाम पर पहुंचना मुमकिन नहीं था। पापा ने हर कदम पर मेरा साथ दिया, प्रोत्साहित किया। मेरे जीवन की हर सफलता में उनका योगदान है। फादर्स-डे के इस अवसर पर मैं उन्हें धन्यवाद देना चाहूंगी। उन्होंने मेरे लिए जो कुछ भी किया है, वह बहुमूल्य है। इस कर्ज को उतारा नहीं जा सकता। मैं उनके प्रति जीवन भर ऋणी रहूंगी।

हर परिस्थिति, हर मुश्किल में वह मेरे साथ होते हैं

मैथिली ठाकुर, शास्त्रीय गायिका

मैं आज तक जो कर पाई हूं, वह अपने पिताजी की वजह से कर पाई हूं। लोग मेरे गाने की प्रशंसा करते हैं, लेकिन असल में यह सब कुछ पापा की वजह से है, यह सब उनका है। मैं सिर्फ एक जरिया भर हूं, जो लोगों के सामने गाती हूं, लोग मुझे सुनते हैं। अपने जीवन में मैं कई बार लड़खड़ाई हूं। कई ऐसे मौके आए हैं, जब मेरे पिता ने मुझे संभाला है। याद आते हैं वे दिन, जब मैं रियलिटी शोज से बाहर हो जाती थी, तो बहुत निराशा होती। लेकिन हताशा के समय पापा ने मुझे संभाला, मेरा हौसला बनाए रखा। मुझे शास्त्रीय संगीत के और ज्यादा अभ्यास के लिए प्रेरित किया। जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, कोई समस्या हो, वे मेरे साथ खड़े होते हैं। पापा के लिए थैंक्यू शब्द बहुत छोटा है। फादर्स-डे पर उनसे यही कहना चाहूंगी कि मेरी पूरा कोशिश रहेगी कि आपने मेरे लिए जो सपने देखे हैं, वो पूरे हों।

प्रस्तुति: अंशु सिंह

देश के विकास के लिए मोदी सरकार के नए मंत्रिमंडल में सभी राज्यों को समुचित प्रतिनिधित्व

मोदी सरकार के मंत्रिमंडल को लेकर वरिष्ठ पत्रकारों ने हरिभूमि को बताई अपनी राय

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठित नए मंत्रिमंडल को लेकर वरिष्ठ पत्रकारों ने कहा कि देश के विकास के लिए नए मंत्रिमंडल में सभी राज्यों को समुचित प्रतिनिधित्व दिया गया है।

पीएम मोदी के तीसरे कार्यकाल का मंत्रिमंडल संतुलित बना है

लोकसभा चुनाव के परिणाम के बाद 9 जून को नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है। उनके साथ मंत्रियों को शपथ दिलाई गई, जिसमें अभी तक जो नाम सामने आए हैं, उनमें लगभग सभी का ध्यान में रखा गया है। इससे कहा जा सकता है कि पीएम मोदी का मंत्रिमंडल बहुत संतुलित है। बात चाहे मध्य प्रदेश की हो या अन्य किसी राज्य की। सभी को स्थान मिला है। सहयोगी दलों को एनडीए ने प्रतिनिधित्व दिया है। मप्र से छह मंत्रियों में शिवराज सिंह चौहान, डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक, ज्योतिरादित्य सिंधिया सावित्री ठाकुर, दुर्गादास उईके, और मुरुगन को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई है। शिवराज पहली बार कैबिनेट मंत्री बने हैं। इधर, नितीश कुमार और नायडू को साधा है, तो झारखंड की अन्नपूर्णा देवी को लिया है। असम को भी स्थान दिया गया तो उधर, किरण रिजिजू सहित सभी को स्थान मिला है। इन सभी को देखते हुए कहा जा सकता है कि मोदी मंत्रिमंडल संतुलित है। इस बार संभवतः यह पहली बार ही हुआ है कि जब भारत के पड़ोसी देश चाहे नेपाल, भूटान, श्रीलंका हो या मालदीव या कोई अन्य, सभी के राष्ट्राध्यक्ष अथवा प्रमुख प्रतिनिधि शपथ के प्रत्यक्ष साक्षी बने हैं।

दिनेश जोशी, वरिष्ठ पत्रकार

पूर्व मुख्यमंत्रियों को केंद्र में मंत्री बनाकर सरकार को अधिक सामर्थ्यवान बनाया

18वीं लोकसभा के चुनाव परिणाम आने के बाद राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार ने राष्ट्रपति भवन में शपथ ग्रहण की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गठित इस सरकार में अनुभवी तथा महत्वपूर्ण नेताओं को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। गठबंधन धर्म का पालन करते हुए अधिकांश सहयोगी दलों को समुचित प्रतिनिधित्व दिया गया है। भाजपा ने कई अपने पूर्व मुख्यमंत्रियों को केंद्र में मंत्री बनाकर सरकार को अधिक सामर्थ्यवान बनाने का प्रयास किया है। सहयोगी दलों के पूर्व मुख्यमंत्रियों को भी मंत्रिमंडल में स्थान मिला है। इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि संतुलित मंत्रिमंडल का गठन हुआ है। देश के सभी अंचलों का प्रतिनिधित्व तथा संतुलन बनाने का पूरा प्रयास हुआ है। सभी आशंकाओं और संदेह को पार करते हुए नरेंद्र मोदी की अगुवाई में बनने वाली इस सरकार ने आपसी समन्वय और संतुलन का परिचय दिया है। जिस मिशन और विजन के साथ पहले की दो सरकारों ने काम किया है, उसे आगे बढ़ाया जाएगा, शपथ ग्रहण समारोह से ऐसी संभावना दिखाई दे रही है। मध्यप्रदेश की ओर से तीन कैबिनेट मंत्री शिवराज सिंह चौहान, वीरेंद्र खटीक और ज्योतिरादित्य सिंधिया बनाए गए हैं। सिंधिया की पदोन्नति हुई है, जबकि सावित्री ठाकुर राज्य मंत्री बनाई गई है। सभी 29 सीट जीतकर देने वाले राज्य को पहले जितना ही प्रतिनिधित्व मिला है। प्रदेश के विकास में इन मंत्रियों की सहभागिता रहेगी। नरेंद्र मोदी के इस संतुलित मंत्रिमंडल के बाद सहयोगी दलों को साथ लेकर लक्ष्य हासिल करने का पूरा प्रयास किया जाएगा, यह माना जा सकता है।

सुरेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी प्रशासन के संकल्प के साथ विकसित भारत की यात्रा मोदी सरकार ने की शुरू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 71 मंत्रिमंडलीय सहयोगियों के साथ तीसरी बार केंद्र सरकार की यात्रा आरंभ की। चार मंत्री मध्यप्रदेश से लिए गए हैं। मंत्रिमंडल के स्वरूप से लगता है कि मोदी सरकार के अपने तीसरे कार्यकाल में मंत्रियों को उनके विभागों और कार्यों का लक्ष्य दिया जाएगा, जिससे भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी प्रशासन और विकसित भारत के संकल्प को पूरा किया जा सके। मोदी सरकार में इस बार 30 कैबिनेट और 36 राज्यमंत्री बनाए गए हैं। पांच राज्यमंत्रियों ने स्वतंत्र प्रभार मंत्री के रूप में शपथ ली। इसमें देश के 24 राज्यों का प्रतिनिधित्व है। सामाजिक समूहों की दृष्टि से 27 ओबीसी, 10 एससी, 5 एसटी और पांच अल्पसंख्यक हैं। वरिष्ठ मंत्रियों में पांच ऐसे हैं, जो अपने राज्यों में मुख्यमंत्री भी रह चुके हैं। पहले माना जा रहा था कि मोदी सरकार तेलगू देशम और जेडीयू के कुछ दबाव में रहेगी पर मंत्रिमंडल के स्वरूप में किसी दबाव की झलक नहीं दिखती। इससे स्पष्ट है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की जो प्राथमिकताएं निर्धारित कीं थी वह उन पर दृढ़ता से आगे बढ़ेगी। इनमें सबसे प्रमुख ज्ञान का सम्मान अर्थात गरीब, युवा, किसान और महिलाओं की समृद्धि को प्राथमिकता देना, भ्रष्टाचार मुक्त और पारदर्शी प्रशासन की दिशा में आगे बढ़ना शामिल है। मंत्रिमंडल के इस स्वरूप से स्पष्ट है कि भले विपक्ष के हमले तेज हों पर भ्रष्टाचार मुक्ति के लिए ईडी, इन्कम टैक्स आदि की कार्रवाई में कमी होने की संभावना नहीं लगती। एनडीए विशेषकर भाजपा को उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र में सीटों का नुकसान हुआ है। इसकी भरपाई के लिए मंत्रियों को परिणाम मूलक रिजल्ट ओरिएंटेड लक्ष्य दिए जा सकते हैं। कम से कम उत्तर प्रदेश और राजस्थान से जो चेहरे लिए गए हैं, उनसे यही झलक मिलती है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भी मंत्री बनाया गया है। इससे संकेत है कि भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए कोई नया चेहरा आएगा। मध्यप्रदेश से कुल छह मंत्री बनाए गए हैं। इनमें तीन कैबिनेट मंत्री हैं। पिछले मंत्रिमंडल में भी पांच मंत्री थे। इस बार भाजपा ने मध्यप्रदेश की 29 लोकसभा सीटें जीतीं हैं। इससे उम्मीद की जा रही थी की इस बार एकाध स्थान अधिक मिलेगा। मध्यप्रदेश से जो तीन नए चेहरे कैबिनेट में आए हैं, उनमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान है, जबकि राज्यमंत्री के रूप में दोनों चेहरे हैं। सावित्री ठाकुर और दुर्गादास उईके पहली बार संसद में पहुंचे हैं।

रमेश शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार

सभी चेहरे अनुभवी व काम में निपुण हैं

नरेन्द्र मोदी ने लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ ली। पीएम मोदी ने पहले ही स्पष्ट कर दिया कि उनका लक्ष्य 5 साल के लिए नहीं, बल्कि 2045 को लेकर है। उन्होंने सहयोगी दलों के साथ जो बैठक ली है, उसमें तत्काल अभी 100 दिन का खाका तैयार करने की योजना बना ली गई है। इस कैबिनेट में जो चेहरे शामिल किए गए है, वो सब अनुभवी और बेहतर काम करने वाले है। उदाहरण के तौर पर चार बार के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को ही लिया जा सकता है। नरेन्द्र मोदी की वजह से ही दिल्ली और मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने क्लीन स्वीप किया है। यहां पाटी ने सभी 29 सीटें जीती हैं। निश्चित तौर पर सहयोगी दलों के साथ सरकार आगे बढ़ेगी।

प्रदीप तिवारी, वरिष्ठ पत्रकार

यह बोले प्रदेश के मंत्री-सांसद व विधायक

प्रदेश का गौरव बढ़ाते हुए जनता की आकांक्षाओं पर खरे उतरेंगे नवनियुक्त मंत्रीः विष्णुदत्त

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने केन्द्रीय मंत्रिमंडल में मध्यप्रदेश को समुचित प्रतिनिधित्व दिए जाने पर मध्यप्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रिमंडल में मध्यप्रदेश को प्रतिनिधित्व देकर प्रदेश की जनता का मान बढ़ाया है। लोकसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 29 सीटों पर भाजपा को ऐतिहासिक विजय दिलाकर प्रदेश की जनता ने बताया कि एमपी के मन में मोदी हैं। उसी प्रकार मंत्रिमण्डलन में समुचित प्रतिनिधित्व देकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बताया कि उनके मन में एमपी है।

प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का विजन साकार हो रहाः उप मुख्यमंत्री शुक्ल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री के रूप में तीसरे कार्यकाल की शुरूआत करने पर उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने शुभकामनाएं दी हैं। उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत का विजन साकार हो रहा है। आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक, औद्योगिक, कृषि, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, वैश्विक संबंध सहित सभी क्षेत्रों में भारत ने अभूतपूर्व प्रगति की है। विश्व के हर कोने में निवासरत भारतवंशियों को गौरव की अप्रतिम अनुभूति हुई है। नागरिकों के विश्वास, सशक्त आत्मनिर्भर भारत के स्वप्न को साकार करने की सोच का ही यह नतीजा है कि उन्होंने पुनः प्रधानमंत्री मोदी को प्रधान सेवक के रूप में चुना है। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पिछले वर्षों में देश ने असाधारण प्रगति की है। उनकी दूरदर्शी सोच और दृढ़ निश्चय ने भारत को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। यह कार्यकाल ऐतिहासिक रहा है। प्रत्येक नागरिक को विश्वास है कि मोदी का तृतीय कार्यकाल देश को प्रगति के नए शिखर पर ले जाएगा।

विश्व भर की निगाहें रही पीएम मोदी के तीसरे शपथ ग्रहण पर मोदी है तो मुमकिन हैः कैलाश

मध्य प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ काम करने का एक लंबा अनुभव रहा है। ऐसा लगता है कि हर पल उनसे कुछ न कुछ सीखने को मिलता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का तीसरी बार शपथ ग्रहण करना एक ऐतिहासिक बात है। पूरा विश्व इस समय नरेंद्र मोदी को आशा भरी निगाहों से देख रहा है। देश के वह पहले प्रधानमंत्री हैं, जिन्हें पूरे विश्व में सम्मान की दृष्टि से देखा जाता है। हर राष्ट्र के प्रमुख को यह विश्वास रहता है कि नरेंद्र मोदी हैं तो सब मुमकिन है और समस्या का समाधान भी उनके द्वारा मिल जाएगा। हिंदुस्तान की जनता को भी नरेंद्र मोदी की तीसरे शपथ ग्रहण से काफी प्रसन्नता है और वो चाहती है कि आने वाले लंबे समय तक कई और कार्यकाल पूरे करते रहें। क्योंकि देश के पहले प्रधानमंत्री हैं, जो दृढ़ता के साथ हर नामुमकिन काम को मुमकिन बना देते हैं। उनके कार्यकाल में देश तरक्की करेगा।

पिछले दो कार्यकाल में देश में रोड, इंफ्रास्ट्रक्चर समेत सभी क्षेत्रों में विकास हुआ हैः नेहा

लगातार तीसरी बार नरेंद्र मोदी को दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के रूप में चुना गया। पिछले दो कार्यकाल में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में तेजी से विकास हुआ। इस कार्यकाल में देश में तेज गति से विकास होगा। भारत दुनिया का आर्थिक रूप से तीसरा सबसे महत्वपूर्ण देश बनकर सामने आएगा। पिछले कार्यकाल में विकास के काम भी तेजी हुआ। जिसमें रोड, इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ जनता की सहूलियत के लिए कई कदम उठाए गए। इसके अलावा सभी क्षेत्रों में विकास हुआ है। चाहे रेलवे हो, सिंचाई हो या कृषि। इसके अलावा गरीबों को जीवन सुधरा है।

पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल में बनीं सड़कें, मिली सिंचाई सुविधा

चौतरफा विकास में रेल के साथ नदी जोड़ो परियोजनाएं पूरी करने की दिशा में बढ़े मप्र के उल्लेखनीय कदम

भोपाल में विश्वस्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन बन कर तैयार हुआ

बुंदेलखंड के लिए जीवनदायिनी केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम शुरू

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शपथ लेने के साथ अपनी तीसरी पारी की शुरुआत कर दी है। मंत्रिमंडल में प्रदेश के 4 नेताओं शिवराज सिंह चौहान, ज्योतिरादित्य सिंधिया, वीरेंद्र कुमार और सावित्री ठाकुर को जगह मिली है। सरकार बनते ही चर्चा प्रारंभ हो गई है कि प्रधानमंत्री मोदी के 10 साल के कार्यकाल में मध्यप्रदेश को क्या मिला। विकास के मामले में प्रदेश कहां था और कहां पहुंचा।

सच यह है कि इस दौरान केंद्र की योजनाओं का सफल क्रियान्वयन तो हुआ ही, प्रदेश का चौतरफा विकास भी हुआ। रेल, सिंचाई और सड़कों के क्षेत्र में उल्लेखनीय काम हुए। नदी जोड़ो परियोजनाओं के काम की शुरुआत हुई। विश्व पर्यटन स्थल खजुराहो तक रेल सुविधाएं बढ़ीं और राजधानी भोपाल में विश्वस्तरीय रानी कमलापति रेलवे स्टेशन बन कर तैयार हुआ।

प्रदेश में बिछा सड़कों का जाल

सड़कों के मामले में प्रदेश की स्थिति अत्यंत खराब थी। लोगों ने सड़क मार्ग से आना-जाना बंद कर दिया था। प्रदेश में भाजपा की सरकार आने के बाद इस दिशा में काम शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो सड़क निर्माण में क्रांति जैसी आ गई। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने नेशलन हाइवे बनाने में इतना बजट दिया कि प्रदेश की लगभग हर सड़क चमकदार है। प्रदेश की सड़कों को केंद्र के आधीन लेकर काम किया गया। हर धार्मिक स्थल और महानगरों की सड़कें फोर और सिक्स लेन हैं। लोग सड़क मार्ग से ही चलना पसंद करने लगे हैं। कह सकते हैं कि भाजपा के कार्यकाल में प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया।

हर क्षेत्र के विकास पर दिया गया ध्यान

रेल, सड़क, सिंचाई के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी जमकर काम हुआ। मुरैना के सीतापुर में लेजर एंड फुटवेयर क्लस्टर और मंदसौर, धार, इंदौर में औद्योगिक पार्क बनाए जा रहे हैं। ओंकारेश्वर में एकात्म धाम बन रहा है और उज्जैन में विक्रमादित्य वैदिक घड़ी का लोकार्पण हो चुका है। प्रदेश के सभी जिलों में साइबर तहसीलें चालू हो रही हैं। इससे नामांतरण और रजिस्ट्री जैसी शिकायतों का निराकरण होगा। आदिवासी और दलित संतों, महापुरुषों के नाम से विश्वविद्यालय खोले गए हैं। भंडारण क्षमता बढ़ाने के लिए बड़े गोदामों का निर्माण कराया गया और कराया जा रहा है। पीएम स्वामित्व योजना के तहत गांवों में संपत्ति विवादों का स्थायी समाधान हो रहा है। प्रदेश में 20 लाख स्वामित्व कार्ड जारी किए जा चुके हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत लाखों आवासों का निर्माण हुआ है। गांवों में लखपति दीदी योजना लागू है और ड्रोन दीदियां नई कृषि क्रांति लाने की ओर अग्रसर हैं। इस तरह मोदी के रहते प्रदेश विकास की नई ऊचाईयां छू रहा है।

नदी जोड़ो परियोजनाओं से होगा कायाकल्प

प्रदेश में सिंचाई सुविधाएं बढ़ाने की दिशा में कई उल्लेखनीय काम हुए हैं। 2014 से पहले 40 लाख हेक्टेयर खेती में सूक्ष्म सिंचाई सुविधा उपलब्ध थी, अब यह क्षमता बढ़कर 90 लाख हेक्टेयर तक पहुंच गई है। अटलजी के समय नदी जोड़ो परियोजनाओं की योजना तैयार हुई थी। इन्हें मूर्तरूप देने का काम मोदी की सरकार में हो रहा है। बुंदेलखंड के लिए जीवन दायिनी केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम शुरू हो गया है। इससे लाखों हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा बढ़ेगी और पेयजल समस्या का भी समाधान होगा। अब 35 हजार करोड़ की लागत वाली पार्वती-काली सिंध- चंबल लिंक परियोजना की भी स्वीकृति मिल गई है।

मप्र का पर्यटन स्थल खजुराहो रेल से जुड़ा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे के क्षेत्र में भी अच्छा विकास हुआ है। भोपाल में विश्वस्तरीय रेल्वे स्टेशन बन कर तैयार हुआ। हबीबगंज नाम से जाने जाना वाला यह स्टेशन बाद में रानी कमलापति स्टेशन हो गया। मोदी के कार्यकाल में खजुराहो को ललितपुर से जोड़ दिया गया और अब खजुराहो से सिंगरौली रेल लाइन का काम जारी है। मोदी के प्रयास से प्रदेश को कई बंदे भारत और अन्य ट्रेनें मिली हैं। चुनाव से पहले भी मोदी ने 2 हजार करोड़ से ज्यादा लागत वाली रेल परियोजनाओं का शिलान्यास किया था।

वन विभाग मौके पर पहुंच किया रेस्क्यू जंगल की ओर खदेड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जिले में हाथी का रौद्र रूप देखने को लगातार मिल रहा है, एक बार फिर से हाथी के हमले से एक कि घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई वहीं दूसरा बाल-बाल बच गया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है। वन विभाग मौके पर पहुंच घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए दंतैल हाथी का रेस्क्यू शुरू किया और काफी मशकत के बाद उसे जंगल की ओर खदेड़ा जिसके बाद लोगों ने राहत की सांस ली।

कोरबा वन मंडल के श्यांग क्षेत्र की घटना है जहाँ पति पत्नी के ऊपर

हाथी ने पति-पत्नी पर किया हमला महिला की मौके पर मौत, मचा हड़कंप



हमला कर दिया। पति ने किसी तरह भागकर अपनी जान बचाई वहीं पत्नी की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। बासीन की रहने वाली मृतिका यादो बाई कंवर 50 वर्ष और पति वृक्ष राम कंवर 55 वर्षीय दोनों बासिन से धान बीज लेने गिरारी जा रहे थे इस दौरान ऐलोंग से कलमी टिकरा के पास दंतैल हाथी का सामना हो गया कुछ दोनों समझ पाते उससे पहले ही हाथी ने हमला करना शुरू किया जैसे ही हाथी ने यादों बाई के ऊपर हमला किया महिला नीचे गिर पड़ी और उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई किसी तरह वृक्ष राम कंवर जान बचा कर घर भागा और घटनाक्रम की जानकारी देते ही गांव वाले सर्तक हो गए।

वन कर्मी हाथी के पहुंचने से बेखबर थे, लोगों के बताए जाने पर पहुचे। जबकि हाथी इलाके में काफी समय से विचरण कर रहे हैं। ऐसे में वन विभाग को चाहिए कि वो सतत निगरानी रखे और आसपास गांव में मुनादी कराये नही तो कभी भी बड़ी घटना घट सकती है।

दक्षिण पश्चिम मानसून का 8 जून को सुकमा जिले में आगमन हो गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। रविवार सुबह से ही बादल छाए हुए थे, शाम होते ही मौसम ने करवट ली और जोरदार बारिश हुई। बारिश से पहले तेज हवाएं चली। इसके बाद गरज चमक के साथ झमाझम बारिश हुई। छत्तीसगढ़ में मानसून का आगमन हो चुका है।

दक्षिण पश्चिम मानसून का 8 जून को सुकमा जिले में आगमन हो चुका है। मानसून आते ही बस्तर संभाग के कई जिलों में बारिश शुरू हो गई है। माना जा रहा है कि अगले तीन से पांच दिनों के बीच में मानसून रायपुर पहुंच जाएगा।

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण पश्चिम मानसून छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में एंट्री कर चुका है। इससे बस्तर संभाग में बारिश शुरू हो गई है। मौसम एक्सपर्ट का कहना है कि 24 घंटे में अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है। इसके बाद अधिकतम तापमान में एक दो डिग्री की हल्की वृद्धि होने की संभावना है।

राजधानी रायपुर में तेज हवा और गरज-चमक के साथ झमाझम बारिश

सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने की न्यायिक जांच कराने की घोषणा

बलौदाबाजार के जैतखांभ में सतनामी समाज ने किया हिंसक प्रदर्शन

एसपी ऑफिस के साथ बाइक-कारों को फूंका, जमकर की तोड़फोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ को लेकर छत्तीसगढ़ का सतनामी समाज आक्रोशित है। समाज ने आज बलौदाबाजार जिले में जमकर बवाल मचाया। बलौदाबाजार-भाटापारा में जमकर प्रदर्शन किया। हिंसक भीड़ ने इस दौरान कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आग लगा दी। इससे परिसर में खड़े सैकड़ों मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहन जलकर राख हो गए।

दूसरी ओर गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक जैतखांभ में हुई तोड़फोड़ में न्यायिक जांच होगी। सीएम विष्णुदेव साय के निर्देश पर डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा ने न्यायिक जांच कराने की घोषणा की है। सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों की मांग पर जांच कराने की घोषणा की गई है। उप मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश में कहीं भी सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वाली घटनाओं को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी से सामाजिक सौहार्द्र बनाए रखने की अपील भी की है। बता दें कि 15-16 मई की रात को कुछ असमाजिक तत्वों ने जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की थी।

खास बातें

- सतनामी समाज के विभिन्न संगठनों और प्रतिनिधियों की मांग पर जांच कराने की घोषणा
- ऐसे कृत्य करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी

क्या था मामला

बताया जाता है कि गिरौदपुरी धाम के पवित्र अमरगुफा के नजदीक 15-16 मई की रात को कुछ असमाजिक तत्वों ने जैतखांभ को क्षति पहुंचाने की कोशिश की थी। मामले में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। दूसरी ओर समाज का कहना है कि इस मामले में पर्दे के पीछे कई और भी आरोपी हैं, जिन्हें गिरफ्तार किया जाए। समाज की इस पर मांग पर राज्य सरकार ने न्यायिक जांच कराने की घोषण भी की है।

250 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले किया

250 से ज्यादा गाड़ियों को आग के हवाले किया गया। कई चार पहिया वाहनों में आग लगाई गई। यहां तक कि दमकल की गाड़ी में भी आग लगा दी गई। गुस्साई भीड़ ने कलेक्ट्रेट पर जमकर पथराव किया। पुलिस ने भीड़ को किसी तरह भगाया। मौके पर कलेक्टर और एसपी मौजूद। स्थिति को काबू में करने की कोशिश की जा रही।

रायपुर से अतिरिक्त पुलिस बल रवाना

बलौदाबाजार कलेक्ट्रेट में समाज विशेष के उग्र प्रदर्शन से निपटने के लिए रायपुर से अतिरिक्त पुलिस बल रवाना किया गया है। दंगा नियंत्रण दल समेत अश्रुगैस टीम भी रवाना की गई है। पुलिस प्रदर्शनकारियों को काबू करने में नाकाम रही है।

क्या होता है जैतखांभ

छत्तीसगढ़ में लाखों की संख्या में सतनामी समाज के लोग निवासरत हैं। रायपुर और आस-पास कई जिलों और गांवों में सतनामी समाज के लोगों ने अपने धार्मिक प्रतीक जैतखाम बनाए हुए है। जैतखांभ समाज का पवित्र चिन्ह होता है, जिसकी समाज के लोग हर दिन पूजा अर्चना करते हैं। प्रदेश में जहां-जहां भी सतनामी समाज के निवास करते हैं, वहां पर जैतखांभ बना है। केवल राजधानी रायपुर में ही 100 से ज्यादा जैतखांभ सतनामी समाज के लोगों ने बनाये हैं। जैतखाम के ऊपर सफेद रंग की ध्वजा रहती है। सतनामी समाज के गुरु बाबा गुरु घासीदास हैं।

चिंतन

कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ एक्शन जरूरी

भारत में केंद्र सरकार के शपथग्रहण कार्यक्रम के दिन ही कश्मीर में आतंकी हमला निश्चित रूप से नापाक साजिश है। गृहमंत्री अमित शाह ने कश्मीर में हमले करने वाले आतंकियों के खिलाफ सख्त एक्शन की बात ही है, इसी के साथ सरकार कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान को तेज करेगी। भारत के इस खास दिन को कश्मीर में आतंकी हमला अनायास नहीं है, बल्कि सुनियोजित साजिश है। इस आतंकवादी हमले के पीछे पाक प्रायोजित आतंकवाद की नीति है। इसकी जांच होनी चाहिए। जम्मू-कश्मीर में अभी जिस प्रकार शांतिपूर्ण मतदान हुआ, लोगों ने बढ़ - चढ़ कर हिस्सा लिया, यह बात आतंक के आकाओं को खली, इसलिए संभवतः उसने राजग सरकार के शपथग्रहण के दिन को अपने आतंकी हमले के लिए चुना। तीर्थयात्रियों को निशाना बनाया। यह कायराना हरकत है। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में एक यात्री बस पर हमले के लिए जिम्मेदार आतंकवादियों को पकड़ने के लिए सुरक्षा बलों ने सोमवार को घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया है। इस हमले में नौ लोगों की मौत हुई है। उत्तर प्रदेश और दिल्ली के तीर्थयात्रियों को ला रही बस पर रविवार शाम आतंकवादियों ने घात लगाकर हमला किया, जिसके कारण वाहन गहरी खाई में गिर गया। बस शिव खोड़ी मंदिर से कटरा स्थित माता वैष्णो देवी मंदिर जा रही थी और इसी दौरान पोनी इलाके के तेरयाथ गांव के पास आतंकी द्वारा हमला किया गया और 53 सीट वाली बस गोलीबारी के बाद गहरी खाई में गिर गई। हमले में शामिल आतंकवादियों के राजौरी और रियासी के ऊपरी इलाकों में छिपे होने की आशंका है। इस इलाके में घने जंगल और गहरी खाइयां हैं। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा आतंकवादी हमला जम्मू क्षेत्र में अशांति फैलाने की नापाक साजिश का हिस्सा है। अब कश्मीर सरकार का दायित्व है कि हमले में लिप्त आतंकियों के खिलाफ एक्शन सुनिश्चित करे। भारत को जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ अपने अभियान को तेज करना होगा, सीमा पर मौजूद आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने होंगे। पाक में मौजूद आतंकी अड्डों पर भी एक्शन लेना होगा। सेना को अपने ऑपरेशन क्लीन अभियान को तेज करना चाहिए। वर्ष 2018 में शुरू इस ऑपरेशन क्लीन से आतंकवाद पर काफी अंकुश लगा। हाल के वर्षों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद में बहुत कमी आई है, इसके बावजूद आतंकवाद जड़ से खत्म नहीं हुआ है। पाकिस्तान की फौज व खुफिया इकाई आईएसआई घाटी में सीमा पर आतंकवाद को हवा देती रहती हैं, तमाम विफलताओं के बावजूद उन पर कोई असर नहीं हुआ है। वे भारत के खिलाफ नापाक हरकतों में लिप्त रहती हैं। पाक पीएम शाहबाज शरीफ ने जिस प्रकार पाकिस्तान से आतंकवाद खत्म करने का संकल्प लिया है, अगर पाक सरकार निष्पक्ष भाव से पाकिस्तान से आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाए, आतंकियों का खत्मा करे, तो इससे पाकिस्तान की छवि ही सुधरेगी। भारत सहयोग भी करेगा, पर देखने वाली बात है कि क्या वह सिलेक्टिव रहेगी और क्या वह अपनी फौज व आईएसआई को आतंकवाद के खात्मे के लिए सहयोग देने के प्रति तैयार कर पाएगी। पाकिस्तान पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। भारत को कश्मीर से आतंकवाद के खात्मे के लिए आरपार की तैयारी के साथ बड़ी कार्रवाई करनी होगी।

मोदी 3.0
राज कुमार सिंह

गठबंधन की पहली परीक्षा में पास

चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार गठबंधन राजनीति के माहिर के सौदेबाज माने जाते हैं। इस लिहाज से नौ जून की शाम प्रधानमंत्री मोदी के साथ शपथ लेने वाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि वह अपनी पहली परीक्षा में सफल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद थे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर किसी तरह की कोई नाराजगी सामने नहीं आई। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे कहीं ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है।

आखिरकार नरेंद्र मोदी ने पंडित जवाहर लाल नेहरू के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। देश के पहले प्रधानमंत्री नेहरू ने 1952,1957 और 1962 में लगातार तीन बार देश की सत्ता संभाली थी। 2014 में पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने नौ जून की शाम राष्ट्रपति भवन में तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ले कर पंडित नेहरू का लगातार तीन बार प्रधानमंत्री बनने का रिकॉर्ड बराबर कर लिया। 2014 और 2019 में अकेले दम बहुमत मिल जाने के बावजूद भाजपा ने सहयोगी दलों के साथ एनडीए सरकार बनाई थी, पर इस बार बहुमत के आंकड़े से 32 सीटें पीछे छूट जाने के चलते गठबंधन सरकार मजबूरी बन गई। मजबूरी ज्यादा बड़ी सिर्फ इसलिए नहीं है कि इस बार भाजपा के पास अपना बहुमत नहीं है, बल्कि गठबंधन में चंद्रबाबू नायडू और नीतीश कुमार जैसे सहयोगी भी हैं, जो गठबंधन राजनीति के माहिर के सौदेबाज माने जाते हैं। इस लिहाज से नौ जून की शाम प्रधानमंत्री मोदी के साथ शपथ लेनेवाली मंत्रिपरिषद पर नजर डालें तो कहा जा सकता है कि वह अपनी पहली परीक्षा में सफल रहे हैं। शपथ ग्रहण में एनडीए के सभी घटक दलों के नेता मौजूद थे और मंत्रिमंडल में प्रतिनिधित्व को लेकर किसी तरह की कोई नाराजगी सामने नहीं आयी।

हां, एनसीपी के अजित पवार गुट के मोदी मंत्रिमंडल में शामिल न होने से अवश्य महाराष्ट्र की भावी राजनीति को ले कर कुछ कयास लगाये जा सकते हैं। मात्र एक लोकसभा सीट जीत पाए उप मुख्यमंत्री अजित पवार की एनसीपी के प्रफुल्ल पटेल को स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री पद का ऑफर दिया गया था, जिसे अतीत में कैबिनेट मंत्री रह चुके प्रफुल्ल ने अपना डिमोशन बताते हुए अस्वीकार कर दिया। एक लोकसभा सीट के बल पर अजित पवार सौदेबाजी कर पाने की स्थिति में नहीं। सो, मोदी सरकार में उनकी एनसीपी की कोई हिस्सेदारी नहीं, पर इस सबका इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव वाले महाराष्ट्र की राजनीति पर क्या असर पड़ेगा, यह देखना दिलचस्प होगा, क्योंकि उनके गुट के एक दर्जन से भी ज्यादा विधायकों के शरद पवार से संपर्क में होने की खबरें हैं। शिवसेना तोड़ कर मुख्यमंत्री बनने वाले एकनाथ शिंदे कहीं ज्यादा कमजोर आंके जा रहे थे, लेकिन कम से कम लोकसभा चुनावों में उनका प्रदर्शन अजित पवार की एनसीपी से अच्छा रहा, जिसका पुरस्कार भी उन्हें मोदी मंत्रिमंडल में एक कैबिनेट और एक राज्य मंत्री के रूप में मिला है। महाराष्ट्र से कुल छह मंत्री बनाये गए हैं, जिनमें भाजपा की रक्षा खड़से भी शामिल हैं, जिनके श्वसुर एकनाथ खड़से फिलहाल शरद पवार की एनसीपी के एमएलसी हैं, पर जल्द अपनी पुरानी पार्टी भाजपा में वापसी करने वाले हैं। हरियाणा में भी इसी साल अक्टूबर में विधानसभा चुनाव हैं, जहां से एक कैबिनेट मंत्री समेत कुल तीन मंत्री बनाये गए हैं। दिल्ली में विधानसभा चुनाव अगले साल फरवरी में हैं। वहां से एक राज्यमंत्री बनाया गया है। तीसरी बार सांसद बने भोजपुरी गायक मनोज तिवारी चूक गये, लेकिन पहली बार सांसद बने हर्ष मल्होत्रा की लॉटरी खुल गयी।



मोदी सरकार में इस बार प्रधानमंत्री के अलावा 30 कैबिनेट मंत्री, पांच स्वतंत्र प्रभार वाले राज्य मंत्री और 36 राज्यमंत्रियों समेत कुल 71 मंत्री शामिल हैं। राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, निर्मला सीतारमण और पीयूष गोयल जैसे पुराने चेहरे तय माने जा रहे थे, लेकिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और सभी 29 लोकसभा सीटें जिताने वाले मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के रूप में कुछ नए चेहरे भी शामिल हुए हैं। इस बार मोदी मंत्रिमंडल में पूर्व मुख्यमंत्रियों की संख्या पांच है। जीतन राम मांझी, सर्बानंद सोनोवाल और एचडी कुमारस्वामी भी क्रमशः बिहार, असम और कर्नाटक के मुख्यमंत्री रह चुके हैं। जेपी नड्डा को मंत्री बनाये जाने के चलते भाजपा को नया राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनना होगा। वैसे भी लोकसभा चुनाव के चलते बढ़ाया गया नड्डा का कार्यकाल इसी महीने जून में समाप्त हो रहा है। नड्डा के मंत्री बनने के चलते ही शायद अनुराग सिंह ठाकुर का पत्ता इस बार कट गया है। मात्र चार लोकसभा सीटों वाले हिमाचल प्रदेश से एक से ज्यादा कैबिनेट मंत्री बनाये जाते तो अन्य बड़े राज्यों में असंतुलन पैदा हो जाता। पिछली सरकार के सक्रिय मंत्रियों में शुमार अनुराग ठाकुर बड़बोले माने जाते हैं, पर आधुनिक राजनीति में वह तो नेता के पक्ष में जाता है। यह देखना होगा कि भविष्य में अनुराग ठाकुर को क्या जिम्मेदारी दी जाती है। एक और बड़बोली मंत्री स्मृति ईरानी भी इस बार मोदी सरकार में नहीं हैं। पिछली बार राहुल गांधी को अमेठी से हरा कर चर्चा में आयीं स्मृति ईरानी इस बार कांग्रेस के एक अल्पज्ञात कार्यकर्ता किशोरी लाल शर्मा से हार गयीं। वैसे ऐन चुनाव से पहले कांग्रेस छोड़ कर आये लुधियाना के सांसद रवनीत सिंह बिट्टू इस बार चुनाव हार जाने के बावजूद मोदी सरकार में राज्य मंत्री बनाये गये हैं। शायद भाजपा रवनीत सिंह बिट्टू को पंजाब की राजनीति में अपने सिख चेहरे के रूप में आगे बढ़ाना चाहती है। बिट्टू आतंकवाद से संघर्ष में शहीद हुए पंजाब के कांग्रेसी मुख्यमंत्री बेअंत सिंह के पौत्र हैं। इसी रणनीति के तहत केरल में भाजपा का खाता खोलने वाले अभिनेता से राजनेता बने सुरेश गोपी को भी मंत्री बनाया गया है।

वैसे आंकड़ों की बात करें तो चुनाव हार जाने समेत कई कारणों से पिछले मोदी मंत्रिमंडल के कुल 37 चेहरों को इस बार बाहर का रास्ता दिखाया गया है, जबकि 33 नये चेहरों की एंट्री हुई है। नये चेहरों में सहयोगी दलों के चिराग पासवान और जयंत चौधरी भी शामिल हैं। पिछली सरकार में चाचा पशुपति पारस को सत्ता सुख देने वाली भाजपा ने इस बार भतीजे चिराग की लोक जनशक्ति पार्टी से गठबंधन किया था। लोक जनशक्ति बिहार में गठबंधन में मिली सभी पांच लोकसभा सीटें जीत गयी तो चिराग कैबिनेट मंत्री बना दिये गये, जबकि उत्तर प्रदेश में गठबंधन में मिली दोनों लोकसभा सीटें जीतने पर जयंत के हिस्से स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का पद ही आया। राज्यवार देखें तो बिहार के कुल आठ मंत्रियों में से चार कैबिनेट मंत्री बनाये गये हैं, जबकि उत्तर प्रदेश के नौ मंत्रियों में से अकेले राजनाथ सिंह कैबिनेट मंत्री हैं। वैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद भी उत्तर प्रदेश के वाराणसी से ही सांसद हैं। प्रधानमंत्री मोदी के गृह राज्य गुजरात से भी कुल छह मंत्री बनाये गये हैं। इस बार मोदी मंत्रिमंडल के कुल 72 सदस्यों में से लगभग दस प्रतिशत महिलाएं हैं, जबकि ओबीसी, एससी और एसटी समुदाय से 42 मंत्री बनाये गये हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

राजग सरकार
आर.के. सिन्हा

भाजपा जानती है गठबंधन धर्म

नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) ने रविवार को शपथ ग्रहण समारोह के बाद अपना कामकाज संभाल लिया है। यह पहली बार नहीं है जब भाजपा गठबंधन सरकार का नेतृत्व करेगी। वास्तव में, भाजपा की पहली सरकार, जो 1996 में गठित हुई थी, अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व में एक गठबंधन की सफल प्रयोग वाली सरकार थी। भले ही वह केवल 13 दिनों तक चली। अटल जी 1998 में एनडीए सरकार के प्रधानमंत्री के रूप में पुनः वापस आए थे। इसलिए यह कहना सरासर गलत होगा कि भाजपा को गठबंधन सरकारों का नेतृत्व करने का अनुभव नहीं है। भाजपा को 2014 में 283 और 2019 में 303 सीटें मिली थीं। लेकिन, पूर्ण बहुमत के बाद भी मोदी ने गठबंधन का धर्म निभाया। हाल ही में हुए लोकसभा चुनाव में भाजपा ने 240 सीटें जीतीं - बहुमत से 32 कम। एनडीए में 14 पार्टियां शामिल हैं। उसमें भाजपा को 240 सीटों पर विजय मिली और शेष 53 सीटें हासिल कीं, उसकी सहयोगी दलों ने।

अगर हम गुजरे दौर के पन्नों को खंगाले तो पता चलेगा कि कि भारत में सबसे पहले 1977-1979 गठबंधन सरकार बनी थी। कांग्रेस के 1977 में चुनाव हारने के बाद जनता पार्टी की सरकार देश में बनी थी। 1977 के चुनाव प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा देश में आपातकाल की स्थिति लागू करने के लगभग दो साल बाद हुए थे। श्रीमती गांधी की अगुवाई वाली कांग्रेस पार्टी को जनता पार्टी नामक कई पार्टियों के एक गठबंधन द्वारा हराया गया था, जिसमें भाजपा की पूर्ववर्ती, भारतीय जनसंघ शामिल थी। जनता पार्टी को देश की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला था। उस सरकार में अटल बिहारी वाजपेयी विदेश मंत्री थे और लाल कृष्ण आडवाणी सूचना और प्रसारण मंत्री थे। उस सरकार में बाबू जगजीवन राम, हेमवती नंदन बहुगुणा, जॉर्ज फर्नांडीज जैसे जननेता भी शामिल थे। जनता पार्टी की उस चुनाव में जीत के बाद मोरारजी देसाई प्रधान मंत्री बने। मोरारजी देसाई के नेतृत्व वाली जनता पार्टी सरकार दो साल तक चली। उसके बाद वैचारिक मतभेदों के कारण जनता पार्टी बिखर गई। मोरारजी देसाई सरकार में गृह मंत्री चरण सिंह को कैबिनेट से इस्तीफा देने के लिए कहा गया था। संयोग देखिए कि अब चरण सिंह के पौत्र जयंत चौधरी उस एनडीए सरकार का हिस्सा हैं जिसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हैं। चरण सिंह 1979 में जनता पार्टी के बिखरे हुए समूहों के समर्थन और कांग्रेस पार्टी के बाहरी समर्थन से प्रधानमंत्री बने। लेकिन चरण सिंह का प्रधानमंत्री का कार्यकाल केवल 23 दिनों तक चला क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने अपना समर्थन वापस ले लिया। 1980 में फिर चुनाव हुआ। इस बार इंदिरा गांधी सत्ता में वापस आ गईं, जब कांग्रेस ने 353 सीटें जीतीं।

लोकसभा के 1989 के चुनाव परिणाम भारत के लिए एक नये दौर को लेकर आए। यह पहली बार था जब राजीव गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा 529 सीटों में से 197 जीतने के बाद किसी भी पार्टी या चुनाव पूर्व गठबंधन ने स्पष्ट बहुमत हासिल नहीं किया था। इसके बाद विश्वनाथ प्रताप सिंह 1989 में भाजपा के समर्थन से प्रधानमंत्री बने। उनकी सरकार 1990 में गिर गई जब भाजपा ने अपना समर्थन वापस ले लिया। 1989 से 2004 तक, छह आम चुनावों में एक भी पार्टी को बहुमत नहीं मिला। इनमें से कुछ गठबंधन विशेष रूप से अराजक रहेः 1989 और 1999 के बीच, आठ गठबंधन बनाए गए और कई जल्दी ही ढह गए। इस बीच, ये मानना होगा कि भारत के कुछ सबसे महत्वपूर्ण आर्थिक सुधार भाजपा और कांग्रेस के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकारों के समय ही आए। अटल बिहारी वाजपेयी ने 1998 से 2004 तक एक सफल बहु-पार्टी गठबंधन सरकार का नेतृत्व किया। अटल जी के प्रधानमंत्रित्व काल में भारत में विदेशी निवेश बढ़ा, एक्सप्रेसवे का निर्माण तेज हुआ, व्यापार बाधाओं को कम किया गया। उनके ही दौर में देश ने पोखरण का परमाणु परीक्षण किया, पाकिस्तान के साथ तनाव को कम किया व अमेरिका के साथ घनिष्ठ संबंध बनाए। कांग्रेस 1991 में 232 सीटों के साथ और 2004 और 2009 में केवल 145 और 206 सीटों के साथ एक सफल अल्पसंख्यक सरकार चलाने में सक्षम कोशिश की थी।

मोदी नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू जैसे तपे हुए नेताओं के सहयोग से देश को एक मेहनती और ईमानदार गठबंधन सरकार देने में सफल रहेंगे। उन्हें अपनी पार्टी के अनेक अनुभवी नेताओं का समर्थन और सहयोग तो मिलेगा ही, पर अब इंडिया गठबंधन को रचनात्मक विपक्ष की भूमिका निभानी होगी। उन्हें हर बात पर सरकार को कोसना छोड़ना होगा। लोकतंत्र में वाद, विवाद, संवाद लगातार जारी रहना चाहिए। इसके बिना लोकतंत्र का कोई मतलब नहीं है। इसलिए सत्ता पक्ष और विपक्ष को मिल कर देश को विश्व की आर्थिक महाशक्ति बनाने की दिशा में बढ़ना होगा।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

ज्ञान का अभिषेक

संकलित
दर्शन

अखिल ब्रह्मांड ईश्वर का स्वरूप है। श्रावण मास में बरस रही जलधारा ही ऐसी प्रतीत होती है मानो प्रकृति इस धरा का अभिषेक कर रही है। प्रकृति के इसी कृत्य का अनुकरण हम मानव भी करते हैं। श्रावण मास में हम भी शिवलिंग पर जल चढ़ा कर अपने आपको ईश्वर के उसी कृत्य के साथ जोड़ लेते हैं। ईश्वर अथवा प्रकृति के गुणों को अपनाना सदाचार है। श्रावण मास हमें यह अवसर देता है। जल जीवन है और यह धरती को पुनर्जीवित करता है। वर्षा से प्रकृति पनपती है। तपती हुई धरती पर जब वर्षा होती है तो उसे शीतलता का आभास होता है। वनस्पतियां उगने लगती हैं। पेड़ों पर नए पत्ते लगने लगते हैं। जैसे श्रावण में लोगों को गर्मी से राहत मिलती है, वैसे ही ज्ञान के श्रवण से मन को पीड़ा और बेचैनी से राहत मिलती है। श्रावण में लोग एकत्रित होकर ज्ञान-श्रवण करते हैं। दिव्य कथाएं सुनते हैं। ईश्वर का गुणगान करते हैं, जिससे उन्हें संतोष प्राप्त होता है। जब मन पर ज्ञान का अभिषेक होता है, तो मन शांत और शीतल हो जाता है। श्रावण को सबसे पवित्र महीना माना जाता है, क्योंकि यह अनेक धार्मिक उत्सवों और पर्वों को अपने साथ लाता है। हिंदू कैलेंडर में श्रावण मास भगवान शिव को समर्पित है। शिव परिवर्तन के लिए उत्तरदायी ऊर्जा हैं। शिव जीवन के मार्ग की बाधाओं को दूर करने वाले हैं। वह पुरातन को विनष्ट कर नूतन के लिए मार्ग प्रशस्त करते हैं। शिव कल्याणकारी हैं। शिव कैलाश पर्वत पर निवास करते हैं।

मृत्यु टाले नहीं टलती

संकलित
प्रेरणा

भगवान विष्णु गरुड़ पर बैठ कर कैलाश पर्वत पर गए। द्वार पर गरुड़ को छोड़ कर खुद शिव से मिलने अंदर चले गए। तब कैलाश की अपूर्व प्राकृतिक शोभा को देख कर गरुड़ मंत्रमुग्ध थे कि तभी उनकी नजर एक खूबसूरत छोटी सी चिड़िया पर पड़ी। चिड़िया कुछ इतनी सुंदर थी कि गरुड़ के सारे विचार उसकी तरफ आकर्षित होने लगे। उसी समय कैलाश पर यम देव पधारे और अंदर जाने से पहले उन्होंने उस छोटे से पक्षी को आश्चर्य की दृष्टि से देखा। गरुड़ समझ गए उस चिड़िया का अंत निकट है और यमदेव कैलाश से निकलते ही उसे अपने साथ यमलोक ले जाएंगे। गरूड़ को दया आ गई। इतनी छोटी और सुंदर चिड़िया को मरता हुआ नहीं देख सकते थे। उसे अपने पंजों में दबाया और कैलाश से हजारो कोस दूर एक जंगल में एक चट्टान के ऊपर छोड़ दिया, और खुद वापिस कैलाश पर आ गए। आखिर जब यम बाहर आए तो गरुड़ ने पूछ ही लिया कि उन्होंने उस चिड़िया को इतनी आश्चर्य भरी नजर से क्यों देखा था। यम देव बोलेः गरुड़ जब मैंने उस चिड़िया को देखा तो मुझे ज्ञात हुआ कि वो चिड़िया कुछ ही पल बाद यहां से हजारों कोस दूर एक नाग द्वारा खा ली जाएगी। मैं सोच रहा था कि वो इतनी जलदी इतनी दूर कैसे जाएगी, पर अब जब वो यहां नहीं है तो निश्चित ही वो मर चुकी होगी। गरुड़ समझ गए मृत्यु टाले नहीं टलती चाहे कितनी भी चतुराई की जाए।

अंतर्मन

आज की पाती

सरकार के साथ मजबूत विपक्ष भी समझे जिम्मेवारी

एक बार फिर नरेंद्र मोदी प्रधानमंत्री के पद पर विराजमान हो गए और यह इनका लगातार तीसरा कार्यकाल आरंभ हो रहा है। इसलिए यह नई सरकार नहीं, बल्कि पुरानी ही सरकार है। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी तीसरी पारी में देश के हर वर्ग के अच्छे दिन लाने के प्रयास करेंगे, ऐसा कोई फैसला नहीं लेंगे जिससे किसी भी वर्ग को कोई नुकसान हो। लोकतंत्र में जनता जनार्दन सर्वोपरि होती है। सभी राजनीतिक दलों को जनता के फैसले का सम्मान करना चाहिए। इस बार के लोकसभा चुनाव में जिन राजनीतिक दलों को जीत हासिल हुई है, उन्हें बिना किसी राजनीतिक भेदभाव के आमजन के लिए गंभीरता से काम करना चाहिए। *– विमल जैन, भिलाई*

करंट अफेयर

यूक्रेन शांति सम्मेलन में 90 देशों के भाग लेने की पुष्टि

दो साल से अधिक समय से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यहां सप्ताहांत में स्विटजरलैंड की मेजबानी में आयोजित 'यूक्रेन शांति शिखर सम्मेलन' में करीब 90 देशों और संगठनों ने शामिल होने की पुष्टि की है, जबकि मॉस्को ने इसमें शरीक होने से इनकार कर दिया है। स्विटजरलैंड की राष्ट्रपति वियोला एमहर्ड ने सोमवार को संवाददाताओं को यह जानकारी दी। सम्मेलन में भाग लेने से रूस के इनकार करने के बावजूद इस सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमें शामिल होने वाले देशों में से आधे से अधिक राष्ट्र यूरोप से हैं। एमहर्ड ने स्विटजरलैंड की राजधानी में कहा कि यूक्रेन पर रूस के हमले शुरू करने के करीब 28 महीने बाद शनिवार और रविवार को आयोजित शिखर सम्मेलन का लक्ष्य संभावित शांति का मार्ग प्रशस्त करना है। उन्होंने कहा, 'यह दुष्प्रचार नहीं है। यह स्विटजरलैंड द्वारा मुहैया की जा रही मानवीय सहायता के मुद्दे पर और वार्ता की पहले करने के बारे में है।' स्विस अधिकारियों ने बताया कि ब्राजील और चीन ने कहा है कि वह तब तक भाग नहीं लेंगे, जब तक कि रूस सहित दोनों पक्ष वार्ता की मेज पर नहीं आते। स्विटजरलैंड के विदेश मंत्री ने कहा कि उनके देश ने बार-बार कहा है कि रूस के बिना शांति प्रक्रिया नहीं हो सकती।

ऑफ बीट

सूर्य से प्रभावित अंतरिक्ष क्षेत्र को कहते हैं हेलियोस्फीयर

सूर्य पृथ्वी को गर्म करता है, जिससे यह इनसानों और बाकी तमाम जीवों के लिए रहने योग्य बन जाती है। लेकिन यही सब कुछ नहीं है, और सूर्य अंतरिक्ष के बहुत बड़े क्षेत्र को प्रभावित करता है। हेलियोस्फीयर, सूर्य से प्रभावित अंतरिक्ष का क्षेत्र, सूर्य से पृथ्वी की दूरी से सौ गुना अधिक बड़ा है। सूर्य एक तारा है जो लगातार प्लाज्मा - अत्यधिक ऊर्जावान आयनित गैस - की एक स्थिर धारा उत्सर्जित करता है जिसे सौर पवन कहा जाता है। निरंतर सौर हवा के अलावा, सूर्य कभी-कभी प्लाज्मा के विस्फोट भी छोड़ता है, जिसे कोरोनल मास इजेक्शन कहा जाता है, जो अरोरा में योगदान कर सकता है, और प्रकाश और ऊर्जा के विस्फोट, जिन्हें फ्लेयर कहा जाता है। सूर्य से निकलने वाला प्लाज्मा सूर्य के चुंबकीय क्षेत्र के साथ-साथ अंतरिक्ष में फैलता है। साथ में वे आसपास के स्थानीय अंतरतारकीय माध्यम के भीतर हेलियोस्फीयर बनाते हैं - प्लाज्मा, तटस्थ कण और धूल जो तारों और उनके संबंधित खगोलमंडल के बीच की जगह को भरते हैं। मेरे जैसे हेलियोफिजिसिस्ट हेलियोस्फीयर को और इस बात को समझना चाहते हैं और यह अंतरतारकीय माध्यम के साथ कैसे संपर्क करता है।

ट्रेंड

मोदी को बधाई

श्री नरेन्द्र मोदी जी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई। आपको सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं। हमारा देश आपके नेतृत्व में विकास की नयी ऊंचाइयों को छुएं।
-नवीन पटनायक, निवर्तमान मुख्यमंत्री, ओडिशा

अब रोजगार पर ध्यान दे

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नीत राजग सरकार को अपने तीसरे कार्यकाल में देश में बेरोजगारी की समस्या से निपटना चाहिए, खासकर असंगठित क्षेत्र और लघु एवं मध्यम उद्यमों में..।
-राजीव कुमार, नीति आयोग के पूर्व वाइस चेयरमैन

जनगणना जल्द हो

केंद्र सरकार हर 10 साल में सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए आवश्यक देशव्यापी जनगणना करवाती है। पिछले रिकॉर्ड के हिसाब से जनगणना 2021 में होनी थी। लेकिन अब तक नहीं करवाया है। अब होनी चाहिए।
-जयराम रमेश, कांग्रेस महासचिव

पीएम को बधाई

आंध्र प्रदेश की जनता की ओर से मैं मोदी को लगातार तीसरी बार भारत के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने पर बधाई देता हूं। यह राष्ट्र के लिए विकास, प्रगति और समृद्धि के एक नए युग की शुरुआत का प्रतीक है।
-एन चंद्रबाबू नायडू, टीडीपी प्रमुख



अपने विचार
हरिभूमि कार्यालय
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

शिवसेना (शिंदे) को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद मिला

एनसीपी के बाद अब शिंदे की शिवसेना ने भी 'विरोध' जताया महाराष्ट्र ने 7 सांसद दिए... फिर भी कैबिनेट मंत्री नहीं बनाया

एजेंसी ⏭मुंबई

मोदी कैबिनेट में जगह नहीं मिलने से अजित पवार गुट की एनसीपी की नाराजगी के बाद एकनाथ शिंदे गुट की शिवसेना की भी नाराजगी सामने आ रही है। पार्टी के सांसद श्रीरंग बारणे का कहना है कि एक तरफ जहां, चिराग पासवान, जीतन राम मांझी और एचडी कुमारस्वामी की पार्टी को कम सीट मिलने के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है, वहां उनकी पार्टी के सात सांसद होने के बावजूद सिर्फ स्वतंत्र प्रभार के साथ राज्य मंत्री का ही पद दिया गया। श्रीरंग बारणे ने कहा, हम कैबिनेट में जगह की उम्मीद कर रहे थे। चिराग पासवान के पांच सांसद हैं, मांझी के एक सांसद हैं, जेडीएस के दो सांसद हैं, फिर भी उन्हें एक कैबिनेट मंत्रालय मिला है। फिर 7 लोकसभा सीटें मिलने के बावजूद शिवसेना को सिर्फ एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) क्यों मिला।

शिवसेना ने कहा, हमारी शिवसेना के स्ट्राइक रेट को देखते हुए हमें कैबिनेट मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। यह बात कहते हुए शिंदे गुट के सांसद श्रीरंग बारणे ने खुलकर अपनी नाराजगी जाहिर की है। श्रीरंग बारणे ने कहा कि एनडीए के अन्य घटक दलों के एक-एक सांसद चुने गए, लेकिन उन्हें कैबिनेट मंत्री का पद दिया गया है, तो फिर भाजपा ने शिंदे गुट के प्रति इतना अलग रुख क्यों अपनाया? शिवसेना सांसद ने कहा कि अगर ऐसा होता है तो परिवार के खिलाफ आकर महागठबंधन में शामिल हुए अजित पवार को मंत्री पद दिया जाना चाहिए था। साथ ही भाजपा को सतारा सांसद उदयनराजे भोसले को यह मंत्री पद देना चाहिए था।

सांसद श्रीरंग बारणे का कहना है कि कई दल ऐसे हैं जिन्हे कम सीटे मिलने के बाद भी कैबिनेट मंत्रालय दिया गया है। हमारी पार्टी को महाराष्ट्र ने दूसरे दलों से ज्यादा सांसद दिए हैं फिर भी कैबिनेट में जगह नहीं देना कहां का न्याय होगा। योगदान का ध्यान नहीं रखा।

शपथ के दूसरे दिन ही आ गई प्रतिक्रिया

भाजपा का शिंदे गुट के प्रति इतना अलग रुख ठीक नहीं

महाराष्ट्र सरकार बनाने में शिवसेना (शिंदे) का था बड़ा योगदान

एनसीपी अजित गुट भी नाराज

शिंदे गुट की शिवसेना की नाराजगी से पहले एनसीपी अजित गुट ने भी मंत्री पद नहीं मिलने के बाद अपनी नाराजगी जाहिर की थी। पार्टी नेता प्रफुल्ल पटेल का कहना था, हमें बताया गया कि हमारी पार्टी को स्वतंत्र प्रभार वाला एक राज्य मंत्री मिलेगा। मैं पहले केंद्र सरकार में कैबिनेट मंत्री था, इसलिए यह मेरे लिए एक डिमोशन होता। हमने भाजपा नेतृत्व को सूचित कर दिया है और उन्होंने हमें कहा है कि बस कुछ दिन इंतजार करें, वे सुधारात्मक उपाय करेंगे।

जब महाराष्ट्र में हुआ तख्तापलट

गौरतलब है कि महाराष्ट्र में तख्तापलट करते हुए एकनाथ शिंदे ने शिवसेना के दर्जनों विधायकों के साथ एनडीए गठबंधन जॉइन कर लिया था। बाद में उन्होंने पार्टी और पार्टी के चुनाव चिन्ह पर भी दावा किया था। कोर्टरूम ड्रामे के बाद शिवसेना का असली हकदार एकनाथ शिंदे गुट को माना गया। बाद में अजित पवार भी एक दर्जन से ज्यादा विधायकों के साथ भाजपा की अगुवाई वाले एनडीए में शामिल हो गए। उन्होंने भी पार्टी और चुनाव चिन्ह पर दावा किया और पार्टी की कमान अजित पवार को मिल गई।

टीएमसी सांसद ने बताया हाल

इधर शपथ उधर ममता ने बत्ती कर दी गुल

पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार शपथ ली। वहीं, टीएमसी की सांसद सागरिका घोष ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी ने मोदी कैबिनेट 3.0 के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान अपनी सारी लाइटें बंद कर दीं और अंधेरे में बैठी रहीं। टीएमसी सांसद ने यह भी मांग कि है कि भाजपा को एक नया नेता चुनना चाहिए और पीएम मोदी की जगह लेनी चाहिए। क्योंकि पूरा चुनाव प्रचार उनके इर्द-गिर्द घूमने के बाद भी बहुमत नहीं मिला।

अंधेरे में बैठी रहीं ममता

उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर लिखा कि नरेंद्र मोदी के शपथ ग्रहण समारोह का जश्न मना रहे सभी लोगों के लिए देश की एकमात्र महिला मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी का संदेश। उन्होंने अपने सभी लाइट बंद कर दी और समारोह के दौरान अंधेरे में बैठी रहीं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने जनादेश खो दिया है और लोगों ने उन्हें नकार दिया है। सागरिका घोष ने कहा कि वाराणसी में लगभग हार गए, अयोध्या में हार गए, पूरी तरह से खुद पर प्रचार केंद्रित होने के बाद भी वह बहुमत हासिल नहीं कर पाए। मोदी को बदला जाना चाहिए। भाजपा को एक नया नेता चुनने दें।

शपथ समारोह में 'तेंदुआ' भी पहुंच गया!

एक 12 सेकंड का वीडियो वायरल है, जिसमें शपथ लेकर साइन करते हुए मंत्री दुर्गादास उइके दिख रहे हैं। उनके पीछे सीढ़ियों के ऊपर से एक जंगली जानवर गुजरता दिख रहा है। यह वीडियो अब कौतूहल का विषय बन गया है। अब तक साफ नहीं है कि वह कौन सा जंगली जानवर है, लेकिन अनुमान लगाया जा रहा है कि वह तेंदुआ था। यदि वह जानवर तेंदुआ ही था तो यह सुरक्षा के लिहाज से भी चिंता की बात है। यदि वह तेंदुआ ही था तो एक राहत भरी बात यह रही कि वह मंच की ओर नहीं बढ़ा और न ही मेहमानों की भीड़ की ओर गुजरा।

मेरे मंत्री पद छोड़ने की बात गलतः गोपी

मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में राज्यमंत्री बने सुरेश गोपी ने सोमवार को मंत्री पद छोड़ने वाली खबरों को गलत बताया है। सुरेश ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, 'कुछ मीडिया प्लेटफॉर्म गलत खबर फैला रहे हैं कि मैं मोदी सरकार के मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने जा रहा हूं। यह पूरी तरह गलत है। मोदी के नेतृत्व में हम केरल के विकास और समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध हैं। दरअसल, एक मलयालम टीवी चैनल ने गोपी के हवाले से दावा किया था कि वे मंत्री नहीं बनना चाहते हैं और एक सांसद के रूप में काम करेंगे। एक्टर से राजनेता बने गोपी ने लोकसभा चुनाव जीतने के बाद कहा था कि वे फिल्म इंडस्ट्री नहीं छोड़ेंगे क्योंकि एक्टिंग उनका जुनून है। उनके पास पहले से ही कुछ फिल्म प्रोजेक्ट पाइपलाइन में हैं। गोपी केरल से भाजपा के पहले सांसद हैं। उन्होंने त्रिशूर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा था और सीपीआई के सुनील कुमार को करीब 75 हजार वोटों से हराया है।

राम को काल्पनिक बताने वाले को मंत्री बना दिया: आप

आम आदमी पार्टी ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा है कि हिंदुओं और रामभक्तों के साथ विश्वासघात किया गया है। पीएम मोदी ने अपने कैबिनेट में एक ऐसे व्यक्ति को शामिल किया है जिसने राम को काल्पनिक बताया और इतना ही नहीं रावण को राम से बेहतर बताया था। केजरीवाल सरकार के मंत्री सौरभ भारद्वाज ने हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा के प्रमुख जीतनराम मांझी का नाम लेकर यह आरोप लगाया। उन्होंने कहा, हम भाजपा से पूछना चाहते हैं कि क्या वह भगवान राम को काल्पनिक मानती है। क्या भाजपा मानती है कि राम से बेहतर रावण है?'भारद्वाज ने आगे कहा कि जीत के बाद जब प्रधानमंत्री भाजपा मुख्यालय पहुंचे तो सभी उन्हें मोदी को जय श्री राम कह रहे थे। लेकिन मोदी ने जय श्री राम का जवाब जय जगन्नाथ से दिया। जगन्नाथ में कोई बुराई नहीं, लेकिन एक ही दिन में भगवान बदल दिए। जय श्री राम का जवाब जय जगन्नाथ से दिया और उसके बाद एक ऐसे व्यक्ति को मंत्रिमंडल में लिया गया जो भगवान राम को काल्पनिक बताते हैं। हम भाजपा से जानना चाहते हैं कि ऐसे व्यक्ति को क्यों मंत्री बनाया।

खबर संक्षेप

नीट मामले में सुप्रीम में लगाई याचिका

नई दिल्ली। विवादों में घिरी नीट परीक्षा का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। याचिका में नीट रिजल्ट को रद्द घोषित कर दोबारा परीक्षा की मांग करते हुए एसआईटी गठित कर जांच कराने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा 4 जून 2024 को आए नतीजों के आधार पर होने वाली काउंसिलिंग रोका जाए। नीट परीक्षा को लेकर ये याचिका तेलंगाना के अब्दुल्ला मोहम्मद फैज ने दाखिल की है।दरअसल, नीट 2024 की परीक्षा में 23 लाख 33 हजार शामिल हुए।

दुनियाभर में मनाया जाएगा 10वां योग दिवस

नई दिल्ली। सभी देशों में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 10वें संस्करण की तैयारी चल रही है। भारत में भी आयुष मंत्रालय के तहत अखिल भारतीय आयुर्वेद संस्थान योग दिवस के लिए तैयारी कर रहा है। योग ने सिर्फ शरीर को बल्कि मंन को भी शांति और एकाग्रचित करता है। योग के अभ्यास से शांतिपूर्ण मन से व्यक्ति को समाज कल्याण के लिए एक बेहतर निर्णय लेने में मदद मिलती है। इस बार 10वीं बार योग दिवस मनेगा।

पंजाब को आतंकवादी राज्य कहना गलत

चंडीगढ़। भाजपा सांसद कंगना रनौत के साथ हुए थप्पड़ कांड की पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे घटनाएं नहीं होना चाहिए। चाहे कोई फिल्म अभिनेता हो या सांसद, यह कहना गलत है कि पूरा पंजाब एक आतंकवादी राज्य है और राज्य में आतंकवाद है। हर मुद्दे पर आप कहते हैं कि ये आतंकवादी और अलगावादी हैं। किसान विरोध प्रदर्शन करते हैं तो उन्हें आतंकवादी कहा जाता है। यह गलत है। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर सांसद कंगना रनौत को थप्पड़ मारने के मामले को लेकर अभी तक चर्चा जारी है।

प्रधानमंत्री ने पीएमओ कर्मचारियों को दिए कई टिप्स

पीएमओ में पदस्थ कर्मचारियों के कामकाज की पीएम मोदी ने की सराहना

मैं विराम के लिए पैदा नहीं हुआ हूं: पीएम नरेंद्र मोदी

एजेंसी ⏭नई दिल्ली

मोदी ने कहा- नए हौसले के साथ आगे बढ़ना चाहता हूं

इस जीत के बड़े हकदार अगर कोई हैं, तो आप (पीएमओ स्टाफ) लोग हैं

हमारे देश में छवि बनी हुई थी और पीएमओ शक्ति का केंद्र है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ना चाहता हूं। मैं विराम करने के लिए पैदा नहीं हुआ हूं। वही इंसान सफल होता है, जिसके भीतर का विद्यार्थी मरता नहीं है। लोग मुझसे पूछते हैं कि आप थकते क्यों नहीं हो। वो ये जानना चाहते हैं कि मैं क्या खाता हूं। उनको पता नहीं कि मैं अपने भीतर के विद्यार्थी को जिंदा रखता हूं। पीएमओ स्टाफ को संबोधित करते हुए पीएम ने कहा कि किशोर वर्ग से बात करेंगे तो पाएंगे कि उनकी इच्छाएं अस्थिर होती हैं। सामान्य मानवीय इसे तरंग समझता है लेकिन जब इच्छा स्थिर हो जाती है तो वो संकल्प बन जाती है। संकल्प के परिश्रम जुड़ जाता है तो सिद्धि प्राप्त होती है। इसलिए 'इच्छा + स्थिरता =संकल्प, संकल्प + परिश्रम =सिद्धि' ये सूत्र है। उन्होंने कहा कि जिस टीम ने इतना बड़ी सफलता हासिल की, उसका मन करेगा कि थोड़ी शांति मिले। मैं मानता हूं कि 10 साल जो किया है, अब उससे ज्यादा काम करना है। अब ग्लोबल बेंच मार्क पार करना है। जहां कोई नहीं पहुंचा है, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि इस विजय के बड़े हकदार भारत सरकार के कर्मचारी भी हैं।

मेरे दिल दिमाग में 140 करोड़ लोग हैं

पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान होना चाहिए। मेरे दिल और दिमाग में 140 करोड़ लोगों के सिवाय कोई और नहीं है। मेरे लिए देश के 140 करोड़ लोग परमात्मा का रूप हैं। जहां कोई नहीं पहुंचा है, वहां अपने देश को हमें पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री कार्यालय को 2014 से पहले सत्ता के केंद्र के रूप में देखा जाता था। मेरा मानना है कि पीएमओ जनता के लिए है न कि मोदी के लिए। मुझे ज्यादा और बेहतर काम करना है मैं यहां विराम लेने के लिए नहीं आया हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीएमओ स्टाफ से कहा, दस साल पहले देश में एक छवि बनी हुई थी कि पीएमओ शक्ति का केंद्र है। मैं बता देना चाहता हूं कि मैं न सत्ता के लिए पैदा हुआ हूं और न शक्ति अर्जित करने के लिए सोचता हूं। अपने पहले कार्यकाल के पहले दिन से हमने प्रयास किया है ।

पीएमओ सेवा का अधिष्ठान होना चाहिए

पीएम मोदी ने कहा कि पीएमओ सेवा का अधिष्ठान होना चाहिए। सरकार की बात आती है तो वो अकेला मोदी नहीं होता है, हजारों मस्तिष्क जो साथ लगे हुए हैं। इससे समर्पण अपने आप समाहित हो जाता है। सरकार का मतलब सामर्थ्य, समर्पण और संकल्पों की नई ऊर्जा है। हम उन लोगों में नहीं हैं, जिनके लिए इतने बजे ऑफिस शुरू होता है, इतने बजे खत्म हो जाता है। हमारे लिए समय का कोई बंधन नहीं है। हमारे लिए सोचने की सीमाएं नहीं हैं। जो इससे परे हैं वही तो मेरी टीम है।

मेरा पल-पल देश के नाम है

पीएम मोदी ने कहा कि दस साल से बहुत सारे लोग मुझे झेल रहे हैं. कुछ हैं जो अब झेलना शुरू करेंगे, कुछ होंगे जो अब कहीं और जाना चाहते होंगे, जाने वालों को मेरी शुभकामनाएं। जो मन और भाव से अगले 5 साल खप जाना चाहता है, वो साथ आए. मेरा पल-पल देश के नाम है। मैंने सातों दिन और 24 घंटे फॉर 2047 का देश से वादा किया है।

ओडीशा में कौन सीएम, आज होगा खुलासा

मनमोहन सामल

सुरेश पुजारी

गिरीश चंद्र मुर्मू

सामल, पुजारी और मुर्मू पर अटकलों का दौर गर्म

- *महिला विधायक सुरमा पढी और पार्वती परीदा भी दावेदार*
- *कल बुधवार को होगा शपथ ग्रहण कार्यक्रम*

आनंद राणा ⏭नई दिल्ली

ओडिशा में कौन सीएम बनेगा इसको लेकर अटकलों का दौर जारी है। कोई अनजान चेहरा सीएम की कुर्सी पर बैठेगा या फिर किसी जाने पहचाने नेता को बागडोर सौंपी जाएगी, इस पर कयास नतीजे आने के दिन चार जून से ही लगाये जा रहे हैं। केंद्र में एनडीए की सरकार के गठन में छह दिन लग गये, भाजपा हाईकमान ने इस दौरान ओडिशा में बनने जा रही अपनी पहली सरकार का मसला थोड़ा टाल दिया था, मोदी के पीएम बनने के बाद अब पूरा फोकस ओडिशा की तरफ घूम गया है। केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह और भूपेंद्र यादव मंगलवार को भुवनेश्वर में भाजपा विधायक दल की बैठक में सीएम को लेकर राय जानेंगे।

शपथ ग्रहण समारोह बुधवार 12 जून को होना है, इसलिए मंगलवार को इस बात का खुलासा हो जाएगा कि सीएम की कुर्सी कौन संभालेगा। राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव जीतने के बाद भाजपा ने सीएम के नाम को लेकर की जा रही सभी भविष्यवाणियों को झूठा साबित कर दिया था। सभी वरिष्ठ नेताओं को किनारे करते हुए भाजपा हाईकमान ने राजस्थान में भजनलाल शर्मा, मध्यप्रदेश में मोहन यादव और छग में विष्णुदेव साय के नाम की घोषणा कर सबको चौंका दिया था। क्या ओडिशा में भी यह घटनाक्रम दोहराया जाएगा या फिर यहां किसी जाने पहचाने और संभावित दावेदार को सरकार का मुखिया बनाया जाएगा।

भाजपा 78 सीटें जीतकर सत्ता में

राज्य में हाल ही में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 78 सीटें जीतकर सत्ता हासिल की है। 147 सदस्यीय ओडिशा विधानसभा में नवीन पटनायक की बीजद महज 51 सीटों पर ही सिमट गई। कांग्रेस के हाथ में सिर्फ 14 सीटें आ पाई। तीन सीटों पर निर्दलीय और एक सीट पर सीपीआई एम ने जीत दर्ज की है। धर्मेंद्र प्रधान ओडिशा के सीएम बनेंगे पर मोदी मंत्रिमंडल में शामिल होने के बाद वे सीएम बनने की दौड़ से बाहर हो चुके हैं। नए सीएम को लेकर अब भी असमंजस और रहस्य बना हुआ है। पार्टी हाईकमान के मन में क्या है ये मंगलवार को पता चलने की उम्मीद है। अभी तक सीएम पद के लिए किसी नेता के नाम पर अंतिम फैसला नहीं कर पाया है, लेकिन पार्टी की ओडिशा इकाई के अध्यक्ष मनमोहन सामल दौड़ में आगे बताए जा रहें हैं। उनके साथ ही ओडिशा भाजपा के वरिष्ठ नेता और नवनिर्वाचित विधायक सुरेश पुजारी के नाम पर भी अटकलें लगाई जा रही हैं। सुरेश पुजारी 2019 के चुनाव में बरगढ़ से लोकसभा के लिए चुने गए थे। उन्होंने हाल ही में बजराजनगर विधानसभा क्षेत्र से चुनाव जीता। पुजारी रविवार को दिल्ली आए थे। उनके करीबी सूत्रों का कहना हैं कि सीएम के नाम पर सलाह लेने के लिए उनको पार्टी हाईकमान ने दिल्ली बुलाया था।

अमित शाह के करीबी हैं सामल

ओडिशा भाजपा अध्यक्ष सामल के अलावा पुजारी भी सीएम बनने की कतार में हैं। पेशे से वकील रहे पुजारी केंद्रीय मंत्री अमित शाह के करीबी माने जाते हैं। अमित शाह के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समय वे राष्ट्रीय कार्यसमिति के सदस्य थे। वह भाजपा के राष्ट्रीय सचिव भी रह चुके हैं। जम्मू-कश्मीर के पूर्व राज्यपाल गिरीश चंद्र मुर्मू का नाम भी सीएम के लिए चर्चा में है। 1985 बैच के आईएएस अफसर रहे मुर्मू भारत के नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक भी रहे हैं। गुजरात में जब नरेंद्र मोदी सीएम थे, तब वह उनके प्रधान सचिव थे। ओडिशा के मयूरभंज के रहने वाले गिरीश मुर्मू विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार नहीं थे।

सीएम नायब ने सुनी लोगों की समस्याएं, निवारण के दिए निर्देश

सरकारी विभागों से संबंधित जनता की समस्याएं तत्काल दूर करने पर रहेगा जोर

हरिभूमि ब्यूरो ⏭नई दिल्ली

सीएम नायब सिंह सैनी ने सोमवार को नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में आम लोगों की समस्याएं सुनी और त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। सीएम नायब सिंह ने कहा है कि प्रत्येक जिला व उपमंडल स्तर पर शिविर लगाकर लोगों की समस्याओं का समाधान निर्धारित अवधि में किया जाएगा।

हरियाणा सरकार ने इसके लिए मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ का गठन किया है जो पूरे प्रदेश में शिविरों के संचालन की देखरेख करेगा। शिविर में कितनी समस्याएं आई, कितनी समस्याओं का समाधान हुआ और कितनी बाकी रह गई। जिन समस्याओं का निवारण नहीं हुआ, उसके पीछे कारण या वजह क्या रही। इसकी रिपोर्ट प्रत्येक जिला से जिला प्रशासन हर रोज मुख्य सचिव कार्यालय को भेजेगा, जो सीएम को भेजी जाएगी।

खास बातें

- मुख्य सचिव कार्यालय में बनवाया समाधान प्रकोष्ठ
- प्रॉपर्टी आईडी और फैमिली आईडी की त्रुटियां होगी दुरुस्त
- प्रत्येक दिन जिले की रिपोर्ट सीएम तक भेजी जाएगी

नीतिगत फैसलों में मुख्य सचिव और प्रशासनिक सचिव शामिल होंगे

सैनी ने बताया कि सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू करने में आमजन के सामने आने वाली कठिनाइयों को दूर करने के लिए जहां नीतिगत फैसले लेने की आवश्यकता होगी, ऐसे मामलों में मुख्य सचिव द्वारा समाधान प्रकोष्ठ की बैठक संबंधित प्रशासनिक सचिवों के साथ आयोजित की जाएगी।

जिले में समाधान शिविर शुरू हो चुके

ज्ञात हो कि हरियाणा सरकार अब सरकारी विभागों से संबंधित आम जनता की समस्याओं का निवारण करने को तरजीह दे रही है। इसके लिए चंडीगढ़ में मुख्य सचिव कार्यालय में समाधान प्रकोष्ठ बनाया गया है, जो जिला और उपमंडल स्तर पर कार्य दिवसों में हर रोज प्रातः 9 से 11 बजे तक समाधान शिविरों के संचालन की देखरेख करेगा। ऐसे शिविरों में जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी मौजूद रहेंगे। सीएम नायब सिंह सैनी के निर्देश पर प्रत्येक जिला में शिविर लगाए जाने की शुरुआत भी हो चुकी है।

जिला और उपमंडल स्तर पर भी होगी सुनवाई

सीएम ने बताया कि प्रॉपर्टी आईडी और परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने के लिए सुनवाई जिला और उपमंडल स्तर पर होगी और उन गलतियों को दूर किया जाएगा। इन शिविरों में मुख्य रूप से जमीन की रजिस्ट्री, एनओसी प्राप्त करने राशन कार्ड बनवाने, राशन वितरण अपराध संबंधी शिकायतें, बिजली सिंचाई, जन स्वास्थ्य बारे शिकायतें सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसे बुढ़ापा पेंशन, दिव्यांगता या विधवा पेंशन से संबंधित मामलों की सुनवाई होगी और उनका समाधान किया जाएगा। जो समस्याएं प्रशासनिक दायरे में होंगी उनको हल करने के किए कदम उठाए जाएंगे।

स्कूल ऑफ जर्नलिज्म और नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के बीच समझौता

नई दिल्ली। केआर मंगलम विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन और नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के बीच एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कदम शैक्षणिक सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। समारोह में केआरएमयू के माननीय कुलपति प्रो. रघुवीर सिंह, कार्यवाहक रजिस्ट्रार श्री दीपक मिश्रा, एसजेएमसी के डीन प्रो. (डॉ.) नीरज खत्री, नई दिल्ली फिल्म फाउंडेशन के महासचिव श्री आशीष के सिंह और अन्य प्रतिष्ठित संकाय सदस्य उपस्थित थे। यह सहयोग दोनों संस्थानों के शैक्षणिक और सांस्कृतिक परिदृश्य को समृद्ध करने के उद्देश्य से संयुक्त पहलों को बढ़ावा देगा। इस एमओयू के तहत, सहयोगात्मक फिल्म महोत्सवों, संयुक्त कार्यशालाओं, सम्मेलनों और सिनेमा और फिल्म अध्ययन पर केंद्रित संगोष्ठियों का आयोजन किया जाएगा। दोनों संस्थान अपने विशेषज्ञता और संसाधनों को एकत्र करेंगे ताकि सिनेमाई कला के क्षेत्र में विद्वतापूर्ण संवाद और रचनात्मक आदान-प्रदान के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सके।

सेबी ने डीमैट के लिए नामांकन अनिवार्यता नियम में दी ढील

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बाजार नियामक सेबी ने मौजूदा निवेशकों के लिए नियमों को आसान बनाते हुए 'नामांकन का विकल्प' न देने की स्थिति में डीमैट और म्यूचुअल फंड खातों पर रोक लगाने (फ्रीज करने) का नियम सोमवार को खत्म कर दिया। इसके अलावा भौतिक रूप में प्रतिभूतियां रखने वाले निवेशक अब लाभांश, ब्याज या प्रतिभूतियों को भुनाने जैसे किसी भी भुगतान को पाने के लिए पात्र होंगे।निवेशक 'नामांकन का विकल्प' न चुनने पर भी शिकायत दर्ज करने या आरटीए से किसी भी सेवा का अनुरोध पाने के हकदार होंगे।

- अब भौतिक रूप से निवेशक भुगतान पाने के लिए पात्र होंगे

नामांकन का विकल्प न देने की स्थिति में डीमैट फ्रीज होने वाला था

रोके गए भुगतान को निपटाया जाएगा

बाजार नियामक ने कहा कि सूचीबद्ध कंपनियों या आरटीए द्वारा 'नामांकन का विकल्प' न देने की वजह से फिलहाल रोके जा चुके भुगतान को भी अब निपटाया जा सकेगा। इसके साथ ही सेबी ने यह साफ किया कि सभी नए निवेशकों और म्यूचुअल फंड यूनिटधारकों को डीमैट खातों/ म्यूचुअल फंड फोलियो के लिए अनिवार्य रूप से 'नामांकन का विकल्प' देने की व्यवस्था जारी रहेगी।

नामांकन से बाहर निकलने प्रारूप जारी

विवरण को अद्यतन करने के लिए नामित व्यक्ति का नाम, नामित व्यक्ति की हिस्सेदारी और आवेदक के साथ संबंध के बारे में बताना होगा। सेबी ने डीमैट खाते और एमएफ फोलियो में नामांकन का विकल्प देने और नामांकन से बाहर निकलने के लिए एक प्रारूप भी जारी किया है।

नियामक संदेश भेजकर करेगा प्रोत्साहित

नियामक ने डिपॉजिटरी प्रतिभागियों, एएमसी या आरटीए से कहा है कि वे डीमैट खाताधारकों या म्यूचुअल फंड यूनिटधारकों को ईमेल और एसएमएस के जरिये पाक्षिक आधार पर संदेश भेजकर 'नामांकन का विकल्प' अद्यतन करने के लिए प्रोत्साहित करें।

30 जून की समय सीमा तय थी

इससे पहले भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने सभी मौजूदा व्यक्तिगत म्यूचुअल फंड धारकों के लिए नामित व्यक्ति (नॉमिनी) का विवरण देने या नामांकन से बाहर निकलने के लिए 30 जून की समयसीमा तय की थी। नियम का पालन न करने पर उनके खातों से निकासी पर रोक लगाई जा सकती थी।

निवेशकों की सुविधा ध्यान में रखी गई

हालांकि, सेबी ने सोमवार को जारी परिपत्र में कहा कि अनुपालन में सुगमता और निवेशकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मौजूदा निवेशकों या यूनिटधारकों के लिए 'नामांकन का विकल्प' न देने पर डीमैट खातों के साथ म्यूचुअल फंड खाते पर रोक नहीं लगाने का फैसला किया गया है।

बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया

शेयर बाजार रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद फिसला, सेंसेक्स 203 अंक टूटा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बड़ी सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनियों और एचडीएफसी बैंक के शेयर में बिकवाली के बीच प्रमुख शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी सोमवार को शुरुआती कारोबार में रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंचने के बाद गिरकर बंद हुए।

दिन में कारोबार के दौरान 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77,000 अंक के स्तर को पार कर गया। छोटे और मझोले शेयरों ने निवेशकों को कमाई कराना जारी रखा। इसके चलते शेयर बाजार के निवेशकों को आज दिन भर में करीब 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा हुआ।

सेंसेक्स 76,490 अंक पर हुआ बंद

हालांकि, कारोबार के अंत में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया और 203.28 अंक या 0.27 प्रतिशत टूटकर 76,490.08 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले दिन में सेंसेक्स 385.68 अंक या 0.50 प्रतिशत उछलकर 77,079.04 अंक के नए रिकॉर्ड पर पहुंच गया था।

निफ्टी गिरकर 23, 259 अंक पर बंद

इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 30.95 अंक या 0.13 प्रतिशत गिरकर 23,259.20 अंक पर बंद हुआ। दिन में कारोबार के दौरान यह 121.75 अंक या 0.52 प्रतिशत चढ़कर 23,411.90 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंचा था। नरेन्द्र मोदी ने रविवार को तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। उनके मंत्रिमंडल में 72 सदस्य शामिल हैं।

- निवेशकों ने आईटी और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में की बिकवाली
- निवेशकों को हुआ 1.42 लाख करोड़ रुपए का मुनाफा
- कारोबार के आखिर में सूचकांक बिकवाली के दबाव में आ गया

एशियाई बाजार में मिलाजुला रुख

एशिया के अन्य बाजारों में जापान का निक्की लाभ में बंद हुआ, जबकि दक्षिण कोरिया के कॉस्पी में गिरावट हुई। चीन का शंघाई कम्पोजिट और हांगकांग का हैंगसेंग छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजार गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.18 प्रतिशत बढ़कर 79.76 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

बाजार में नए उत्प्रेरकों की कमी : शेयर बाजार के आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 4,391.02 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'केंद्र में नई सरकार के गठन के बाद भारतीय बाजार में फिलहाल नए उत्प्रेरकों की कमी है। इससे संकेत मिलता है कि निकट भविष्य में बाजार में कुछ कमजोरी आ सकती है।'

फेड घटा सकता है जल्द ब्याज दर : तापसे ने कहा कि अमेरिका के आंकड़ों से संकेत मिलता है कि ब्याज दरों में कटौती जल्द नहीं होगी, जिसके बाद कमजोर वैश्विक संकेतों के कारण भी बाजार में सुस्ती रही। व्यापक बाजार में, बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 1.04 प्रतिशत चढ़ा और मिडकैप 0.56 प्रतिशत के लाभ में रहा।

इंफोसिस में रही गिरावट

माना जा रहा है कि तीसरे कार्यकाल में सरकार निरंतरता कायम रखने पर ध्यान देगी। सेंसेक्स की कंपनियों में टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, विप्रो, बजाज फाइनेंस, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एचडीएफसी बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज में उल्लेखनीय गिरावट हुई।

अल्ट्राटेक सीमेंट रहा लाभ में

दूसरी ओर अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, एनटीपीसी, टाटा स्टील और एक्सिस बैंक के शेयर लाभ में रहे। मेहता इक्विटीज लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) प्रशांत तापसे ने कहा, 'सेंसेक्स के अपने नए उच्चस्तर से फिसलने के कारण बाजार में अस्थिरता लौट आई है। आईटी, धातु तथा तेल एवं गैस शेयरों में मुनाफावसूली के बीच कारोबार के अंत में सूचकांक तेजी से गिरा।'

रिलायंस पावर बन गई एकल आधार पर ऋण-मुक्त कंपनी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

- ऋणदाताओं का सारा बकाया कर्ज चुका दिया
- कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपए का बकाया कर्ज था

रिलायंस पावर ने ऋणदाताओं का सारा बकाया कर्ज चुका दिया है और अब वह एकल आधार पर कर्ज-मुक्त कंपनी बन गई है।

कंपनी पर करीब 800 करोड़ रुपये का बकाया कर्ज था जिसे बैंकों को चुका दिया गया है। रिलायंस पावर ने दिसंबर 2023 से मार्च 2024 के बीच आईडीबीआई बैंक, आईसीआई सीआई बैंक, एक्सिस बैंक और डीबीएस सहित विभिन्न बैंकों के साथ कई ऋण निपटान समझौतों पर हस्ताक्षर किए। कंपनी ने अब इन बैंकों का पूरा कर्ज चुका दिया है।दिसंबर 2023 में रिलायंस पावर ने अरुणाचल प्रदेश में प्रस्तावित 1,200 मेगावाट की जलविद्युत परियोजना के विकास अधिकार टीएचडीसी को 128 करोड़ रुपये में बेचे। मार्च 2024 में कंपनी ने महाराष्ट्र के वाशपेट में अपनी 45 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना को 132 करोड़ रुपये में जेएसडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी को बेच दिया।

इन परियोजनाओं की बिक्री से मिली राशि का उपयोग कंपनी ने अपना कर्ज चुकाने में किया है। रिलायंस पावर के पास 38 लाख से अधिक खुदरा निवेशकों की भागीदारी के साथ 4,016 करोड़ रुपये का शेयर आधार है।

आर पावर की परिचालन क्षमता 5900 मेगावाट

रिलायंस पावर की परिचालन क्षमता 5900 मेगावाट है, जिसमें 3960 मेगावाट का सासन अल्ट्रा मेगा पावर प्रोजेक्ट (यूएमपीपी) और उत्तर प्रदेश में 1200 मेगावाट का रोजा ताप-विद्युत संयंत्र शामिल है। सासन यूएमपीपी दुनिया के सबसे बड़े एकीकृत कोयला-आधारित बिजली संयंत्रों में से एक है।

सूचना
सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

ज्योतिष
सबको आजमाया बार-बार
हमें आजमाये सिर्फ एक बार
तंत्र-मंत्र के सम्राट
जिसे होगा ज्ञान वही करेगा काम
सभी समस्याओं का समाधान
बाबा अकबर खान
स्पे. प्रेम विवाह, किया कराया, कारोबार, शादी में रुकावट ग्रहक्लेश, विदेश यात्रा, मुठकरनी, सौतन व दुश्मन से छुटकारा, A to Z सभी समस्याओं का तुरंत समाधान पायें।
9810842229
बी-5, बलराम हाऊस, मिलने सिनेमा के सामने, करमपुरा, नई दिल्ली-110015

ज़िऑन ने खेल पोषण और हर्बल उत्पादों में नवाचारों का प्रदर्शन किया

नई दिल्ली। न्यूट्रास्युटिकल और हर्बल उत्पादों के भारत के प्रमुख विनिर्माण भागीदार, ज़िऑन लाइफसाइंसेज लिमिटेड ने दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य, खेल और फिटनेस महोत्सव (आईएचएफएफ) 2024 में महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। खेल और फिटनेस को समर्पित इस कार्यक्रम ने ज़ीऑन को अपने नवाचारों को प्रदर्शित करने और एक विशेष ग्राहक आधार से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान किया। ज़िऑन लाइफसाइंसेज लिमिटेड के सीएमडी और संस्थापक, सुरेश गर्ग ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, "आईएचएफएफ 2024 में हमारी भागीदारी एक जबरदस्त सफलता थी। हम आईएचएफएफ में अग्रणी निर्माता थे और दर्शकों की बढ़ती रुचि के कारण हमने काफी ध्यान आकर्षित

किया। इसने हमें स्वास्थ्य और फिटनेस में वैश्विक नेताओं के साथ जुड़ने और खेल पोषण उत्पादों में नवाचार और गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करने की अनुमति दी।

सोना 71,800 रु. पर स्थिर चांदी 200 रुपए मजबूत

नई दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोमवार को सोना 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर स्थिर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक-जिंस सौमिल गांधी के अनुसार, सोमवार को सोने में सपाट कारोबार हुआ, जबकि शुक्रवार को कॉमेक्स हाजिर सोने में 3.45 प्रतिशत की गिरावट आई थी जो अगस्त, 2021 के बाद सबसे अधिक है। हालांकि, चांदी की कीमत 200 रुपये बढ़कर 92,100 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले सत्र में यह 91,900 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। गांधी ने कहा, 'दिल्ली के बाजारों में, हाजिर सोने (24 कैरेट) की कीमतें पिछले बंद से अपरिवर्तित रहकर 71,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर कारोबार कर रही हैं।' अंतरराष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स में हाजिर सोना 2,293 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था, जो पिछले बंद भाव से एक डॉलर की गिरावट है। हालांकि, चांदी बढ़कर 29.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

भारतीय व्यापारियों की लिपुलेख दर्रे से व्यापार शुरू करने की मांग

पिथौरागढ़। पिथौरागढ़ जिले में लिपुलेख दर्रे के जरिये चीन के साथ 1992 से सीमा व्यापार कर रहे भारतीय व्यापारियों ने केंद्र सरकार से इस मार्ग से सीमा व्यापार फिर से शुरू करने का मुद्दा चीन के समक्ष उठाने का अनुरोध किया है। वर्ष 2019 में कोविड-19 वैश्विक महामारी के प्रकोप के बाद इस व्यापार मार्ग अचानक बंद कर दिया गया था। जिससे भारतीय व्यापारियों को तिब्बत के तकलाकोट मार्ट से अपने ऊनी उत्पादों को छोड़कर लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा था।

NOTICE
IN THE COURT OF HON'BLE A.H. Sayyed MEMBER, MACT- 4, 4th Floor, Room No. 408, (New, G+9, building) DISTRICT COURT, AKASHWANI CHOWK, NAGPUR.
C.P. No. 615/22
Process No. 2776 F.F. 14/06/2024
Petitioner : Shamima
-versus-
Respondent : Hari
To,
M/s Hari Express Pvt. Ltd., R/o House No. 60, Sanchauli Sohana Gurgaon, Hariyana- 122001.
Whereas the above named petitioners in above petition have filed their Claim Petition U/ sec. 166 of Motor Vehicle Act for Rs. 1,00,000/- & U/sec.140 of Motor Vehicle Act for Rs. 50,000/-
You are hereby noticed to appear in this Court of Hon'ble Member, M.A.C.T.-4, Nagpur, in person or by a pleader duly instructed on Dated 14/06/2024, At 11.00 A.M. to show cause in the said above noted claim Petition failing wherein the said Petition will be heard and determined exparte in your absence. Given under my hand and the seal of the Court this 03rd day of April, 2024. Nagpur, Date : 03/04/2024
Seal
Yours Faithfully
Registrar (Judl.)
M.A.C.T. Nagpur

राशिफल

मेष किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता के सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृष व्यर्थ के क्रोध से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। किसी मित्र से वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

मिथुन आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। वाणी में मधुरता रहेगी। कार्यक्षेत्र में कठिनाइयां आ सकती है। परिश्रम भी अधिक रहेगा। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें।

कर्क आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। मन प्रसन्न रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में परिवर्तन के योग बन रहे हैं। तरक्की भी हो सकती है। आय बढ़ेगी।

सिंह आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे, परन्तु धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। किसी मित्र के सहयोग से नौकरी के अवसर मिल सकते हैं। सेहत का ध्यान रखें।

कन्या मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। कार्यस्थल पर व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें।

तुला आत्मविश्वास में कमी रहेगी। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ अधिक रहेगी।

वृश्चिक आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिलेंगे। आय में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

धनु आत्मविश्वास से लबरेज रहेगें। परन्तु अति उत्साही होने से बचें। संयत रहें। माता का साथ मिलेगा। आय भी बढ़ेगी। संतान को स्वास्थ्य विकार हो सकते हैं।

मकर माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। जीवनसाथी का साथ मिलेगा। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के साधन बन सकते हैं। तरक्की के योग बन रहे हैं।

कुंभ अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में परिवर्तन हो सकता है। भाइयों का सहयोग रहेगा।

मीन शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। शासन सत्ता का सहयोग मिलेगा। तरक्की का मार्ग प्रशस्त होगा।

जेईई-एडवांस्ड में कोटा एलन स्टूडेंट वेद लाहोटी ऑल इंडिया टॉपर

भाषा ▶▶ कोटा

जेईई एडवांस्ड के नतीजों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट ने ऐतिहासिक परिणाम दिए हैं। आईआईटी मद्रास द्वारा घोषित परिणामों में कोटा के क्लासरूम स्टूडेंट वेद लाहौटी ने आल इंडिया टॉप किया है। वेद ने आईआईटी जेईई के अभी तक के इतिहास में सर्वाधिक पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त किया है। वेद ने 360 मे से 355 अंक के साथ 98.61 पर्सेन्ट स्कोर प्राप्त किए हैं। परिणाम घोषित होने से पूर्व वेद लाहोटी एवं द्विजा पटेल को आईआईटी मद्रास के डायरेक्टर ने फोन कर सफलता के लिए बधाई दी। परिणाम जारी होने के साथ ही कॅरियर सिटी कोटा में जोश और उत्साह का माहौल है। यहां एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट में निदेशक राजेश माहेश्वरी, नवीन माहेश्वरी व डॉ.बृजेश माहेश्वरी ने विद्यार्थियों व उनके अभिभावकों का अभिनन्दन किया। एलन के निदेशक राजेश माहेश्वरी ने बताया कि

अब तक देखे गए परिणामों में एलन के क्लासरूम से टॉप-10 में 4 स्टूडेंट्स और टॉप-100 में 45 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने स्थान बनाया है, जो कि देश में सर्वाधिक है। टॉप-10 में रैंक-1 के साथ एआईआर-4 पर रिदम केडिया, 6 पर राजदीप मिश्रा, 7 पर द्विजा पटेल हैं। द्विजा पटेल आल इंडिया गर्ल टॉपर भी रही है। इसके साथ ही टॉप-50 में एआईआर-12 पर राघव शर्मा, 15 पर शॉन थॉमस, 16 पर बिस्मित साहू, 21 पर शौर्य अग्रवाल, 22 पर नमिश, 23 पर अंश गर्ग, 26 पर मितांशु, 28 पर शेखर झा, 29 पर मोहम्मद सूफियान, 30 पर सागर वी, 31 पर इशान गुप्ता, 35 पर रिशित अग्रवाल, 36 पर विदिप रेड्डी, 37 पर अंशुल गोयल, 38 पर अक्षर झाला, 40 पर अरनव, 44 पर आदिश्वर सिंह व 49 पर अवैद रहे हैं। आल इंडिया रैंक-69 पर एलन लाइव क्लासरूम प्रोग्राम के छात्र अविक दास रहे। एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट प्राइवेट लिमिटेड द्वारा इस बार अपने सभी रिजल्ट्स को अंतरराष्ट्रीय ऑडिटर फर्म अर्नस एण्ड यंग (ईवाइ) से उनके मापदण्डों के अनुसार सत्यापित करवाया है। एलन का यह रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी की दिशा में एक अभिनव प्रयास है।

इक्विटी म्यूचुअल फंड में निवेश बढ़ा

नई दिल्ली। इक्विटी म्यूचुअल फंड में मई में निवेश जोरदार बढ़त के साथ 34,697 करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर पहुंच गया। यह आंकड़ा इससे पिछले महीने के मुकाबले 83 प्रतिशत अधिक है। एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) ने सोमवार को जारी आंकड़ो में बताया कि यह इक्विटी फंड में शुद्ध निवेश का लगातार 39वां महीना है। इसके अलावा, व्यवस्थित निवेश योजना (एसआईपी) से मासिक योगदान बढ़कर मई में 20,904 करोड़ रुपये हो गया, जो अप्रैल में 20,371 करोड़ रुपये था।

शब्द पहेली - 5538

1	2		3	■	4	■	5		6	7
■		■		■	8			■	9	
10	■	■	11			■		■	■	
12		13		■	14		■	15	16	
	■		■	17		■	18	■		■
19	20		21		■	22		23		24
■		■		■	25		■		■	
26			■	27		■	28			
	■	■	29	■	30			■	■	
31	32	■	33			■		■	34	■
35				■		■	36			

बाएँ से दाए
1. चिकित्सा, इलाज-4
5. पैतृक संपत्ति-4
8. बलवा, क्रांति-3
9. निम्न-2
11. सुअर, शूकर-3
12. चौबीसवें तीर्थंकर-4
14. केश-2
15. मुनाफा, अर्जित-3
17. मैदे की रोटी-2
19. मनोहर, आकर्षक-5
22. अनासक्ति, निर्विकारता-5
25. पानी, नीर-2
26. सूखा, दुष्काल-3
27. कांटा, कंटक-2
28. शांति, ध्वनिहीनता-4
30. तीक्ष्ण, तेजस्वी-3
31. लाख, गोंद-2
33. मधुक, महुआ-3
35. हृदयगति, स्पंदन-4
36. अनुक्रम, निरंतरता लयबद्ध-4

ऊपर से नीचे
2. पंख, पराया-2
3. राम का एक नाम-4
4. संरक्षक, देखरेख करने वाला, मुहाफिज-5
5. वियोग, जुदाई-3
6. गलत का विलोम-2
7. एकांतता, अकेलापन-4
10. मरियल, निर्बल-4
13. 'क्योंकि सास भी कभी बहु थी' में तुलसी इस परिवार की बहु है-3
16. मक्खन-3
17. रिश्ता-2
18. लाश-3
20. माला का मोती-3
21. यमराज-2
22. ललाट-2
23. ताप वर्धक-3
24. विदिर्ण-2.2
25. पानी का बहना-5
26. जुर्म, गुनाह-4
28. रसहीनता-4
29. प्रणाम, नमस्कार-3
32. लड़ी, श्रृंखला-2
34. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 5537 का हल

	बि	ज	ली	ध	र		मा	न	सि	क
दि	ल		ड		ख	न	न		ना	रा
ल		धा	र	दा	र		क	ली		मा
दु	लारा				खा	स		ख	प	त
ख		धा		ना	व		ग		र	
ना	म	र	ख	ना		च	म	क	दा	र
	यू		त		स	र		ट		वा
ह	र	म		शा	म			पी	स	ना
ड़		य	श		का	रा	वा	स		हो
ता	न		प	ग	ली		न		म	ना
ल	थ	प	थ		न	ग	र	व	धु	



टी-20 विश्व कप इतिहास में द.अफ्रीका का पॉवरप्ले में सबसे खराब प्रदर्शन, भारत का नाम नहीं

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम ने टी-20 विश्व कप 2024 के 16वें मुकाबले में भले ही नीदरलैंड को हरा दिया हो, लेकिन इस मुकाबले में उनके नाम एक अनचाहा रिकॉर्ड जुड़ गया। दक्षिण अफ्रीका ने पॉवरप्ले के दौरान 4 विकेट खोकर सिर्फ 16 रन बनाए थे। यह टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट के इतिहास में पॉवरप्ले के दौरान उनका सबसे खराब प्रदर्शन है। टी-20 विश्व कप में पॉवरप्ले के दौरान अब तक के सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली टीमों पर भारत का नाम नहीं है।

पाकिस्तान- 4/13

वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम ने पाकिस्तान क्रिकेट टीम को साल 2014 के विश्व कप में धो डाला था। वेस्टइंडीज ने पहले

बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट खोकर 166 रन बनाए थे। जवाब में पाकिस्तान सिर्फ 82 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पॉवरप्ले के दौरान पाकिस्तान ने 4 विकेट खोकर सिर्फ 13 रन बनाए थे। सैमुअल बद्री और सुनील नरेन ने 3-3 विकेट अपने नाम किए थे।

वेस्टइंडीज- 2/14

साल 2012 का टी-20 विश्व कप फाइनल वेस्टइंडीज और श्रीलंका क्रिकेट टीम के बीच खेला गया था। इस मुकाबले में एंजेलो मैथ्यूज ने जॉनसन चार्ल्स को पहले ही ओवर में आउट कर दिया था। इसके बाद छठे ओवर में क्रिस गेल को अजंथा मेंडिस ने पवेलियन भेजा। वेस्टइंडीज का स्कोर 6 ओवर के बाद 2/14 का था। हालांकि, इसके बावजूद मार्लोन सैमुअल्स के 78 रन की मदद से वेस्टइंडीज ने 137/6 का स्कोर बनाकर फाइनल अपने नाम कर लिया था।

नीदरलैंड- 4/15

साल 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका के खिलाफ नीदरलैंड सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई थी। यह टी-20 विश्व कप के इतिहास में संयुक्त रूप से सबसे छोटा स्कोर है। पहले 6 ओवर में नीदरलैंड ने सिर्फ 15 रन पर अपने 4 विकेट खो दिए थे। मैथ्यूज ने पॉवरप्ले के दौरान 3 विकेट अपने नाम किए थे। नुवान कुलशेखरा को 1 सफलता मिली थी। इस मुकाबले को श्रीलंका ने 9 विकेट से अपने नाम कर लिया था।

दक्षिण अफ्रीका 4/16

टी-20 विश्व कप 2024 में नीदरलैंड के खिलाफ पॉवरप्ले में दक्षिण अफ्रीका के 4 बल्लेबाज सिर्फ 16 रन पर पवेलियन में थे। पारी की पहली गेंद पर क्विंटन डिकॉक रन आउट हो गए थे। रीजा हेंड्रिक्स सिर्फ 3 रन बनाकर अगले ही ओवर में पवेलियन लौट गए। एडेन मार्करम खाता भी नहीं खोल पाए। हेनरिक क्लासेन ने 7 गेंदों का सामना किया और 4 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि, दक्षिण अफ्रीका ने 104 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया था।

टी-20 विश्व कप : सबसे कम रन पर युगांडा ही नहीं नीदरलैंड टीम भी हो चुकी है ऑलआउट

टी-20 विश्व कप 2024 के 18वें मुकाबले में युगांडा क्रिकेट टीम को करारी हार मिली। वेस्टइंडीज क्रिकेट टीम के खिलाफ पूरी टीम सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई। मैच में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 5 विकेट खोकर 173 रन बनाए थे। इसी के साथ युगांडा ने टी-20 विश्व कप के इतिहास का संयुक्त रूप से सबसे छोटा स्कोर बनाया है। विश्व कप में युगांडा ही नहीं बल्कि और भी कई टीमें हैं जो सबसे कम रन पर ऑल-आउट हो चुकी हैं।

39- नीदरलैंड बनाम श्रीलंका, 2014

नीदरलैंड क्रिकेट टीम साल 2014 के टी-20 विश्व कप में श्रीलंका क्रिकेट टीम के खिलाफ सिर्फ 39 रन पर ऑलआउट हो गई थी। पूरी टीम ने सिर्फ 10.3 ओवर बल्लेबाजी की थी। टॉम कूपर ने सबसे बड़ी पारी (16) खेली थी। उन्हें छोड़ कोई बल्लेबाज 10 रन भी नहीं बना पाया था। एंजेलो मैथ्यूज और अजंथा मेंडिस ने 3-3 विकेट लिए थे। श्रीलंका ने 5 ओवर में सिर्फ 1 विकेट खोकर मैच अपने नाम कर लिया था।

39- युगांडा बनाम वेस्टइंडीज, 2024

वेस्टइंडीज के खिलाफ 174 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी युगांडा पहले ओवर से ही दबाव में आ गई थी। टीम के 10 बल्लेबाज तो 10 रन का आंकड़ा भी नहीं पार कर पाए। जुमा मियागी ने सर्वाधिक नाबाद 13 रन बनाए। इसके अलावा 2 बल्लेबाज खाता तक नहीं खोल सके। पॉवरप्ले तक ही टीम के 19 रन पर 5 बल्लेबाज पवेलियन लौट चुके थे। वेस्टइंडीज से अकील होसेन ने 5 विकेट चटकाए।

खबर संक्षेप

ऑस्ट्रेलिया ओपन में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे प्रणय

सिडनी। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे एचएस प्रणय मंगलवार से यहां शुरू होने वाले ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रणय को यहां पांचवीं वरीयता दी गई है और उनकी निगाह फिर से लय हासिल करने पर टिकी होगी। पिछले दो टूर्नामेंट में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह थाईलैंड ओपन के पहले दौर में और सिंगापुर ओपन के प्री क्वार्टर फाइनल में हार गए थे। भारत की तरफ से पुरुष युगल में कोई खिलाड़ी नहीं उतरेंगे लेकिन महिला युगल और मिश्रित युगल में चुनौती पेश करेंगे।

गुलवीर सिंह ने तोड़ा पोर्टलैंड स्पर्धा में 5,000 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड

पोर्टलैंड (अमेरिका)। एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता एथलीट गुलवीर सिंह ने यहां 'पोर्टलैंड ट्रैक फेस्टिवल हाई परफोरमेंस' प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर रहकर पुरुषों की 5,000 मीटर स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ दिया। 'पॉल बंटा मेमोरियल रेस' में हिस्सा लेते हुए पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 26 वर्षीय एथलीट गुलवीर ने 13:18.92 सेकेंड का समय निकाला जो अविनाश साबले के पिछले साल लास एंजिल्स में बनाये गये 13:19.30 सेकेंड के समय के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर रहा। गुलवीर के नाम 10 हजार मीटर का भी रिकॉर्ड अब गुलवीर के नाम 10,000 मीटर और 5,000 मीटर दोनों रेस का राष्ट्रीय रिकॉर्ड है।

टी-20 विश्व कप : महाराज जीत के हीरो, आखिरी ओवर में 11 रन बचा दो विकेट झटके

बांग्लादेश को हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की

क्लासेन व गेंदबाजों ने अफ्रीका को चार रन की जीत दिलाई

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क

हेनरिक क्लासेन की जुझारू पारी के बाद बाएं हाथ के स्पिनर केशव महाराज की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से दक्षिण अफ्रीका ने आईसीसी टी20 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप डी के कम स्कोर वाले मैच में सोमवार को यहां बांग्लादेश को चार रन से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की और सुपर आठ में अपनी जगह लगभग पक्की कर ली। दक्षिण अफ्रीका के 114 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश तौहीद हृदय (37 रन, 34 गेंद, दो छक्के, दो चौके) और महमूदुल्लाह (20 रन, 27 गेंद, दो चौके) के बीच पांचवें विकेट की 44 रन की साझेदारी के बावजूद 20 ओवर में सात विकेट पर 109 रन ही बना सका। दक्षिण अफ्रीका की तरफ से महाराज ने 27 रन देकर तीन विकेट चटकाए जबकि एनरिच नोर्किया ने 17 और कागिसो रबादा ने 19 रन देकर दो-दो विकेट हासिल किए। मार्को यानसेन ने भी किफायती गेंदबाजी करते हुए चार ओवर में 17 रन दिए लेकिन उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। दक्षिण अफ्रीका इससे पहले क्लासेन (46 रन, 44 गेंद, दो चौके, तीन छक्के) की जुझारू पारी के अलावा डेविड मिलर (29 रन, 38 गेंद, एक छक्का, एक चौका) के साथ पांचवें विकेट के लिए उनकी 79 रन की साझेदारी से छह विकेट पर 113 रन बनाने में सफल रहा।

बांग्लादेश की ओर से तंजीम हसन साकिब ने 18 रन देकर तीन जबकि तास्किन अहमद ने 19 रन देकर दो विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे बांग्लादेश ने दूसरे ओवर में ही तंजीद हसन (09) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने कागिसो रबादा की गेंद पर विकेटकीपर क्विंटन डिकॉक को कैच थमाया। कप्तान नजमुल हसन शंटो और लिटन दास ने पावर प्ले में टीम का स्कोर एक विकेट पर 29 रन तक पहुंचाया। शंटो ने इस बीच ओटनील बार्टमैन पर पारी का पहला छक्का भी जड़ा जबकि लिटन ने मार्को यानसेन पर चौके से खाता खोला। लिटन हालांकि नौ रन बनाने के बाद केशव महाराज की पहली ही गेंद पर मिलर को कैच दे बैठे।

ओमान पर बड़ी जीत से ग्रुप बी में शीर्ष पर पहुंचा स्कॉटलैंड

नॉर्थ साउंड। ब्रैंडन मैकमुलेन के नाबाद अर्धशतक की मदद से स्कॉटलैंड ने टी20 विश्व कप में ओमान को 41 गेंद शेष रहते हुए सात विकेट से हराकर ग्रुप बी में शीर्ष स्थान हासिल कर लिया। ओमान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 150 रन बनाए। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज प्रतीक अठवाले ने 54 और अयान खान नाबाद 41 रन का योगदान दिया। स्कॉटलैंड की तरफ से सैफियान शरीफ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 40 रन दे कर दो विकेट लिए। स्कॉटलैंड ने 13.1 ओवर में तीन विकेट पर 153 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। उसकी जीत के नायक मैकमुलेन रहे जिन्होंने 31 गेंद पर नाबाद 61 रन बनाए जिसमें नौ चौके और दो छक्के शामिल हैं। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज जॉर्ज मुंशे ने 20 गेंद पर दो चौकों और चार छक्कों की मदद से 41 रन बनाकर स्कॉटलैंड को आक्रामक शुरूआत दिलाई।

चैंपियंस ट्रॉफी 2025

लाहौर में खेला जा सकता है भारत-पाकिस्तान मुकाबला

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की संभावित मेजबानी के तहत पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने टूर्नामेंट की रूपरेखा तैयार कर इसका शुरुआती प्रस्ताव इंटरनेशन क्रिकेट काउंसिल को भेज दिया है। टूर्नामेंट में 20 दिनों में 8 टीमों के बीच कुल 15 मैच खेले जाएंगे। प्रस्ताव के अनुसार, लीग मैचों में आखिरी मुकाबला भारत और पाकिस्तान के बीच खेला जाएगा। इसका आयोजन लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में करने की योजना है। पीसीबी का मानना है कि लाहौर, भारत के बिल्कुल करीब है और टूर्नामेंट के दौरान भारतीय टीम को यात्रा नहीं करनी पड़ेगी। इससे उसकी सुरक्षा चिंता कम होगी। हालांकि आईसीसी ने अभी इस प्रस्ताव को मंजूरी नहीं दी है।

कैसा होगा टूर्नामेंट का कार्यक्रम?

प्रस्ताव के अनुसार, टूर्नामेंट का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक किया जा सकता है। इसके तहत लाहौर में 7, रावलपिंडी में 5 और कराची में 3 मैच खेले जाएंगे। उद्घाटन मैच कराची में और फाइनल मुकाबला लाहौर में खेला जाएगा। भारतीय क्रिकेट टीम के सभी मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

भारत के पाकिस्तान पर जाने पर बना हुआ संशय

इस योजना के बाद भी भारत के अभी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान जाने को लेकर संशय बना हुआ है। इसका कारण दोनों देशों के बीच तनाव और पिछले साल एशिया कप के लिए भारत द्वारा पाकिस्तान जाने से इनकार करना है। यदि भारत सरकार टीम भेजने से इनकार करती है तो एशिया कप 2023 की तरह भारत के मैच अन्य स्थान पर आयोजित हो सकते हैं।

प्रो लीग में हमने शानदार जज्बा और टीमवर्क दिखाया : हरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने सोमवार को कहा कि उनके खिलाड़ियों ने एफआईएच प्रो लीग के मैचों में शानदार जज्बे और टीमवर्क का नमूना पेश किया तथा पेरिस ओलंपिक से पहले उन्हें अच्छी सीख मिली। टूर्नामेंट में अर्जेंटीना, ऑस्ट्रेलिया, बेल्जियम, भारत, नीदरलैंड, जर्मनी, ग्रेट ब्रिटेन, स्पेन और आयरलैंड सहित नौ टीमों ने भाग लिया।

भारत ने 16 मैचों में हासिल किए 24 अंक : भारत ने 16 मैच में 24 अंक लेकर प्रो लीग में अपने अभियान का समापन किया। उसने 5 मैच जीते लेकिन

इतने ही मैच में उसे हार का सामना करना पड़ा। उसने पेनल्टी शूटआउट में तीन मैच जीते लेकिन इतने ही मैच में उसे हार भी झेलनी पड़ी। भारतीय टीम अंक तालिका में अभी चौथे स्थान पर है।

सिनर पहली बार रैंकिंग में शीर्ष पर

एटीपी रैंकिंग में जोकोविच को हटाकर हासिल किया स्थान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

इटली के यानिक सिनर ने जारी एटीपी रैंकिंग में चोटिल नोवाक जोकोविच को हटाकर पहली बार शीर्ष स्थान हासिल किया। सिनर एक पायदान के फायदे से पहले नंबर पर पहुंचे। इस तरह 22 साल के सिनर 1973 में शुरू हुई कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग के बाद पहले नंबर पर काबिज होने वाले इटली के पहले खिलाड़ी हैं। उन्हें एक जुलाई से शुरू होने वाले विम्बलडन में शीर्ष वरीयता मिलेगी। सिनर ने इस सत्र में तीन खिताब जीते

जिसमें जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब भी शामिल है। कार्लोस अल्काराज तीसरे ग्रैंडस्लैम की बदौलत रैंकिंग में दूसरे नंबर पर पहुंचे जबकि जोकोविच तीसरे और एलेक्जैंडर ज्वेरेव चौथे स्थान पर हैं। अल्काराज ने रविवार को ज्वेरेव को हराकर फ्रेंच ओपन खिताब जीता था।

टी-20 विश्व कपः पाक को जीत का इंतजार कनाडा से भिड़ंत आज

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2024 के 22वें मैच में पाकिस्तान क्रिकेट टीम का सामना कनाडा क्रिकेट टीम से 11 जून को नसाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में होगा। पाकिस्तान को अपने शुरुआती 2 मैचों में हार मिली है और अब बाबर आजम के नेतृत्व वाली टीम अपनी पहली जीत दर्ज करना चाहेगी। सुपर-8 की दौड़ में बने रहने के लिए पाकिस्तान को जीत बेहद जरूरी है। पाकिस्तान और कनाडा के बीच होने वाला यह मैच 11 जून को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच को भारतीय समयानुसार रात 8 बजे से स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क और डिज्नी+ हॉटस्टार ऐप पर लाइव देखा जा सकता है। पाकिस्तान को अपने पिछले मैच में भारतीय क्रिकेट टीम के विरुद्ध 6 रन से शिकस्त मिली थी। उस मैच में पाकिस्तानी टीम जीत के लिए मिले सिर्फ 120 रन के लक्ष्य को हासिल नहीं कर सकी थी। अब जीत के लिए महत्वपूर्ण मैच में पाकिस्तान अपने बल्लेबाजों से बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद करेगी। कनाडा की टीम ने अपने पिछले मैच में आयरलैंड क्रिकेट टीम को शिकस्त दी है। उस मैच में आरोन जॉनसन और नवनीत धालीवाल सस्ते में आउट हुए थे।

फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच रात 9.15 बजे से

छेत्री के बिना कतर के खिलाफ आज मैच में उतरेगी भारतीय टीम

एजेंसी ▶▶| दोहा

करिश्माई स्ट्राइकर सुनील छेत्री के संन्यास लेने के बाद बदलाव के दौर में प्रवेश कर चुकी भारतीय फुटबॉल टीम की पहली परीक्षा फीफा विश्व कप क्वालीफाइंग मैच में मंगलवार को यहां कतर जैसी मजबूत टीम के खिलाफ होगी। मैच भारतीय समयानुसार रात 9.15 बजे शुरू होगा।

भारतीय टीम का नेतृत्व 32 वर्षीय गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू करेंगे जिन्होंने अभी तक 72 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं तथा छेत्री के संन्यास लेने के बाद 23 सदस्यीय टीम में सबसे अनुभवी खिलाड़ी हैं। छेत्री ने पिछले सप्ताह कोलकाता में कुवैत के खिलाफ अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच खेला था। यह मैच गोल रहित ड्रॉ पर समाप्त हुआ था।

अंकतालिका में भारत अभी दूसरे नंबर पर

ज्ञात हो कि भारत अभी पांच अंक लेकर तालिका में दूसरे स्थान पर बना हुआ है और उसका गोल अंतर -3 है। अफगानिस्तान तीसरे स्थान पर है और उसका गोल अंतर -10 है। कतर ग्रुप के विजेता के रूप में पहले ही तीसरे दौर में अपनी जगह सुरक्षित कर चुका है। यही वजह है कि भारत के खिलाफ मैच के लिए उसने युवा टीम का चयन किया है। भारतीय टीम अगर हार जाती है तो विश्वकप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में नहीं पहुंच पाएगी लेकिन अगर वह जीत हासिल करने में सफल रहती है तो विश्व कप के क्वालीफायर में आगे बढ़ने की मजबूत स्थिति में होगी और उसे एशिया कप में भी सीधा प्रवेश मिल जाएगा।

कतर के खिलाफ होगी कड़ी परीक्षा

भारतीय टीम की दो बार के एशियाई चैंपियन कतर के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी। भारत को इस मैच में हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। टीम इस बात को अच्छी तरह से समझती है कि इस मैच में पराजय मिलने पर उसकी विश्व कप क्वालीफायर्स के तीसरे दौर में जगह बनाने की उम्मीद समाप्त हो जाएगी।

अगर ड्रा हुआ मैच तो बनेगी ऐसी स्थिति

भारत अगर कतर से ड्रॉ खेलता है तो वह तभी तीसरे दौर में जगह बना पाएगा जबकि इसी दिन कुवैत सिटी में होने वाला अफगानिस्तान और कुवैत का मैच भी ड्रॉ रहे। ऐसे में भारत 6 अंक लेकर दूसरे स्थान पर रहेगा। अफगानिस्तान के भी इतने ही अंक रहेंगे लेकिन भारत बेहतर गोल अंतर के कारण दूसरे स्थान पर रहेगा। कुवैत चार अंक लेकर अभी सबसे निचले स्थान पर है लेकिन वह भी भारत और अफगानिस्तान की तरह तीसरे दौर में जगह बनाने की दौड़ में बना हुआ है।

एमसीए के अध्यक्ष काले का दिल का दौरा पड़ने से निधन

मुंबई(भाषा)। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल काले का भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप मैच देखने के बाद न्यूयॉर्क में दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। रविवार को काले सचिव अजिंक्य नाईक और शीर्ष परिषद के सदस्य सूरज सामत सहित अन्य एमसीए अधिकारियों के साथ चिर प्रतिद्वंद्वी टीमों के बीच मैच देखने के लिए नासाउ काउंटी क्रिकेट स्टेडियम में मौजूद थे। टी20 विश्व कप में कमेंटेटर के रूप में अमेरिका में मौजूद भारत और मुंबई के पूर्व क्रिकेटर रवि शास्त्री ने काले को श्रद्धांजलि दी। शास्त्री ने 'एक्स' पर लिखा, ''मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अमोल काले के निधन से गहरा दुख हुआ। खेल के प्रति उनका जुनून और इसके विकास के

प्रति अटूट समर्पण क्रिकेट समुदाय में एक शून्य छोड़ गया है। उनके परिवार, दोस्तों और सहकर्मियों के प्रति हार्दिक संवेदना।" महाराष्ट्र के राजनेता और एमसीए की शीर्ष परिषद के सदस्यों में से एक जितेंद्र अव्हाड ने लिखा, ''मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अमोल काले के निधन की दुखद खबर सुनी।

दिव्या देशमुख की बढ़त बरकरार

गांधीनगर(भाषा)। अंतरराष्ट्रीय मास्टर दिव्या देशमुख ने सोमवार को यहां विश्व जूनियर शतरंज चैंपियनशिप के लड़कियों के वर्ग के आठवें दौर में रूस की नोर्मन सेनिया को हराकर आधा अंक की अपनी बढ़त बरकरार रखी। आठ बाजियों में छह जीत और दो ड्रॉ से दिव्या के संभावित आठ में से सात अंक हो गए हैं। उन्होंने अपनी निकटतम प्रतिद्वंद्वियों आर्मेनिया की मरियम मक्रतच्यान और हमवतन रक्षिता रवि पर आधे अंक की बढ़त बना रखी है। रक्षिता ने कजाखस्तान की अयाअुलिम कालदरोवा को हराया। ओपन वर्ग में भारत की उम्मीदों को झटका लगा जब उसके शीर्ष खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर प्रणव आनंद को कोलंबिया के जोस गैब्रिएल कारडोसो के खिलाफ शिकस्त झेलनी पड़ी।

आदित्य एल-1 की नई कामयाबी, सूर्य की ज्वालाओं को किया कैद, भेजी तस्वीरें

सौर मिशन में इसरो को मिली अहम कामयाबी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

2 सितंबर 2023 को अंतरिक्ष यान पीएसएलवी-सी 57 से आदित्य एल-1 का सफल प्रक्षेपण किया गया था। इतने दिनों बाद आदित्य-एल-1 मिशन ने एक और कामयाबी हासिल की है।

मिशन के एसयूआईटी और वीईएलसी उपकरणों ने मई के दौरान सूर्य की गतिशील गतिविधियों को कैद किया है, तस्वीरें भेजी है।

मिशन के एसयूआईटी और वीईएलसी उपकरणों ने मई के दौरान आदित्य एल1 ने कैद की सूर्य की गतिविधियां





सूरज में उठे सौर तूफान को कैमरे में किया कैद

सोमवार को इसरो ने आदित्य एल वन की तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि कोरोनल मास इजेक्शन से जुड़ी कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स दर्ज की गईं, जिससे महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफान पैदा हुए। आदित्य एल वन सूरज में हो रही हर हलचल पर नजर रख रहा है। इसी क्रम में सूरज में उठे सौर तूफान को भी अपने कैमरे में कैद किया है।

2 सितंबर 2023 को किया गया लॉन्च

उल्लेखनीय है कि भारत का पहला सोलर मिशन 'आदित्य एल 1' छह जनवरी को एल 1 पॉइंट की हेलो ऑर्बिट पर पहुंचा दिया गया था। यान को पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर सूर्य-पृथ्वी प्रणाली के 'लैग्रेंज प्वाइंट 1' (एल 1) के आसपास एक प्रभामंडल कक्षा में स्थापित किया गया है। इस मिशन को पिछले साल 2 सितंबर को आंध्र प्रदेश के श्रीहरिकोटा से लॉन्च किया गया था।

बड़ा भू चुंबकीय तूफान आया

इसरो ने कहा कि कोरोनल मास इजेक्शन (सीएमई) से जुड़ी कई एक्स-क्लास और एम-क्लास फ्लेयर्स दर्ज की गईं, जिससे महत्वपूर्ण भू-चुंबकीय तूफान पैदा हुए। जानकारी के अनुसार सूर्य के एआर 13664 सक्रिय क्षेत्र में 8 से 15 मई के दौरान कई एक्स-श्रेणी और एम-श्रेणी की ज्वालाएं फूटीं, जो 8 और 9 मई के सीएमई से जुड़ी थीं। इनसे 11 मई को एक बड़ा भू-चुंबकीय तूफान पैदा हुआ।

खबर संक्षेप

नवाज की मोदी को बधाई लिखा-उम्मीद लाएं

नई दिल्ली। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने बधाई दी है। शरीफ ने सोशल मीडिया

'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा, तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने पर मोदी जी को मेरी हार्दिक बधाई। चुनावों में आपकी पार्टी की सफलता आपके नेतृत्व में लोगों का भरोसा दिखाती है। शरीफ ने आगे लिखा- आइए हम नफरत की जगह उम्मीद लाएं और दक्षिण एशिया के दो अरब (200 करोड़) लोगों की किस्मत को बदलें। इससे पहले पाकिस्तान के पीएम शहबाज ने नरेंद्र मोदी को चुनावी नतीजों के 6 दिन बाद बधाई दी थी।

इजराइल वार कैबिनेट के सदस्य गैंट्ज ने इस्तीफा दिया

तेल अवीव। इजराइल की नेतन्याहू सरकार को रविवार को बड़ा झटका लगा है। 3 सदस्यों वाली वॉर कैबिनेट के मुख्य सदस्य

बेनी गैंट्ज ने इस्तीफा दे दिया है। अलजजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक गैंट्ज के इस्तीफे की वजह गाजा युद्ध में होस्टेज (युद्ध बंधक) डील को लेकर पीएम नेतन्याहू का रवैया है। गैंट्ज का यह फैसला ऐसे समय में आया है जब इजराइल और हमास के बीच चल रही जंग को 8 महीने हो चुके हैं, एक टीवी चैनल पर अपना फैसला सुनाते हुए गैंट्ज ने कहा- नेतन्याहू की वजह से हम हमास का खात्मा नहीं कर पा रहे हैं।

पाक से आतंकवाद को खत्म करके ही अब लेंगे दम

इस्लामाबाद। जो देश दुनियाभर में आतंकवाद को बढ़ावा देने के लिए



बदनाम हो वो आतंकवाद के खिलाफ किस तरह की लड़ाई लड़ेगा यह समझना मुश्किल नहीं है। अब जब पाकिस्तान में आतंकी संगठन लगातार सक्रिय हैं और हमला कर रहे हैं तो ऐसे में पाक सरकार परेशान हो उठी है।
पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने मुल्क से 'आतंकवाद को खत्म' करने का संकल्प लिया है। शहबाज शरीफ का यह संकल्प कब और कैसे पूरा होगा।

मोदी ने कनाडा की सरकार के संदेश का जवाब देते हुए उसी की भाषा में करारा जवाब दिया

पीएम मोदी बोले- बेहतर संबंधों के लिए एक दूसरे की चिंताओं पर ध्यान देना बहुत जरूरी

बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए।

भारत सरकार ने कई बार कनाडा की सरकार से कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने की मांग की

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए दुनियाभर से बधाई संदेश मिले। इन बधाई संदेशों में एक संदेश कनाडा की सरकार का भी है।

कनाडा की सरकार ने सोशल मीडिया पर प्रधानमंत्री मोदी को तीसरे कार्यकाल की जीत के लिए बधाई देते हुए कुछ ऐसा कहा, जिसे भारत पर तंज कहा जा सकता है। अब प्रधानमंत्री मोदी ने कनाडा की सरकार के संदेश का जवाब देते हुए उसी की भाषा में करारा जवाब दिया है।



फाइल फोटो

भारत कनाडा के साथ मिलकर काम करने को तैयार

कनाडा के प्रधानमंत्री के ट्वीट का जवाब देते हुए अब प्रधानमंत्री मोदी ने भी उसी भाषा में कनाडा को जवाब दिया है। प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा कि 'भारत, एक दूसरे की चिंताओं के सम्मान के आधार पर कनाडा के साथ मिलकर काम करने के लिए तैयार है।' दरअसल भारत लंबे समय से आरोप लगा रहा है कि कनाडा में खालिस्तानी और कट्टरपंथी गतिविधियां बढ़ रही हैं। भारत सरकार ने कई बार कनाडा की सरकार से कट्टरपंथी तत्वों पर लगाम लगाने की मांग की, लेकिन कनाडा की सरकार ने वोटबैंक की राजनीति के चलते आरोपियों पर कार्रवाई नहीं की। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के ट्वीट को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

कनाडा ने परोक्ष रूप से कसा तंज

दरअसल कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में पीएम मोदी की जीत के लिए बधाई देते हुए लिखा 'कनाडा की सरकार, भारत के साथ अपने संबंधों को बेहतर करने के लिए तैयार है और ये संबंध मानवाधिकार, विविधता और कानून के शासन के आधार पर होने चाहिए।' बीते दिनों कनाडा के ब्रिटिश कोलंबिया प्रांत में खालिस्तान आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिस ट्रूडो ने कनाडा की संसद में निज्जर की हत्या का आरोप भारत पर लगाया और कहा कि भारत को कनाडा में कानून के शासन का सम्मान करना चाहिए। हालांकि भारत ने कनाडा को आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया था और बयान के संबंध में सबूत मांगे थे। इस मुद्दे पर भारत और कनाडा के रिश्तों में खटास आ गई थी। जब कनाडा के प्रधानमंत्री ने पीएम मोदी को भेजे बधाई संदेश में कानून के शासन के आधार पर संबधों आगे बढ़ाने की बात कही तो इसे भारत पर तंज कहा जा सकता है।

उग्रवादियों ने घात लगाकर की फायरिंग

मणिपुर में सीएम के काफिले पर किया हमला, दो जवान घायल

उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों के वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की।

एजेंसी ⏭ जिरिबाम

मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के काफ़िले से पहले जाने वाली अग्रिम सुरक्षा टीम पर उग्रवादियों ने हमला किया है। सोमवार को हुए इस हमले में दो जवान घायल हुए हैं। उग्रवादियों ने ये हमला के सिनम गांव के पास घात लगाकर किया, जिस वक्त मुख्यमंत्री का सुरक्षा काफिला हिंसा प्रभावित जिरिबाम जिले की ओर जा रहा था तभी उस पर हमला किया गया। सुरक्षाबलों के वाहनों पर कई गोलियां चलाई गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। पुलिस ने बताया कि काफिला हिंसा प्रभावित जिरीबाम जिले की ओर जा रहा था, तभी राष्ट्रीय राजमार्ग 53 पर कोटलेन गांव के पास सुबह करीब साढ़े दस बजे उस पर हमला हुआ।

तलाशी अभियान शुरू

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सुरक्षा बलों के वाहनों पर कई गोलियां दागी गईं, जिसके बाद सुरक्षा बलों ने भी जवाबी कार्रवाई की। अधिकारी ने बताया कि काफिले के एक वाहन के चालक के दाहिने कंधे पर गोली लगी है और उसे इंफाल के एक अस्पताल में ले जाया गया है। "सुरक्षा बल राज्य की राजधानी से करीब 36 किलोमीटर दूर घात लगाकर किए गए हमले की जगह पर पहुंच गए हैं और बंदूकधारियों का पता लगाने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। सीएम बीरेन सिंह अभी दिल्ली से इंफाल नहीं पहुंचे हैं। वह जिले में स्थिति का जायजा लेने के लिए जिरीबाम जाने की योजना बना रहे थे। संदिग्ध उग्रवादियों ने शनिवार को जिरीबाम में दो पुलिस चौकियों, वन विभाग के कार्यालय और कम से कम 70 मकानों में आग लगा दी थी।

मणिपुर पर आरएसएस प्रमुख का साफ संदेश

डॉ. भागवत बोले- देश में शांति चाहिए जगह-जगह और समाज में कलह नहीं चलता

एजेंसी ⏭ नागपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने मणिपुर

की हिंसा और चुनाव को लेकर बड़ी बातें कही हैं। मणिपुर को लेकर भागवत ने कहा देश में शांति चाहिए। जगह-जगह और समाज में कलह नहीं चलता। एक साल से मणिपुर शांति की राह देख रहा है। उससे पहले 10 साल शांत रहा। पुराना जन कल्चर समाप्त हो गया, ऐसा लगा। अचानक जो कलह वहां उपजी या उपजाई गई उसकी आग में अभी तक जल रहा है। त्राहि त्राहि कर रहा है। उसका ध्यान कौन देगा। प्राथमिकता देकर उसपर विचार करना कर्तव्य है। उन्होंने कहा कि भले घर की महिला शराब पीकर कार चलाती है और लोगों को रौंद देती है। तो हमारी संस्कृति कहां है।

विरोधी की जगह प्रतिपक्ष कहना उचित

डॉ. भागवत ने चुनाव को लेकर कहा कि यह एक सहमित बनाने की प्रक्रिया है। संसद में किसी भी प्रश्न के दोनों पहलू सामने आए इसलिए ऐसी व्यवस्था की गई है। चुनाव प्रचार में जिस प्रकार एक दूसरे को लताड़ना, तकनीक का दुरुपयोग, असत्य का प्रसारित किया जाता है, वह ठीक नहीं है।

चुनाव लड़ने में मर्यादा का पालन नहीं हुआ

चुनाव लड़ने में मर्यादा होती है जिसका पालन नहीं हुआ। देश के सामने चुनौतियां समाप्त नहीं हुई। वही सरकार फिर से आई। पिछले 10 सालों में बहुत कुछ अच्छा हुआ। दुनिया जिस आधार पर आर्थिक स्थिति का मापन करती है. उसके हिसाब से आर्थिक स्थिति सुधरी है। दुनियाभर में देश की प्रतिष्ठा बढ़ी है। कला और संस्कृति के क्षेत्र में हम आगे बढ़ रहे हैं।

आईआईटी कानपुर में हो रहा है विकसित, जल्द होगा एनिमल ट्रायल

विदेशों में मिलने वाले कृत्रिम दिल की कीमत एक करोड़ से अधिक होती है

इंसान से पहले बकरी में धड़केगा कृत्रिम दिल इसका नाम 'हृदयंत्र', 10 लाख में हो रहा 'तैयार'

एजेंसी ⏭ कानपुर

आईआईटी कानपुर में तैयार किए जा रहा कृत्रिम दिल इंसानों से पहले बकरी के सीने में धड़केगा। इस कृत्रिम दिल को 'हृदयंत्र' नाम दिया गया है। जल्द इसका एनिमल ट्रायल शुरू हो जाएगा। यह जानकारी आईआईटी कानपुर के निदेशक प्रो. मणींद्र अग्रवाल ने दी। उन्होंने कहा कि पहले इसे सुअर में लगाए जाने की तैयारी थी, लेकिन अब जल्द ही बकरी में लगाने का प्रयास किया जाएगा। काफी रिसर्च के बाद ही यह तय किया।

अलग खबर

◆ डिवाइस का आकार पाइप की तरह होगा, जिसे दिल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से के बीच जोड़ा जाएगा

टाइटेनियम धातु से यह कृत्रिम दिल विकसित किया जा रहा



हालांकि,जब यह बाजार में आएगा, तब इसकी कीमत में कुछ और इजाफा हो सकता है। प्रो. मणींद्र ने कहा कि इस पर अभी रिसर्च की जा रही है और जल्द ही इसका एनिमल ट्रायल शुरू होगा। उन्होंने कहा कि संस्थान में बनने वाले गंगवाल स्कूल ऑफ मेडिकल साइंस एंड टेक्नोलॉजी का काम भी तेजी से चल रहा है।

कंप्यूटर सिमुलेशन से तैयार किया गया है डिजाइन

डिवाइस का आकार पाइप की तरह होगा, जिसे दिल के एक हिस्से से दूसरे हिस्से के बीच जोड़ा जाएगा। इसकी मदद से ही खून को शरीर में पंप कर धमनियों के सहारे पूरे शरीर में पहुंचाया जाएगा। हृदयंत्र का डिजाइन कंप्यूटर सिमुलेशन से तैयार किया गया है। हृदयंत्र की सतह खून के संपर्क में नहीं आएगी। पंप के अंदर टाइटेनियम पर ऐसे डिजाइनिंग की जाएगी कि वो धमनियों की अंदरूनी सतह की तरह बन जाए। इससे प्लेटलेट्स सक्रिय नहीं होंगे। प्लेटलेट्स सक्रिय होने पर शरीर में खून के थक्के जम सकते हैं। ऑक्सीजन का प्रवाह बढ़ाने वाले रेड ब्लड सेल्स भी नहीं मरेंगे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109